GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-06-2022

गोरखपुर (एसएनबी)। गगहा पुलिस ने गजपुर से पांच महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 लीटर कच्ची शराव, दो किलो नौसादर और कच्ची शराव वनाने के उपकरणों की वरामदगी किए जाने का दावा किया है।

**गजपुर में झोपड़ियां रखकर बना व बेच रही थीं जहरीली कच्ची शराब**

प्रभारी निरीक्षक गगहा संतोष कुमार सिंह ने वताया कि पकड़ी गयी कारोवारी महिलाओं ने पुलिस को अपना नाम पूर्णिमा पत्नी प्रमोद शाही ग्राम मुण्डो थाना लोहरा जिला लोहरदग्गा, सुहरी कुमारी पत्नी सन्तोष उरांव ग्राम नगरा थाना माण्डा जनपद राँची(झारखण्ड), गुंजन पत्नी शिवप्रसाद ग्राम नरौली थाना कैरो जनपद लोहरदग्गा, आरती कुमारी पत्नी अर्जून शाहू ग्राम अमेरा थाना भांडरा जिला लोहरदग्गा, विमला देवी पत्नी दशरथ शाव ग्राम अमेरा थाना भाण्डरा जिला लोहरदग्गा हाल मुकाम गजपुर थाना गगहा जिला गोरखपुर वताया। आरोपित महिलाओं को पुलिस ने दर्ज किए गए मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न

कैम्पियरगंज (एसएनवी) कैम्पियरगंज तहसील सभागार में तहसीलदार नीलम तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 50 प्रार्थना पत्र आये जिसमे 10 प्रार्थना पत्र का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष मामलों को संवंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपकर अविलंव निस्तारण का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस में अधीक्षक डा. भगवान प्रसाद, एसएमआई अर्जुन सिंह, आपूर्ति निरीक्षक विनोद कुमार, कानूनगो माधवेन्द्र सिंह,राजेंद्र लाल श्रीवास्तव, तारा यादव,दिवाकर वर्मा,प्रेमलता,कंचन दुवे,प्रतिमा सहित अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। सोनवरसा चौकी पुलिस ने चोरी की एक वाइक के साथ एक लिफ्टर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम छोटे पासवान (25) पुत्र स्व वहादुर पासवान निवासी गहिरा पासी टोला थाना गगहा वताया। चौकी प्रभारी मदन मोहन मिश्रा ने वताया कि आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं 41, 411, 414 आईपीसी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

नंदा नगर (एसएनबी)। चानमती एजुकेशनल एंड टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टीयूट गायत्री नगर गोरखपुर छावनी के बीएड एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा शुक्रवार शाम को रामगढ़ताल स्थित नौकायन स्थल पर जागरूकता रैली एंव नुक्कड नाटक का आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्लोगन लिखे तख्तियों एंव नुक्कड नाटक के माध्यम से



वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनने, लाल सिंगनल पर रूकने, एम्बुलेंस को अविलंब पास देने, ड्राइव के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल न करने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एसपी ट्रैफिक डॉ.महेन्द्र पाल सिंह ने मौजूद रहकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य वीरेंद्र कुमार राजभर, स्मिता सिंह, ज्योति सिंह, नूतन कुमार, अनिल कुमार, प्रमोद सिंह, श्याममोहन, मुकेश मौर्य, अभिषेक कुमार आदि शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका अदा की।

# अज्ञात उपद्रवियों पर गंभीर धाराओं में केस

गोरखपुर (एसएनबी)। शुक्रवार को पीपीगंज में अग्निपथ योजना के विरोध में हुए उग्र प्रदर्शन के मामले में पीपीगंज पुलिस ने अज्ञात उपद्रवियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह केस उपद्रव के दौरान क्षतिग्रस्त रोडवेज की आगरा फोर्ट डिपो की वस के परिचालक की तहरीर पर दर्ज किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से प्रदर्शनकारी और तोड़फोड़ करने वाले उपद्रवियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने एक उपद्रवी को हिरासत में भी लिया है।

हमारे पीपीगंज प्रतिनिधि के मुताविक शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों द्वारा भगवानपुर में आगरा फोर्ट डिपो की वस को रोककर पथराव किया था जिससे वस क्षतिग्रस्त हो गयी थी। इसके अलावा वस में सवार कुछ यात्रियों को चोटें भी आयी थीं। वस सोनौली से सवारी लेकर गोरखपुर जा रही थी। वस चालक मदन लाल आगरा फोर्ट डिपो के चालक के तहरीर पर अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ अपराध सख्या 136/22 धारा 147, 323, 427, 2/3 सार्वजनिक सम्पति नुकसान अधिनियम 1984 के तहत मकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह ने वताया कि शुक्रवार को एक युवक विडियो वायरल कर शनिवार को भी प्रदर्शन करने का मैसेज वायरल किया था उसे हिरासत में लिया गया है। उपद्रवियों की पहचान कर सभी को जल्द हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस मामले में उपजिलाधिकारी कैम्पियरगंज ने कहा कि उपद्रवियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पीपीगंज में शनिवार को एसपी साउथ, सीओ कैम्पियरगंज की अगुवाई में पीपीगंज चौराहा, पीपीगंज रेलवे स्टेशन, भगवानपुर, प्रभा पिक्चर हाल चौराहा एवं वापू कालेज के पास भारी संख्या में फोर्स मुस्तैद रही। उपजिलाधिकारी पँकज दिक्षित ने कहा कि मुख्य युवकों को चिन्हित किया गया है। केवल कुछ ही युवक अन्य युवकों भड़काए है। पुलिस की पैनी नज़र ऐसे लोगों पर है। उन्होंने कहा कि शनिवार को कोई भी उपद्रवी युवक पूरे क्षेत्र में दिखाई नहीं दिया। शांति वनी रही।

अग्निपथ योजना को लेकर पीपीगंज में शुक्रवार को युवाओं ने किया था उपद्रव

बस चालक की तहरीर पर पीपीगंज पुलिस ने दर्ज किया केस

सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से उपद्रवी प्रदर्शनकारियों की पुलिस कर रही तलाश

प्रदर्शन का वीडियो मैसेज वायरल करने का आरोपित युवक गिरफ्तार

# अग्निपथ के विरोध को लेकर अलर्ट, गश्त पर रहे अफसर

गोरखपुर (एसएनबी)। अग्निपथ योजना को लेकर चल रहे युवाओं के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेलवे स्टेशन, गोरखपुर, रोडवेज बस स्टैंड पर पुलिस लगातार भ्रमण कर रही है। वहीं एसएसपी, एसपी समेत जिला पुलिस एवं प्रशासन के अफसर की चक्रमण कर स्थिति पर लगातार नजर बनाए हैं।

शनिवार को वाट्सएप ग्रुप पर प्रदर्शन की अपील वायरल होने के बाद मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। इसको लेकर एक ओर एहतियाती कदम उठाते हुए सेना भर्ती की तैयारी से जुड़े युवाओं को समझाया जा रहा है वहीं सड़कों पर फोर्स को उतारकर कड़ा संदेश देने की भी कोशिश है। थानेदारों के साथ ही पुलिस अधिकारी भी उन जगहों पर जा रहे हैं जहां सेना भर्ती के लिए युवा तैयारी करते हैं। युवाओं को बता रहे हैं कि वह प्रदर्शन में अपना वक्त जाया न करें। यह भी हिदायत दी जा रही है कि प्रदर्शन और तोड़फोड़ में अगर उनका नाम आया तो उनके लिए भर्ती का रास्ता पूरी तरह से बन्द हो जायेगा। सोशल मीडिया ग्रपों पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है।

**रेलवे स्टेशन रोड, बस स्टेशन, पीपीगंज सहित अन्य स्थलों पर पुलिस ने की गश्त**

**सोशल मीडिया ग्रुप्स पर वारयल मैसेज पर रखी जा रही कड़ी नजर**

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शहरी इलाके में लोको मैदान सहित अन्य जगहों पर भ्रमण कर युवकों को समझाया। वहीं दूसरी तरफ एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने पीपीगंज, कैंपियरगंज, पिपराइच, झंगहा, चौरीचौरा, गुलरिहा और चिलुआताल इलाके के थानेदारों को अलर्ट किया। गोरखपुर के दक्षिणांचल इलाके की जिम्मेदारी एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने संभाल लिया है। पुलिस प्रशासन की कोशिश है कि आज किसी भी तरह की हिंसा के मामले सामने नहीं आए।

# शान्ति ब्यवस्था एवं अतिक्रमण को लेकर कैम्पियरगंज पुलिस ने किया पैदल मार्च

कैम्पियरगंज (एसएनबी)। स्थानीय थाना मुख्यालय स्थित नगर पंचायत चौमुखा (कैम्पियरगंज) के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को देर शाम प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह एवं एस एस आई राकेश कुमार सिंह ने शान्ति व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस वल के साथ पैदल मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह एवं एस एस आई राकेश कुमार सिंह ने मुख्यमार्ग के दोनों तरफ पटरियों पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सड़क मार्ग की पटरियों पर पुनः अतिक्रमण मिलेगा तो पुलिस सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित करने को वाध्य होगी।



उन्होंने छोटे वड़े व्यापारियो से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने अतिक्रमण को तत्काल हटाने को कहा। पैदल मार्च के दौरान यस यस आई राकेश सिंह एस आई अतुल कुमार तिवारी,सुरेश यादव, शैलेन्द्र कुमार, राघवेन्द्र पाल, मधुरेश त्रिवेदी, वीट अधिकारी अभय प्रताप सिंह, उत्कर्ष यादव सहित दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# उपद्रव रोकने के लिए स्टेशन पर फ्लैग मार्च

गोरखपुर (एसएनबी)। सेना में भर्ती योजना अग्निपथ को लेकर देश में हो रहे उपद्रव को देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ गोरखपुर के अफसर और जवान अलर्ट पर रहे। दोनों ही सुरक्षा एजेंसियों के जवानों ने अपने अफसरों की निगरानी में रेलवे जंक्शन समेत अगल बगल के छह अन्य रेलवे स्टेशनों पर शनिवार को फ्लैग मार्च किया। जिसके कारण इन सात जगहों पर कोई भी उपद्रव नहीं हो सका।

**गोरखपुर जंक्शन समेत सात स्टेशनों पर रही विशेष चौकसी**

रेलवे सुरक्षा वल के सहायक सुरक्षा आयुक्त रविशंकर सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को जीआरपी इंस्पेक्टर उपेंद्र श्रीवास्तव व रेलवे सुरक्षा के इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा की देखरेख में फोर्स ने रेलवे स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया, वाशिंग पिट, यार्ड, कोल्ड वास व प्लेटफार्मों पर फ्लैग मार्च किया गया। संदिग्ध दिखने वाले युवकों से इस दौरान पूछताछ की गयी। इसके अलावा डोमिनगढ़ रेलवे स्टेशन, सहजनवा, जगतवेला, नकहा, गोरखपुर छावनी आदि स्टेशनों पर विशेष फोर्स लगाकर चौकसी वरती जा रही है। अफसरों ने यहां तैनात फोर्स के जवानों को विशेष हिदायत दी है कि कोई भी व्यक्ति यदि संदिग्ध दिखता है तो उससे पूछताछ और करें। अलर्ट रहें जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे।

# 2 दिवसीय दौरे पर आज आएंगे सीएम योगी

**GORAKHPUR (18 June):** सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर रविवार को दोपहर बाद गोरखपुर आएंगे. सीएम विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कर सकते हैं. गोरखनाथ मंदिर में रात्रि विश्राम करने के बाद सोमवार को लखनऊ रवाना होंगे. सीएम आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव मे जनसभा को संबोधित करने के बाद गोरखपुर आ सकते हैं. सीएम एनेक्सी सभागार या गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं. अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन नियंत्रित करने को लेकर किए गए उपायों पर भी चर्चा की जाएगी. महानगर को जलभराव से मुक्त रखने को लेकर किए गए उपायों की भी समीक्षा होगी. सीएम मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे और सोमवार की सुबह जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के बाद लखनऊ के लिए रवाना होंगे.



# गोरखपुर में न बढ़े 'अग्निपथ' तड़के सड़क पर उतरी पुलिस

### शनिवार को भी अग्निपथ का युवाओं ने किया विरोध

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (18 June):** अग्निपथ योजना के विरोध में शनिवार को भी जिले में जगह-जगह प्रदर्शन हुआ. गुलरिहा के भटहट में छात्रों ने करीब एक घंटे तक सड़क जाम की और और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. साथ ही सड़क पर ही वर्जिश की. शनिवार को पुलिस की तैयारी का भी असर साफ देखने को मिला. पुलिस हर चौराहे पर मुस्तैद रही.

भटहट कस्बे में पटेल इंटर कॉलेज के प्रांगण में दोपहर में 12 की संख्या में छात्र इकट्ठा हो गए. वहां से हाथ में तिरंगा लिए हुए नारेबाजी करते हुए गोरखपुर महराजगंज फोरलेन पर पहुंच गए. वहां वे लोग पुरानी पेंशन वापस लो, भारत माता की जय, इण्डियन आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाने लगे. इसके बाद छात्रों ने सड़क जाम कर दी. आधे घंटे जाम के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने छात्रों को मना लिया और जाम खत्म करा दिया.



वर्जिश कर युवाओं ने जताया विरोध.

## भोर में निकले एसएसपी

जिले की पुलिस शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार को भोर से ही मुस्तैद रही. सुबह 3 बजे से ही पुलिस रेलवे स्टेशनों, छात्रों की तैयारी स्थलों, सड़कों और जरूरी चौराहों पर खड़ी रही. खुद एसएसपी डॉ विपिन ताडा भी भोर में 4 बजे से छात्रों से मिलने निकल पड़े. वे छात्रों से मिलकर ज्ञापन लेने लगे और सरकार तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया. कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने रोडवेज और रेलवे स्टेशन का पीएसी के साथ भ्रमण किया. इसी प्रकार सीओ चौरीचौरा अखिलानंद उपाध्याय जीआरपी के साथ चौरीचौरा रेलवे स्टेशन और चौराहे पर मुस्तैद रहे. इसके अलावा शुक्रवार को जहां बवाल हुआ था. वहां पीपीगंज में शनिवार को एसपी नार्थ मनोज अवस्थी भ्रमण करते रहे.

## सरकार तक पहुंचाएंगे बात

एसएसपी के निर्देश पर शनिवार की भोर से उरुवा सहित सभी थानों और चौकियों पर तैनात हल्का सिपाही, हल्का दरोगा भ्रमण करते नजर आए, खासकर उन जगहों पर भी जहां ज्यादातर बच्चे भोर में तैयारी करने और वर्जिश करने आते हैं. पुलिस ने एक रजिस्टर में उनका नाम, पता और नंबर नोट किया. साथ ही उन्हें अग्निपथ योजना के बारे में बताया.

## अफवाह फैलाकर प्रदर्शन

वहीं सामने आया है कि व्हाटसएप ग्रुप और सोशल मीडिया पर आंदोलन, चक्का जाम करने और आत्महत्या करने तक को गलत मैसेज प्रचारित कर आंदोलन को उग्र बनाया जा रहा है. इसी का नतीजा रहा कि शुक्रवार को पीपीगंज और बांसगांव में तोड़फोड़ हुई. शनिवार को भी खोराबार के माड़ापार में चक्का जाम की तैयारी थी, लेकिन पुलिस के हाथ वह मैसेज लग गया और वह मुस्तैद हो गई, जिससे उपद्रवी नहीं आए और सब शांत रहा.

## अफवाह फैलाने वालों तक पहुंचे

वहीं, पुलिस की मानें तो वह इस तरह की अफवाह फैलाने वालों तक पहुंच गई है. उनकी कुछ और पुष्टि करनी बाकी है. वहीं साइबर सेल सोशल मीडिया अकाउंट पर भी नजर बनाए हुए है. इसके अलावा पुलिस पीपीगंज और बांसगांव मामले में कुछ उपद्रवियों की पहचान भी सीसीटीवी फुटेज से कर चुकी है. जल्द ही अज्ञात के जगह पर विवेचना में मुकदमे में उनका नाम लाया जाएगा.

## 1050 छात्रों से किया संपर्क

पुलिस ने शनिवार भोर से रात तक करीब 1050 छात्रों से संपर्क कर उनका नाम, नंबर और पता नोट कर लिया है, जो सेना भर्ती की तैयारी में जुटे है. वहीं पुलिस के सामने बड़ी चुनौती यह थी कि छात्रों के बवाल को रोकने, उन्हें समझाने के लिए उनका कोई एक नेता नहीं था. साथ ही पुलिस के पास कोई आंकड़ा नहीं था कि जिले में कहां कहां के कितने बच्चे तैयारी कर रहे है.



**"तैयारी करने वाले युवाओं से मैं खुद और जिला पुलिस संपर्क कर रही है. उनसे कहा जा रहा है कि आप ज्ञापन दीजिए. कानून हाथ में मत लीजिए. कुछ जगहों पर अराजक तत्वों की ओर से अफवाह फैलाकर बवाल कराने की कोशिश की गई. उन्हें चिन्हित किया जा रहा है.**

**डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी गोरखपुर

# जिले में 15 अगस्त तक धारा 144 लागू

GORAKHPUR: आने वाले समय में विभिन्न परीक्षाओं एवं त्योहारों के दृष्टिगत जिले के ग्रामीण परिसीमा क्षेत्र से संबंधित थाना क्षेत्रों में भी 15 अगस्त 2022 तक धारा 144 लागू की गई है. अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है. शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# कौड़ीराम में अतिक्रमणकारियों को नोटिस

KAUDIRAM: ऑपरेशन क्लीन के तहत तहसील प्रशासन ने कौड़ीराम कस्बे में पीडब्ल्यूडी को सड़कों का सीमांकन कराकर जिन 354 अवैध निर्माणों को चिन्हित किया गया था, शनिवार को अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजकर क्रियान्वयन शुरू कर दिया गया. इस संबंध में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता राजेश कुमार का कहना है कि सभी चिन्हित 354 लोगों को नोटिस दी जा रही है.

# अग्निवीरों को मिलेगा रिजर्वेशन

newsroom@inext.co.in

देश के अलग-अलग राज्यों में अग्निपथ के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन तेज हो गए है. इस बीच डिफेंस मिनिस्ट्री ने भी अग्निवीरों को अपने मंत्रालय में होने वाली भर्तियों में 10 परसेंट आरक्षण देने का ऐलान किया है. डिफेंस मिनिस्ट्री के इंडियन कोस्ट गार्ड और डिफेंस सिविलियन पोस्ट के साथ डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग की 16 कंपनियों में भी नियुक्तियों में आरक्षण मिलेगा. इससे पहले होम मिनिस्ट्री ने भी सुबह अग्निवीरों के लिए सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और असम राइफल्स में भर्ती के लिए 10 परसेंट आरक्षण देने का फैसला लिया है. इन्हें एज लिमिट में भी 3 से 5 साल की राहत देने का ऐलान किया गया है.

## सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेज में भी 10% आरक्षण

होम मिनिस्ट्री ने अग्निवीरों के लिए सीएपीएफ और असम राइफल्स में भर्ती के लिए 10 परसेंट आरक्षण देने का फैसला लिया है. दो बलों में भर्ती के लिए अग्निवीरों को ऊपरी आयु सीमा से 3 वर्ष की छूट दी गई. पहले बैच के लिए अधिकतम आयु सीमा से 5 वर्ष की छूट होगी.

## कहां-कहां मिलेगा मौका?

- डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडर टेकिंग की 16 कंपनियों में भी आरक्षण
- एमपी पुलिस भर्ती में ऐसे नौजवानों को तरजीह मिलेगी
- असम राइफल्स की नौकरी में 10 परसेंट आरक्षण मिलेगा
- एज लिमिट में भी 3 से 5 साल की राहत देने का ऐलान
- केंद्र सरकार के अधीन विभिन्न विभागों की नियुक्ति में युवाओं को तवज्जो
- ग्रेजुएशन के बाद ये अग्निवीर सिविल सर्विसेज के लिए भी योग्य होंगे

# जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने में जुटे रहे नागरिक सुरक्षा कोर के वार्डन

गोरखपुर। नागरिक सुरक्षा वार्डन शुक्रवार को जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने में पुलिस एवं प्रशासन की मदद मे दिन भर जुटे रहे। नागरिक सुरक्षा के चीफ वार्डन डॉ. संजीव गुलाटी के नेतृत्व में नागरिक सुरक्षा के स्टाफ आफिसर टू चीफ वार्डेन सुरेश गुप्ता, डिप्टी डिविजनल वार्डन मुर्तुजा आलम, आईसीओ कुमार आदर्श आनंद, मनोज गुप्ता, पोस्ट वार्डेन जितेंद्र श्रीवास्तव, डा.अमरनाथ जायसवाल, सेक्टर वार्डन ज्ञानेंद्र ने शहर की विभिन्न मस्जिदों पर ड्यूटी पर मुस्तैद वार्डेनों का मनोबल बढ़ाया।

# एसडीएम व सीओ ने किया फ्लैग मार्च

चौरीचौरा। एसडीएम रजत वर्मा एवं सीओ अखिलानंद उपाध्याय ने शनिवार सुबह अग्निपथ को लेकर चल रहे बवाल के मद्देनजर चौरीचौरा व सरदारनगर रेलवे स्टेशन पर फ्लैग मार्च किया। एसडीएम ने कहा कि युवा किसी के बहकावे में मत आए। किसी के उकसावे में आने से राष्ट्र की संपत्ति को नुकसान न करें। एसडीएम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अग्निपथ भर्ती को लेकर हो रहे हिंसा के मद्देनजर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील अपील। फ्लैग मार्च में प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा मनोज कुमार पाण्डेय व पुलिस फोर्स लगी रही।

# कौड़ीराम में अफसरों ने किया पैदल मार्च

कौड़ीराम। अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए शनिवार को बांसगांव एसडीएम दुर्गविजय सिंह ने कौड़ीराम चौकी इंचार्ज इत्यानंद पाण्डेय समेत भारी पुलिस बल के साथ कौड़ीराम कस्बे में पैदल मार्च किया। उन्होंने बांसगांव रोड, बड़हलगंज रोड और गोरखपुर रोड पर पैदल भ्रमण कर लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

किसी सम्भावित उपद्रव को रोकने के लिए कौड़ीराम कस्बे में गगहा पुलिस भी हाई अलर्ट मोड पर रही। पुलिस का एक दस्ता कस्बे के गजपुर मोड़ पर मुस्तैद रहा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बांसगांव पुलिस, कौड़ीराम चौकी पुलिस, गजपुर चौकी और सोहगौरा चौकी पुलिस लगातार गश्त कर रही है। पुलिस प्रमुख लोगों संग सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे नौजवानों से संवाद स्थापित कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश में जुटी रही।

अग्निपथ मामले पर आंदोलन से ट्रेनों के संचलन पर गहराया संकट, लगातार ट्रेनों के निरस्त होने से यात्रियों की मुश्किल बढ़ी

# गोरखपुर से गुजरने वाली 44 ट्रेनों समेत 90 रद्द

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अग्निपथ मामले को लेकर देशभर में हिंसा और आंदोलन का असर तीसरे दिन भी ट्रेनों के संचलन पर पड़ा। तीसरे दिन 90 ट्रेनें निरस्त कर कर दी गई। इनमें से 44 ट्रेनें गोरखपुर के रास्ते से होकर जाने वाली शामिल हैं। लगातार ट्रेनों के निरस्त होने से यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अग्निपथ योजना के विरोध में बिहार में चल रहे आंदोलन की वजह से 18 जून को 90 ट्रेनें निरस्त हुई हैं। इनमें 44 ट्रेनें गोरखपुर के रास्ते होकर गुजरने वाली शामिल हैं। निरस्त होने वाली ट्रेनों में 32 एक्सप्रेस, 4 स्पेशल और 8 पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं।

सहरसा से दिल्ली जाने वाली वैशाली एक्सप्रेस के लगातार दूसरे दिन निरस्त होने से यात्री काफी परेशान हुए। सप्तक्रांति और बिहार की तरफ से आने वाली दूसरी ट्रेनों को रास्ते में ही रोक दिए जाने से यात्रियों का गुस्सा भी भड़क उठा। शनिवार को शाम चार बजे यात्रियों को वैशाली एक्सप्रेस के निरस्त होने की जानकारी मिली तो वह आग-बबूला हो गए। गाजियाबाद जाने वाले मनीष तिवारी ने बताया कि बड़ी मशक्कत से सीट मिली थी। अचानक से ट्रेन निरस्त हो गई। अब कहां से कंफर्म बर्थ लाएं। नई दिल्ली तक जाने वाले आकाश शर्मा ने बताया कि तत्काल कोटे से बर्थ मिला था। अब पता नहीं फिर मिलेगी भी या नहीं।



ट्रेनें निरस्त होने के कारण शनिवार को रेलवे स्टेशन पर बैठे यात्री।

## रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर अलर्ट, गश्त

सुबह खेल मैदान में समय बिताने के बाद पुलिस कर्मियों ने दोपहर में बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन रोड पर पैदल गश्त किया। वहीं विभिन्न हाईवे और फोरलेन पर भी पुलिस अलर्ट रही और पूरे दिन गश्त करती रही। स्थानीय नेटवर्क, मुखबिर तंत्र को भी पुलिस ने सक्रिय किया था।

## टिकट निरस्त कराने में छूटा यात्रियों को पसीना

ट्रेन के निरस्त हो जाने से काउंटर से टिकट लेने वाले यात्रियों को लाइन में लगकर टिकट निरस्त कराना पड़ा। यात्रियों को आधे से सवा घंटे तक लाइन में लगना पड़ा। शाम 7.30 बजे तक 678 यात्रियों ने बर्थ निरस्त कराई। इन्हें 3.82 लाख रुपये किराए के रूप में वापस किया गया।

## ये 32 एक्सप्रेस ट्रेनें निरस्त

- 15050 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस
- 12528 गोरखपुर-हटिया एक्सप्रेस
- 12530 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र
- 12529 पाटलीपुत्र-लखनऊ एक्सप्रेस
- 15105 छपरा-नौतनवा एक्सप्रेस
- 15106 नौतनवा-छपरा एक्सप्रेस
- 15111 छपरा-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस
- 15112 वाराणसी सिटी-छपरा एक्सप्रेस
- 15103 गोरखपुर-बनारस एक्सप्रेस
- 15104 बनारस-गोरखपुर एक्सप्रेस
- 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस
- 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस
- 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस
- 15273 रक्सौल-आनन्द विहार
- 11062 जयनगर-एलटीटी
- 14005 सीतामढ़ी-आनन्द विहार
- 14007 रक्सौल-आनन्द विहार
- 12561 जयनगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस
- 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस
- 15274 आनन्द विहार -रक्सौल
- 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस
- 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार
- 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस
- 19038 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस
- 15203 बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस
- 12553 नई दिल्ली-बरौनी एक्सप्रेस
- 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस
- 15211 दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस
- 12792 दानापुर-सिकन्दराबाद एक्सप्रेस

## 8 पैसेंजर ट्रेनें भी हुई निरस्त

- 05549 नरकटियागंज-गोरखपुर स्पेशल
- 05135 छपरा-औड़िहार जनरल स्पेशल
- 05136 औड़िहार-छपरा जनरल स्पेशल
- 05156 गोरखपुर-छपरा जनरल स्पेशल
- 05154 गोरखपुर-सीवान जनरल स्पेशल
- सीवान-गोरखपुर जनरल स्पेशल ट्रेन
- 05096 गोरखपुर-नरकटियागंज स्पेशल
- 05497 नरकटियागंज-गोरखपुर स्पेशल

## ये स्पेशल छह ट्रेनें आज रहेंगी निरस्त

- 02563 सहरसा-नई दिल्ली
- 02569 दरभंगा-नई दिल्ली
- 02564 नई दिल्ली-सहरसा
- 02570 नई दिल्ली-दरभंगा
- 04652 अमृतसर-जयनगर
- 04651 जयनगर-अमृतसर

## कुछ ट्रेनें आज तो कुछ कल रहेंगी निरस्त

- 15114 छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस - 19 एवं 20 जून
- 15113 गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस -19 एवं 20 जून
- 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस -19 जून
- 12562 नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस -19 जून
- 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस - 19 एवं 20 जून
- 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस -19 जून
- 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस - 21 एवं 22 जून
- 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस - 19 जून
- 15079 पाटलीपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस- 19 एवं 20 जून
- 15080 गोरखपुर-पाटलीपुत्र एक्सप्रेस - 19 एवं 20 जून
- 12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस -19 जून
- 22412 आनन्द विहार टर्मिनस-नाहरलागुन एक्सप्रेस - 19 जून
- 12491 बरौनी-जम्मूतवी एक्सप्रेस -19 जून
- 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबन्दर एक्सप्रेस- 19 जून
- 12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस -19 जून
- 14009 बापूधाम मोतीहारी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस-19 जून
- 15279 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस - 19 जून

# पूर्व सैनिकों की मदद से जागरूक करेगी पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अग्निपथ योजना पर हो रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच शनिवार को डीएम और एसएसपी ने सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ गोष्ठी कर उनसे मदद मांगी। अधिकारियों ने पूर्व सैनिकों से कहा कि वह युवाओं को योजना के बारे में बताएं और शांति की अपील करें। पूर्व सैनिकों ने अधिकारियों को भरोसा दिया कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र में युवाओं को जागरुक करेंगे।

अग्निपथ योजना के विरोध में हिंसा होने के बाद शनिवार को डीएम और एसएसपी ने विकास भवन में पूर्व सैनिकों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की। अधिकारियों ने पूर्व सैनिकों से कहा कि अगर वे भी युवकों से बात करेंगे तो शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन को मदद मिलेगी। अधिकारियों ने इस दौरान सेवानिवृत्त सैनिकों से भी उनके विचार जाने और उनके द्वारा दिए गए सुझाव भी नोट किए।

## अफवाह फैलाकर कराया जा रहा प्रदर्शन

पुलिस की जांच में सामने आया है कि व्हाटसएप ग्रुप और सोशल मीडिया पर आंदोलन, चक्का जाम करने और आत्महत्या करने तक का गलत मैसेज प्रचारित कर आंदोलन को उग्र बनाया जा रहा है। इसी का नतीजा रहा कि शुक्रवार को पीपीगंज और बांसगांव में तोड़फोड़ हुआ।

# अग्निपथ पर शांत कराया युवाओं का गुस्सा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी स्ट्रेटजी से अन्य जिलों की पुलिस के लिए उदाहरण पेश किया। शनिवार की भोर में ही संभावित 'अग्निवीरों' के पास पहुंच कर बीट पुलिस ने अग्निपथ योजना पर उनका गुस्सा शांत किया। उन्हें प्यार के साथ कानून की भाषा में भी समझाया। जिन्हें योजना की खामियों से शिकायत है और वह ज्ञापन देना चाहते हैं उनसे ज्ञापन भी मांगा।

अग्निपथ योजना पर देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन के बीच शुक्रवार को गोरखपुर के पीपीगंज में भी बवाल हुआ था। पीपीगंज रेलवे स्टेशन पर तोड़फोड़ के साथ ही गुस्साए युवकों ने बस का शीशा भी तोड़ दिया था। अफसरों ने शनिवार के लिए अलग ही प्लान तैयार किया और सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक सड़क पर उतरे



सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवकों से बात करते एसएसपी डॉ. विपिन ताडा।

इससे पहले पुलिस ने उनके पास पहुंचने के फार्मूले पर काम किया। जिसके लिए बीपीओ से लेकर पुलिस अधिकारियों तक को लगाया गया।

**रजिस्टर पर नोट किया युवकों का नाम :** शनिवार की भोर में ही प्रत्येक थाने के बीपीओ ने सेना की तैयारी करने वाले स्थलों पर पहुंचकर युवकों से बात की। उन्हें समझाया कहा कि अगर वह सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन या हिंसा करते हैं तो फिर सेना में भर्ती का उनका रास्ता हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। भर्ती की तैयारी कर रहे युवकों का नाम भी एक रजिस्टर पर नोट किया।

## पीपीगंज में दर्ज केस ने युवकों में पैदा किया डर

शुक्रवार को पीपीगंज में हुए बवाल-तोड़फोड़ के मामले में बस चालक की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। यही नहीं जहां भी प्रदर्शन हुआ वहां पुलिस ने वीडियाग्राफी भी कराई है। युवकों की पहचान की जा रही है। विवाद बढ़ा तो युवक मुकदमे में फंस जाएंगे, इससे डर बढ़ा है।

**अफसर भी पहुंचे मैदान पर :** एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई लोको ग्राउंड मैदान में पहुंचे और युवकों से बात की। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी और एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह के अलावा, सभी सीओ और थानेदार भी उन स्थानों पर पहुंचे जहां युवक जुटते हैं।



भटहट में प्रदर्शन करते युवाओं को समझाते हुए इंस्पेक्टर गुलरिहा।

## पुलिस ने गुड़ खिलाया और पानी पिला घर लौटाया

भटहट। अग्निपथ योजना पर विरोध के लिए भटहट कस्बे में दोपहर बाद सौ की संख्या में युवक पटेल स्मारक इंटर कालेज के खेल मैदान में इकट्ठा हुए। युवाओं ने नारे लगाते हुए एक किमी पैदल मार्च करते बैरियर तिराहे से आगे पुलिस चौकी के सामने फोरलेन की एक लेन को पूरी तरह जाम कर दी। इंस्पेक्टर ने प्रदर्शन कर रहे युवाओं को समझाकर गुड़ खिला पानी पिलाकर शांत कराया।

## कुसम्ही रेलवे स्टेशन पर किया फ्लैग मार्च

मोतीराम अड्डा। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई एवं सीओ कैंट श्यामदेव बिंद ने शनिवार सुबह अग्निपथ को लेकर चल रहे बवाल के मद्देनजर कुसम्ही रेलवे स्टेशन पर फ्लैग मार्च किया। एसपी सिटी ने कहा कि युवा किसी के बहकावे में मत आए। किसी के उकसावे में आने से राष्ट्र की संपत्ति को नुकसान न करें। एसपी सिटी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



बेलघाट में प्रदर्शन करने जा रहे युवाओं से अधिकारियों ने लिया ज्ञापन।

# ट्रिपल मर्डर के आरोपी सन्नी सिंह पर लगे एनएसए को हाईकोर्ट की मंजूरी

गोरखपुर। गगहा इलाके में ट्रिपल मर्डर को अंजाम देने वाले आरोपी सन्नी सिंह पर लगे एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) को हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी है। इस सम्बंध में शासन ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। यह गोरखपुर का 21 वां एनएसए है जिसे हाईकोर्ट ने मंजूरी दी है। 2013 में रस्सी की खरीदारी के पैसे को लेकर आरोपी सन्नी यादव और दुर्वासा गुप्ता में विवाद हो गया था। इस मामले में सन्नी ने अपने भाई टीका सिंह, सिंहासन यादव, अजय नारायण सिंह के साथ मिलकर दुर्वासा गुप्ता, उनकी पत्नी और पुत्र बाबूलाल की हत्या कर दी थी। इस घटना में तीन लोग घायल भी हुए थे।

# बेचने के बाद अपने नाम वरासत करा ली भूमि, हुआ गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : कैंट थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दूसरे को जमीन बेचकर उसकी रजिष्ट्री करा दी थी। बाद में फर्जी वरासत लगाकर उसे अपने नाम करा लिया। उसने फर्जी दस्तावेजों के जरिये अपने भाइयों व पट्टीदारों की भी भूमि अपने नाम करा ली। पुलिस ने विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया। आरोपित राजेंद्र प्रसाद चिलुआताल के मिर्जापुर का निवासी है।

प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि मूलरूप से पिपराइच के गुलरिहा की रहने वाली कमला कुमारी शाहपुर थाना क्षेत्र के बशारतपुर में मकान बनवाकर रहती हैं। उन्होंने 8 फरवरी 2000 को शिवपूजन व उसके भाई जगजीतन के हिस्से की संपूर्ण भूमि का बैनामा करा लिया था। शिवपूजन के बेटे और मुकदमे के आरोपित राजेंद्र प्रसाद ने पिता की मौत के बाद उनके हिस्से की जमीन का तथ्य छिपाकर वरासत करा लिया। वरासत कराने के लिए उसने फर्जी दस्तावेज पेश किए थे। इतना ही नहीं अपने पट्टीदारों रामकृपाल, मुन्नालाल, विजय पुत्र स्वर्गीय जगजीवन और भाई रविंद्र की भी भूमि अपने नाम करा ली। इसमें अरुण सिंह और आर्यन ने गवाही की थी। आरोपित ने इंतखाब पर भी अपना नाम चढ़वा लिया। इसकी जानकारी होने के बाद कमला देवी ने नाम खारिज कराया और कैंट पुलिस को इसकी तहरीर दी।

# तिहरे हत्याकांड के आरोपित सन्नी पर रासुका की मंजूरी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : तिहरे हत्याकांड के आरोपित गगहा थाना क्षेत्र के सन्नी सिंह पर रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) की कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी है। शासन ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। यह गोरखपुर का 21वां एनएसए है, जिसे हाईकोर्ट ने मंजूरी दी है।

2013 में रस्सी की खरीदारी के लिए रुपये मांगने को लेकर सन्नी सिंह व दुर्वासा गुप्ता में विवाद हो गया था। इस मामले में सन्नी ने अपने भाई टीका सिंह, सिंहासन यादव, अजय नारायण सिंह के साथ मिलकर दुर्वासा गुप्ता, उनकी पत्नी और पुत्र बाबूलाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना में तीन लोग घायल भी हुए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपित सन्नी सिंह पर रासुका लगाने की संस्तुति की थी। पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम ने रासुका के लिए स्वीकृति दे दी थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने भी अपनी स्वीकृति दे दी।

## इनकी भी हत्या का आरोपित है सन्नी

सन्नी सिंह ने 11 मार्च 2021 में हुए त्रिस्तयरीय पंचायत चुनाव में गगहा इलाके के हटवा निवासी रितेश मौर्या की गोली मारकर हत्या की थी। वह वार्ड संख्या 51 से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। इस हत्या के एक सप्ताह के भीतर ही उसने फरारी के दौरान गगहा में ही हत्या की घटना का विरोध कर रहे दुकानदार शंभू व उसके कर्मचारी संजय की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**सन्नी पर दर्ज हैं दर्जन भर मुकदमे** : आरोपित सन्नी सिंह पर हत्या, धमकी, बलवा, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट सहित दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। उसके साथी युवराज सिंह पर गगहा थाने में छेड़खानी, पाक्सो, गैर इरादतन हत्या, हत्या, आपराधिक साजिश के मुकदमे दर्ज हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों ने सुनी फरियाद

**जागरण टीम, गोरखपुर** : जून माह के तीसरे शनिवार को तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न तहसीलों पर अलग-अलग अधिकारियों ने फरियाद सुनी। हालांकि समस्याओं के निस्तारण का औसत काफी कम रहा।

बांसगांव संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने समस्याएं सुनीं। इस दौरान उनके समक्ष कुल 102 मामले आए, लेकिन किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। संपूर्ण समाधान दिवस में कानूनगो रजनीश कुमार, अनुराग, सुदीश मणि त्रिपाठी, एएल गुप्ता, जितेंद्र सिंह, अनन्त तिवारी आदि मौजुद रहें।

खजनी संवाददाता के अनुसार उप जिलाधिकारी पवन कुमार की अध्क्षता में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। 214 लोग फरियाद लेकर पहुंचे थे। तहसीलदार ने पांच आवेदनों पर तत्काल सुनवाई करते मौके पर निस्तारित कर दिया। निस्तारित आवेदनों में चार राजस्व एवं एक चकबंदी विभाग से संबंधित था। बाकी आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए आख्या मांगा है। समाधान दिवस पर क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी कार्तिकेय मिश्रा, सीडीपीओ रचना पांडेय समय सभी विभाग के अधिकारियों कर्मचारी मौजूद रहे। कैपियरगंज संवाददाता के अनुसार एसडीएम पंकज दीक्षित के अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 50 मामले आए। 10 का निस्तारण हुआ। शेष मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया गया। तहसीलदार नीलम तिवारी, चिकित्सा अधीक्षक डा- भगवान प्रसाद, एसएस आई राकेश सिंह, बीडीओ मोहित दुबे मौजूद रहे।

# जिले में 15 अगस्त तक लागू रहेगी धारा 144

**जासं, गोरखपुर :** आने वाले समय में विभिन्न परीक्षाओं एवं त्योहारों के दृष्टिगत जिले के ग्रामीण परिसीमा क्षेत्र से संबंधित थाना क्षेत्रों में भी 15 अगस्त 2022 तक धारा 144 लागू की गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ड्राइवरों से मिलीभगत कर पेट्रोल पंप कर्मचारी कराते थे तेल चोरी

## नगर आयुक्त की पूछताछ में एक चालक ने खोली भ्रष्टाचार की पोल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** तेल चोरी के मामले में पेट्रोल पंप कर्मियों की भूमिका भी सामने आयी है। नगर निगम के चालकों से सौ- डेढ़ सौ रुपये वसूल कर पेट्रोल पंप कर्मी तेल की चोरी कराते थे। नगर आयुक्त की पूछताछ में चालक ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी।

गोरखनाथ के रसूलपुर निवासी मो. इकलाख अहमद ने खुद को आउटसोर्सिंग पर सफाईकर्मी बताया, लेकिन जिम्मेदारों की मिलीभगत से वह मैजिक चला रहा था। इकलाख ने बताया कि तीन मई को ईद पर काम करने के बाद उसके वाहन के दो टायर खराब हो गए।

**स्पोर्ट्स कॉलेज पंप पर तेल भरने के एवज में कर्मचारी लेता था सौ- डेढ़ सौ रुपये**

**15 दिनों की सीसीटीवी की रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश**

इसके बाद उसने वाहन खड़ा कर दिया लेकिन 15 दिन तक लगातार रोजाना 4-4 लीटर तेल भराता रहा। दो जून से 15 जून तक भी लगातार तेल लिया। इंडियन आयल के स्पोर्ट्स कालेज पंप पर तेल भरने के एवज में कर्मचारी सौ- डेढ़ सौ रुपये लेता था।

उसने आरएफआइडी चिप मैजिक की टंकी से निकालकर अपनी जेब में रख लिया था।

**मैनेजरों को नोटिस :** नगर आयुक्त ने इंडियन आयल के रुस्तमपुर, स्पोर्ट्स कालेज रोड और लालडिग्गी पंपों के मैनेजरों को नोटिस जारी किया है। साथ ही 15 दिनों की सीसीटीवी की रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी है।

### यह है मामला

नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने शुक्रवार सुबह 5:30 बजे रुस्तमपुर में इंडियन आयल के पेट्रोल पंप पर छापा मारा। उप नगर आयुक्त संजय शुक्ल के साथ रुस्तमपुर पहुंचे और अपने सरकारी वाहन को दूर खड़ा कर दिया और अर्दली, स्टेनो व अन्य कर्मचारियों को वहीं छोड़ दिया। अचानक एक व्यक्ति एक वाहन में कई गैलन लादकर पहुंचा। पता चला कि वह नगर निगम का चालक है। उसने पंप कर्मी को अपने हाथ में लिया चिप दिखाया और तेल भरवाने लगा। इसके बाद नगर आयुक्त पंप पर पहुंचे और सभी को फटकार लगाई।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

गोरखपुर। गुलरिहा पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष उमेश बाजपेई को सूचना मिली कि दुष्कर्म मामले का फरार आरोपी जंगल सखनी क्षेत्र के पास मौजूद है। पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# दहेज उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। सहजनवां पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी हरिराम साहनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रुस्तमपुर में नहर रोड से पुलिस ने शनिवार की सुबह उसे गिरफ्तारी किया। संवाद

# अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ से पुलिस ने युवती के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, चौकी प्रभारी असुरन राम प्रवेश को सूचना मिली कि सिकरीगंज निवासी आरोपी कहीं जाने के लिए प्लेटफार्म मौजूद है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपहृत युवती के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# हत्या के प्रयास का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। सहजनवां पुलिस ने मारपीट व हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी बृजेश यादव को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी को सूचना मिली कि आरोपी कहीं भागने के फिराक में है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शनिवार दोपहर भीटीरावत के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संवाद

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**कैंपियरगंज।** क्षेत्र के एक गांव की युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती ने शुक्रवार को गुलरिहा इलाके में रहने वाले आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार, एक गांव में रहने वाली युवती का प्रेम संबंध चार वर्षों से गुलरिहा थाना क्षेत्र के युवक से था। दरअसल, युवती की रिश्तेदारी युवक के गांव में है, इसी वजह से उसका आन जाना रहता था। इसी बीच दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। आरोप है कि छह माह पहले युवक शादी का झांसा देकर युवती को अपने घर ले गया और शारीरिक संबंध भी बनाया। इसके कुछ दिन बाद छोड़ दिया। युवती ने गुलरिहा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी उमेश वाजपेयी ने बताया कि शनिवार सुबह युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## शारीरिक शोषण का आरोप, कार्रवाई की मांग

**गगहा।** क्षेत्र के एक गांव की युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संवाद

# भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को जागरूक करेंगे पूर्व सैनिक

**गोरखपुर।** अग्निपथ योजना के विरोध में हो रहे प्रदर्शन के मद्देनजर डीएम कृष्णा करूणेश और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने शनिवार को विकास भवन सभागार में पूर्व सैनिकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने, उन्हें जागरूक करते हुए योजना की पूरी जानकारी देते हुए अपील की कि वे सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं-छात्रों को भी जागरूक करें। बैठक में योजना को लेकर सेवानिवृत्त सैनिकों ने सुझाव भी दिए। पूर्व सैनिकों ने आश्वस्त किया कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए युवाओं को समझाएंगे। उन्हें जागरूक किया जाएगा कि विरोध किसी समस्या का समाधान नहीं होता। वे अपनी बात शांति से रखें। इस दौरान एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव समेत प्रशासन व पुलिस के अधिकारी व पूर्व सैनिक मौजूद रहे। ब्यूरो

# ट्रिपल मर्डर के आरोपी सन्नी सिंह पर लगे रासुका को हाईकोर्ट की मंजूरी

गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र में ट्रिपल मर्डर को अंजाम देने वाले आरोपी सन्नी सिंह पर लगे एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) को हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी है। इस संबंध में शासन ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर जानकारी दी है। वर्ष 2013 में रस्सी की खरीदारी को लेकर आरोपी सन्नी यादव और दुर्वासा गुप्ता में विवाद हो गया था। इस मामले में सन्नी ने अपने भाई टीका सिंह, सिंहासन यादव, अजय नारायण सिंह के साथ मिलकर दुर्वासा गुप्ता, उनकी पत्नी और पुत्र बाबूलाल की हत्या कर दी थी। तीन लोग घायल भी हुए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी सन्नी सिंह पर रासुका लगाने की संस्तुति की थी। पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम ने रासुका को मंजूरी दे दी थी। जिले स्तर पर मंजूरी के बाद हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी है।

# किशोरी को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

गुलरिहा। थाना क्षेत्र की एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजन की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।15 वर्षीय किशोरी को आठ जून को गांव का ही युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। काफी खोजबीन के बाद किशोरी नहीं मिली। शनिवार सुबह किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक व उसके घरवालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोपी युवक को सरैया बाजार से गिरफ्तार कर किशोरी को आशा ज्योति केंद्र को सुपुर्द कर दिया गया। संवाद

# ट्रिपल मर्डर के आरोपी सन्नी सिंह पर लगे रासुका को हाईकोर्ट की मंजूरी

**गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र में ट्रिपल मर्डर को अंजाम देने वाले आरोपी सन्नी सिंह पर लगे एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) को हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी है। इस संबंध में शासन ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर जानकारी दी है। वर्ष 2013 में रस्सी की खरीदारी को लेकर आरोपी सन्नी यादव और दुर्वासा गुप्ता में विवाद हो गया था। इस मामले में सन्नी ने अपने भाई टीका सिंह, सिंहासन यादव, अजय नारायण सिंह के साथ मिलकर दुर्वासा गुप्ता, उनकी पत्नी और पुत्र बाबूलाल की हत्या कर दी थी। तीन लोग घायल भी हुए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी सन्नी सिंह पर रासुका लगाने की संस्तुति की थी। पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम ने रासुका को मंजूरी दे दी थी। जिले स्तर पर मंजूरी के बाद हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी है।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 19/06/22

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में उमड़ा फरियादियों का हुजूम

भाटपाररानी(एसएनबी)। शासन द्वारा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए तहसील स्तर पर संचालित होने वाले समाधान दिवस में शनिवार को फरियादियो की भारी भीड़ उमड़ी जिसमें कुल 186 फरियादियों ने शिकायते दर्ज करायी। जिसमें महज 15 मामलों का निस्तारण मौके पर किया जा सका। जबकि शेष 171 मामले सम्बन्धित विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौंप दिया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने मातहतों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायतों का निस्तारण स्थलीय सत्यापन व मौके पर फरियादियो की उपस्थिति में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक फरियादी को न्याय मिलना चाहिए।



फरियाद सुनते मुख्य विकास अधिकारी रवीन्द्र कुमार।

उपजिलाधिकारी अरूण कुमार वर्मा ने राजस्व विभाग के कर्मचारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी गांव में बरासत के मामले लम्बित पाये गये तो सम्बन्धित लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उच्चाधिकारियो के निर्देशों की अवहेलना व गुणवत्ता विहिन शिकायतो के निस्तारण को गम्भीरता से लिया जायेगा। इस दौरान आये फरियादियो में 101 राजस्व विभाग, 45 पुलिस विभाग, 15 विकास व विद्युत, 10 मामलें में चकबंदी व अन्य विभागों के मामले शामिल थें। यहां मुख्य रूप से उपजिलाधिकारी न्यायिक राजपति वर्मा, क्षेत्राधिकारी पंचमलाल, तहसीलदार चन्द्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार कर्ण सिंह, सीओ चकबंदी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत प्रमोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

हिन्दुस्तान दि० 13/6/22

# हत्याकांड में चार हिरासत में, बाइक बरामद हुई

देवरिया, निज संवाददाता। बलिस्टर हत्याकाण्ड में पुलिस चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस जल्द हत्याकाण्ड का खुलासा कर सकती है। पुलिस ने एक बीट क्वाइंन का कार्य करने वाले युवक को भी हिरासत में लिया है।

खामपार थाना क्षेत्र के ततायर बुजुर्ग के टोला सेमरौना के रहने वाले बलिस्टर यादव (35) वर्ष पुत्र पूरन यादव खामपार थाना के नेटुआवीर चौराहे पर मकान का काम करवा रहा था। 11 जून की दोपहर में अपाची सवार दो बदमाश पहुंचे और बलिस्टर को गोली मार कर हत्या कर दिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस ने मृतक के मोबाइल काल डिटेल को खंगाला तो उसके कुछ जानने वाले के नम्बर संदिग्ध मिले। बलिस्टर ने कई लोगों का रुपया बहोरवा के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा बीट क्वाइन में लगाया था। लोग अपना रुपया बलिस्टर से मांग रहे थे। इस पर बलिस्टर भी रुपया मांगने लगा।

हिन्दुस्तान 19/11/22

# कैंटीन संचालक पर धारदार हथियार से किया हमला, घायल

गौरीबाजार। ब्लॉक परिसर में स्थित कैंटीन संचालक पर देर रात किसी ने रंजिश के चलते धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल कैंटीन संचालक को गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल के पिता ने गांव के एक व्यक्ति पर तहरीर दिया है।

गौरीबाजार के पथरहट निवासी सुगम सिंह गोलू (22) वर्ष पुत्र अनुज सिंह ब्लॉक परिसर में चाय नास्ते का कैंटीन चलाते हैं। शुक्रवार देर रात कैंटीन पर अकेले थे। इसीबीच एक व्यक्ति ने अचानक धारदार हथियार से उनपर हमला कर दिया। किस रंजिश में हमला किया गया इसकी जानकारी नही हो पाई है। इस हमले में घायल सुगम सिंह को सीएचसी पर भर्ती कराया। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हिन्दुस्तान दि० 19/06/22

सदर रेलवे स्टेशन, भटनी, गौरीबाजार, सलेमपुर में तैनात है पुलिस, आने-जाने वाले लोगों की हो रही है जांच

# स्टेशनों पर मुस्तैद रही पुलिस और पीएसी

**अग्निपथ पर आक्रोश**

- आरपीएफ शुक्रवार की घटना के बाद है गई है चौकन्नी
- स्टेशन पर आने जाने वाले लोगों की चेकिंग की जा रही थी

देवरिया, निज संवाददाता। युवाओं के आंदोलन को देखते हुए पुलिस और पीएसी शनिवार को भी शहर के साथ रेलवे स्टेशन व रोडवेज पर मुस्तैद रही।

जिले के सभी प्रमुख स्टेशनों पर जीआरपी और आरपीएफ के साथ संबंधित थाने की पुलिस के साथ ही पीएसी के जवान जमे रहे। स्टेशन पर आने जाने वाले लोगों की चेकिंग की जा रही थी। जिससे कोई भी उपद्रवी स्टेशन के अंदर घुस कर ट्रेनों का संचालन ठप करने की कोशिश न कर सकें। देवरिया सदर, भटनी, भाटपाररानी, सलेमपुर, लार रोड, बनकटा, गौरीबाजार, बरहज और बैतालपुर में पुलिस के साथ ही जीआरपी और आरपीएफ को लगाया गया है। इसके साथ देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर पीएसी कैंप कर रही है। पीएसी के जवान ट्रेनों के आते ही प्लेटफार्म पर मुस्तैद हो जा रहे हैं। इसके साथ ही सदर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी के लोग स्टेशन पर आने जाने वाले लोगों के टिकट चेक कर रहे थे। जिससे की कोई भी उपद्रवी युवक स्टेशन के अंदर प्रवेश कर हंगामा न कर सके।



आंदोलन को देखते हुए शनिवार को सदर रेलवे स्टेशन पर मुस्तैद सुरक्षाकर्मी।

**स्टेशन की सीसीटीवी से की जा रही है निगरानी:** सदर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पूरे स्टेशन की निगरानी तीन दर्जन सीसी टीवी कैमरे से कर रहे हैं। स्टेशन के सभी प्रमुख रास्ते और प्लेटफार्म से सीसी टीवी कैमरा से निगाह रखी जा रही है।

**सीआईबी भटनी भी सदर रेलवे स्टेशन पर कर रही है कैंप:** देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को हुए हंगामे के बाद से भटनी सीआईबी की टीम देवरिया में कैंप कर रही है। टीम के सभी सदस्य स्टेशन पर कोई घटना या ट्रेनों में तोड़ फोड़ न हो इसे देखते हुए संघन जांच भी कर रही है।

**रोडवेज में चली बसें सुरक्षा बल रहे मुस्तैद:** देवरिया रोडवेज की बसें शनिवार को बेरोक टोक होकर चली। युवाओं के आंदोलन को देखते हुए रोडवेज परिसर में भी पीएसी को तैनात किया गया था। जिससे कोई भी रोडवेज की बसों को नुकसान न पहुंचा सके।



अग्निपथ योजना को लेकर शनिवार को शहर कोतवाल को ज्ञापन देते राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता। • हिन्दुस्तान

## अग्निपथ के विरोध में आप और रालोद ने किया प्रदर्शन

देवरिया, निज संवाददाता। अग्निपथ योजना को लेकर शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल और आम आदमी पार्टी ने विरोध जताया। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए अपना रोष प्रकट किया।

राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में कहा है कि केन्द्र सरकार की ओर से घोषित अग्निपथ योजना से युवाओं का जीवन अनेक प्रकार से कुण्ठाग्रस्त हो जायेगा। अग्निपथ योजना से देश को सशक्त सेना मिलना सम्भव नहीं होगा, क्योंकि नौजवानों के हृदय में केवल 4 साल का ही सेवाकाल कुण्ठा के रूप में रहेगा। 2 सेना में बीते 3 साल से भर्ती नहीं हुयी है। अब इस प्रकार की भर्ती (अग्निपथ योजना) से युवाओं को मानसिक आघात पहुंचा है। शहर कोतवाल को पत्रक देने वालों में जिलाध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव, लालसा यादव, शिवदत्त पाठक, राजवसंत, नरसिंह, रामानुज आदि मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर कलेक्ट्रेट परिसर में आम आदमी पार्टी ने अग्निपथ योजना के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने योजना वापस लेने के लिए पीएम को संबोधित एक ज्ञापन डीएम के हाथों सौंपा। जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी (एडवोकेट) ने अपने कहा कि हर युवा आज बेरोजगारी को लेकर परेशान है। इस दौरान राजेन्द्र , अरविन्द उपाध्याय, धनश्याम मिश्रा, लल्लन, सुरेन्द्र प्रताप वर्मा, कृष्णबिहारी आदि रहे।

हिन्दुस्तान 19/6/22

# शव की परिजनों ने की शिनाख्त

देवरिया । जिला अस्पताल में भर्ती युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने शनिवार को पोस्टमार्टम पहुंच कर शिनाख्त किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लार थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर के रहने वाले किताब (45) 14 जून को किसी कार्य से घर से निकले हुए थे। वह सड़क हादसे में घायल हो गए। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। जहां पिछले दिनों इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को परिवार के लोगों ने पहुंच कर शव की शिनाख्त किया।

दैनिक जागरण दि० 19/6/22

# छाए रहे राजस्व के मामले

जासं, देवरिया: सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वाधिक मामले राजस्व से जुड़े आए, जिसमें अधिकतर मामले पुराने थे। बरहज में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने फरियाद सुनी और पुराने प्रकरण देखकर नाराजगी जाहिर की।

देवरिया सदर तहसील में एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, एएसपी डा. राजेश सोनकर, एसडीएम सौरभ सिंह ने फरियाद सुनी। कुल 26 मामले आए, जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया।

बरहज संवाददाता के अनुसार, डीएम व एसपी ने तहसील परिसर में फरियाद सुनी। कुल 49 मामलों में 10 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने कहा कि निस्तारण में लापरवाही न बरतें। मईल के बकुची गांव के रामबिहारी ने दफा 24 के तहत पैमाइश दो वर्ष से लंबित होने की शिकायत की। डीएम ने लेखपाल को फटकार लगाई। दो दिन के भीतर पैमाइश का निर्देश दिया। बैरियाराजा गांव के लालजी यादव की शिकायत पर खलिहान की भूमि से हटवाने का निर्देश दिया। पैना ग्राम की वीणा सिंह ने पैतृक भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की। डीएम के निर्देश पर एसडीएम गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में क्विक रिस्पांस टीम ने मौके पर जाकर सभी पक्षों को सुनकर समस्या का निराकरण कराया।सिसई गुलाबराय गांव की फूला देवी व करौंदी के लोगों ने अतिक्रमण की शिकायत की।

दैनिक जागरण दि. 19/6/22

# उपद्रवियों पर नजर, पुलिस–पीएसी ने किया पैदल मार्च

## वीडियो के जरिये पहचान करने में जुटी पुलिस, सलेमपुर, लार व गौरीबाजार के युवकों की हुई पहचान

जासं, देवरिया: अग्निपथ योजना के विरोध में उपद्रव के दूसरे दिन शनिवार को प्रशासन अलर्ट रहा। शहर में पैदल मार्च करने के साथ ही रेलवे स्टेशनों पर पीएसी, पुलिस, आरपीएफ व जीआरपी तैनात रही। वीडियो देखकर करीब 50 से अधिक उपद्रवियों की पहचान की गई है। कुछ युवाओं से पुलिस ने पूछताछ भी की।

सेना भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ योजना के विरोध में युवाओं के उपद्रव को देखते हुए पुलिस व पीएसी के जवानों ने शनिवार को शहर में पैदल मार्च किया। पीएसी के जवान सुभाष चौक, रोडवेज, रेलवे स्टेशन पर तैनात किए गए थे। सीओ श्रीयश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक मनभरन ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



सदर रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते सीओ श्रीयश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अनुज सिंह (दाएं) ● जागरण

उपद्रवियों के स्वजन से किया संपर्क: पुलिस ने सदर कोतवाली में करीब तीन सौ उपद्रवियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है, इनमें सलेमपुर, लार, मईल, गौरीबाजार, बनकटा, भाटपाररानी, बरहज, रुद्रपुर, भटनी आदि स्थानों के युवा शामिल थे। पुलिस ने वीडियो के जरिये उपद्रवियों की पहचान के साथ उनका ब्योरा तैयार कर रही है। कोतवाली पुलिस ने उपद्रव में शामिल कुछ युवाओं की पहचान के बाद उनके स्वजन से संपर्क किया। शुक्रवार को जनपद के कई हिस्सों से आए युवाओं ने शहर में उपद्रव किया था। सड़क से लेकर रेलवे स्टेशन तक पांच घंटे तक प्रदर्शन व नारेबाजी किया और रेलवे ट्रैक बाधित किया। युवाओं के उग्र तेवर देखकर ट्रेनों की आवाजाही करीब ढाई घंटे तक रोक दी गई थी।

सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि युवाओं के उपद्रव को देखते हुए पुलिस पूरे दिन अलर्ट रही। रेलवे स्टेशन पर विशेष नजर रखी गई थी। पीएसी के जवान भी तैनात किए गए थे।

### अफवाहों से दूर रहें युवा, करें कानून-व्यवस्था का पालन

जासं, देवरिया: कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर जनपद में शांति, जन सुरक्षा को लेकर सेना के सेवानिवृत्त अधिकारियों व जवानों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने युवाओं के बीच सकारात्मक बात पहुंचाने की बात कही।

डीएम ने कहा कि युवा इस योजना को पूरी तरह से जान लें। किसी के बहकावे में न आए। किसी भी स्तर पर कानून व्यवस्था अपने हाथ में लेने का प्रयास न करें। यह जनपद प्रदेश, देश हम सभी का है। शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। यदि कहीं कोई योजना को लेकर शंका या संदेह हो तो उसे पूर्व सैनिकों अथवा प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से जान लें। उन्होंने पूर्व सैनिकों से कहा कि नवजवानों को सही दिशा देने का कार्य करें।

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि यातायात बाधित करना, सरकारी व गैर सरकारी भवनों, वाहनों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों एवं जनसामान्य को क्षति पहुंचाना एवं नियमों का उल्लंघन करना अपराध है, ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्नल अरुण प्रकाश पांडेय व अभिनव तिवारी ने कहा कि सेना की सेवा अनुशासन का सीख देता है।


बढ़ाओ शान...
मिटाओ निशान...
आयुर्वेदिक फार्मूला




दैनिक जागरण दि. 19/6/22

# मानक विहीन निर्माण पर बिफरे डीएम

## कटियारी गांव में पर्यटन विभाग की परियोजना का किया निरीक्षण, होगी जांच

जागरण संवाददाता, देवरिया: डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने शनिवार को कटियारी गांव में पर्यटन विभाग की परियोजना का हाल जाना। मानक विहीन निर्माण कार्य देखकर डीएम ने नाराजगी जाहिर की। खराब कार्य कराए जाने पर डीएम के सवालों का कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर जवाब नहीं दे पाए। डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को जांच सौंपी है।



कटियारी गांव में कराए जा रहे कार्यों की स्थलीय निरीक्षण करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा (बाएं) ● सौ. सूचना विभाग

बरहज के कटियारी गांव में पर्यटन विभाग की तरफ से प्राचीन शिव व काली मंदिर स्थल का विकास कार्य कराया जा रहा है। डीएम के निरीक्षण में मानक विहीन निर्माण सामग्री व मानक विरुद्ध कार्य मिला। डीएम ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि शासकीय धन का बंदरबांट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पर्यटन विभाग की तरफ से 1.35 करोड़ रुपये की लागत से प्राचीन शिव व काली मंदिर का विकास कार्य कराया जा रहा है। परियोजना के तहत धर्मशाला, सत्संग भवन, यज्ञशाला, टायलेट ब्लाक, मंदिर परिसर में इंटरलाकिंग कार्य, प्रवेश द्वार व बाउंड्रीवाल बनाए जा रहे हैं।

धर्मशाला निर्माण में घटिया ईंट के प्रयोग पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर ही ईंट का क्लैंप टेस्ट कराया, जिसमें ईंट टूट गई। बाउंड्रीवाल के प्लास्टर कार्य भी दोयम दर्जे के मिले। प्लास्टर की मानक मोटाई 12 मिमी के सापेक्ष महज एक चौथाई मिली। पिलर की डिजाइन व बीम में कई तकनीकी खामियां दिखीं।

डीएम ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी कमल किशोर की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन किया है, जो पूरी परियोजना का मेजरमेंट करके अपनी रिपोर्ट समयबद्धता के साथ उन्हें सौंपेगी।

### कस्तूरबा विद्यालय के छात्रावास निर्माण में मिली गड़बड़ी

जासं, भाटपाररानी: सीडीओ रवींद्र कुमार ने शनिवार को फुलवरिया स्थित कस्तूरबा विद्यालय के छात्रावास निर्माण कार्य का शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान गुणवत्ता की कमी पाई गई, जिसके बाद लोक निर्माण विभाग से जांच कर रिपोर्ट मांगी है। साथ ही संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के लिए उन्हें पत्र लिखा है। सुबह में 11 बजे अचानक सीडीओ छात्रावास पहुंच गए। उन्होंने निरीक्षण किया तो प्रयोग किए गए ईंट की गुणवत्ता काफी घटिया रहा। साथ ही अन्य तरह की भी दिक्कत मिली। जिस पर सीडीओ ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य 177 लाख का है। जिसे नवंबर माह तक पूर्ण किया जाना है। निर्माण कार्यों में शासकीय धन का दुरुपयोग करने वालों विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दै. जागरण 19/5/22

# तीन लोगों पर दलित अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

जासं, भटनी : पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध दलित अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अब मामले की विवेचना सीओ भाटपाररानी ने शुरू कर दी है। भटनी क्षेत्र के बनकटा तिवारी की रहने वाली इंद्रावती देवी ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा है कि गांव के कमलेश चौहान, ओमप्रकाश चौहान व जयप्रकाश चौहान ने मारपीट की और जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया। इस मामले में पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

अमर उजाला दि. 19/6/22

# डेबिट कार्ड स्कैन कर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

## गिरफ्तार दो आरोपी बस्ती और महराजगंज के, गिरोह का सरगना गोरखपुर का

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। सेक्टर-58 कोतवाली पुलिस ने डेबिट कार्ड स्कैन और बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों की पहचान बस्ती निवासी जयप्रकाश, महाराजगंज निवासी अरमान और मालदह पश्चिम बंगाल निवासी टिटू और पौड़ी गढ़वाल निवासी नीरज के रूप में हुई है। गिरोह का सरगना गोरखपुर निवासी हुसैन और उसका भाई सनी फरार है। शुक्रवार रात पकड़े गए आरोपियों के पास से 42 डेबिट कार्ड, 41 फर्जी आधार कार्ड, 13 मोबाइल फोन, 9 चेकबुक, 4 पासबुक और एक स्कैनर मशीन बरामद हुआ है। अरोपियों ने एनसीआर में भी अपना ठिकाना बना रखा था।

एडीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात सेक्टर-58 पुलिस ने एलआईसी बिल्डिंग सेक्टर-62 के पास से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गिरोह के कुछ बदमाश डिलीवरी बॉय का काम करते थे। डिलीवरी देते वक्त स्कैनर मशीन के जरिए डेबिट/क्रेडिट कार्ड और पिन को स्कैन कर लेते थे। बाद में इस डाटा की मदद से खाते से पैसे निकाल लेते थे। इसके अलावा गिरोह के बदमाश जिस एटीएम में पैसे नहीं होते थे, वहां सक्रिय हो जाते थे। पैसे निकालने आने वाले लोगों की मदद करने के बहाने पिन का पता लगाकर डेबिट कार्ड बदल लेते थे। इसके बाद उस कार्ड से पैसे चुरा लेते थे।



नोएडा पुलिस के हत्थे चढ़े एटीएम कार्ड बदल धोखाधड़ी करने वाले बदमाश।

आरोपियों ने फर्जी आधार बनाकर कई बैंकों में खाते खुलवा रखे थे। जिनमें ठगी का पैसा ट्रांसफर करते थे। पुलिस सभी आरोपियों के खातों व डेबिट कार्ड की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस गिरोह के अन्य बदमाशों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

**सरगना ने गोवा में भी बना रखा था घर, वारदात के बाद करता था पार्टी :** एडीसीपी ने बताया कि गिरोह का सरगना हुसैन बीकॉम पास हैं। वह कुछ साल तक कॉल सेंटर में काम कर चुका है। गोरखपुर के साथ ही गोवा में भी घर हैं। उसका भाई शनि नोएडा में डिलीवरी बॉय का काम करता था। वह डिलीवरी देते समय पिन चुरा लेता थे, इसके बाद हुसैन उस खाते में सेंध लगाता था। हुसैन वारदात के बाद गोवा चला जाता था। वहां जमकर पार्टी करता था। इंस्टाग्राम पर उसके 4 हजार फॉलोअर हैं। उसके इंस्टाग्राम पर नाइट पार्टी करने के कई वीडियो हैं।

**डिलीवरी बॉय के रूप में काम करते थे, पैसे लेते वक्त स्कैन कर लेते थे कार्ड और पिन**

### खाते से एक साल में 36 लाख ट्रांसफर

एडीसीपी ने बताया आरोपी जयप्रकाश का खाता सेक्टर-18 स्थित एक बैंक में है। प्राथमिक छानबीन में पता चला है कि उसमें एक साल में करीब 36 लाख रुपये ट्रांसफर हुए हैं। जांच में पता चला है कि जयप्रकाश ने चार अलग-अलग पतों पर अपना आधार कार्ड बना रखा है।

### एक डेबिट कार्ड चुराने पर देता था 8 हजार कमीशन

गिरोह का सरगना हुसैन एक डेबिट कार्ड चुराने पर 8 हजार रुपये का कमीशन देता था। कमीशन के लालच में उसके साथी ज्यादा कार्ड चुराने के फिराक में जुटे रहते थे। एडीसीपी ने बताया गिरोह के बदमाश उत्तराखंड में भी धोखाधड़ी करके कार्ड चुरा लेते थे।

अमर उजाला दि. 19/06/22

# दोहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिले सपा नेता

## आर्थिक सहयोग दिलाने की मांग, महराजगंज गांव में हुई थी पिता और पुत्र की हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। महराजगंज गांव में दोहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार से शनिवार को सपा नेताओं का प्रतिनिधि मंडल मिला। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। सपा नेताओं ने तहसील प्रशासन को पत्रक देकर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग की।

सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ता महराजगंज गांव में पहुंचे। सोमवार की रात गांव के शहीद और उनके बेटे नजीर की धारदार हथियार से काट कर हत्या कर दी गई। घटना में घायल सोनू का उपचार चल रहा है। सपा नेता ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस से आमजन का विश्वास उठ चुका है। चारों तरफ अराजकता का माहौल बना है। बदमाशों के बारे में पुलिस को भी शिकायत मिल चुकी थी, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे बड़ी घटना हो गई। पीड़ित परिवार का प्रशासन कोई सुधि नहीं ले रहा। उन्होंने पीड़ित परिवार को पचास लाख रुपये की आर्थिक मदद दिलाने के लिए राज्यपाल को संबोधित पत्रक नायब तहसीलदार को सौंपा। रोहित मद्धेशिया, जितेश यादव, सेराज खान, राहुल चौरसिया, रवि यादव, राहुल सिंह, इब्राहिम अली, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।



पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के लिए प्रशासन को सौंपा ज्ञापन। संवाद

अमर उजाला 19/6/22

# मजदूर की हत्या में चार संदिग्ध हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

तरकुलवा। थाना क्षेत्र के फरनहा गांव के ईंट भट्ठा के मजदूर की हत्या में चार लोगों को पुलिस ने शनिवार को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बेटे आदित्य की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज की है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के पथरदेवा निवासी प्रमोद शर्मा (45) की शुक्रवार को फरनहा स्थित ईंट भट्ठे के पास मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस को लगा कि कई लोगों ने मिलकर हत्या की होगी। पुलिस चार संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों का मानें तो ईंट भट्ठा पर प्रमोद से विवाद के दौरान कुछ लोगों से मारपीट हुई। इस दौरान एक व्यक्ति ने किसी को फोन कर बुलाया। वह व्यक्ति आते ही प्रमोद को पीटना शुरू कर दिया। शरीर पर कई जगह कटे और गले में रस्सी का निशान था। मृतक के बेटे आदित्य की तहरीर पर ईंट भट्ठा मालिक शैलेश द्विवेदी, मुंशी सिधावे निवासी राजू समेत चार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

अ. उजाला 13/8/22

# तीन लोगों पर दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

भटनी। क्षेत्र के बनकटा तिवारी गांव निवासी तीन लोगों पर पुलिस ने शनिवार को दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया। आरोपियों पर मारपीट और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप है।

पिपरा विठ्ठल गांव निवासी इंद्रावती देवी किसी काम से एकला आम चौराहे पर गई थी। आरोप है कि बनकटा तिवारी गांव निवासी कमलेश चौहान, ओमप्रकाश और जयप्रकाश मामूली बात पर पीड़ित की पिटाई करने लगे। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। शिकायत पर पुलिस ने तीनों पर दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। एसओ संतोष कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि. 19/6/22

# डीएम ने मंदिर में की निर्माण कार्य की जांच



कटियारी प्राचीन मंदिर पर निर्माण कार्य की जांच करते जिलाधिकारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## मानक की अनदेखी पर प्रोजेक्ट मैनेजर को लगाई फटकार

## पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश

बरहज। कटियारी गांव में प्राचीन शिव और काली मंदिर परिसर का पर्यटन विभाग की ओर से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को जिलाधिकारी जेपी सिंह ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य का जायजा लिया। क्लैप टेस्ट में ईंट के फेल होने और मानक के विपरीत किए गए प्लास्टर को लेकर डीएम काफी तल्ख दिखे। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा।

लाव-लश्कर के साथ डीएम कटियारी गांव स्थित मंदिर परिसर में पहुंचे। अधिकारियों को देख आसपास के लोग भी जुट गए। पर्यटन विभाग की ओर से करीब 35 लाख की लागत से मंदिर परिसर में विकास कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत धर्मशाला, सत्संग भवन, यज्ञशाला, शौचालय, इंटरलाकिंग और चहार दीवारी बननी है।

जांच में चहारदीवारी के निर्माण में लगी ईंट दोयम दर्जे की पाई गई, जिसे तत्काल दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया। जबकि प्लास्टर भी मानक के विपरीत था। करीब आधे घंटे तक चली जांच में कर्मी पसीने-पसीने हो रहे थे।

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता कमल किशोर ने बताया कि जांच करने की जिम्मेदारी मिली है। समय सीमा के भीतर रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-06-2022

# डीएम व एसपी ने भ्रमण कर जांची सुरक्षा व्यवस्था

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** डीएम एस राजलिंगम एवं एसपी धवल जायसवाल अग्निपथ को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर शनिवार को बिहार से सटे इलाकों का भ्रमण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने बिहार बार्डर से सटे तरयासुजान, तमकुहीरोड एवं पनियहवा रेलवे स्टेशन पर पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

तमकुहीराज संवाद के अनुसार डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल पूरे लाव लश्कर के साथ तमकुहीरोड व तरयासुजान रेलवे स्टेशन पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों स्टेशनों का गहनता से निरीक्षण करने के बाद तरयासुजान रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को डेमू ट्रेन रोकने वाली घटना के बारे में जानकारी ली।

# मुठभेड़ के दौरान तस्कर का एक साथी फरार

- पुलिस ने मुठभेड़ में शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया
- हेडकांस्टेबल धर्मवीर को वाहन से कुचलकर मार डालने का है आरोपी
- दोनों को रुकने का इशारा करने पर पुलिस टीम पर की फायरिंग

**तमकुहीराज , हिन्दुस्तान संवाद।** तरयासुजान थाने में तैनात हेडकांस्टेबल धर्मवीर यादव को वाहन से कुचलकर मार डालने के आरोपी को स्वॉट, तरयासुजान एवं पटहेरवा थाने की पुलिस ने मुठभेड़ में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रुकने का इशारा किया तो पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया तथा दोनों बिहार की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम के पीछा करने पर मठिया खुर्द चखनी गण्डक नहर के पास बाइक छोड़कर दोनों झाड़ियों की आड़ लेकर पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में एक व्यक्ति के पैर में गोली लग गई, जबकि दूसरा भाग गया। पुलिस टीम ने घायल आरोपी को हिरासत में लेकर सीएचसी तमकुहीराज भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उससे कड़ाई से पूछताछ जारी है। थानाध्यक्ष तरयासुजान कपिलदेव चौधरी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी असलम पुत्र अहमद शाह पटहेरवा थानाक्षेत्र के काजीपुर टोला सुकरौली का निवासी व कुख्यात पशु तस्कर है। आरोपी ने स्वीकार किया कि जोकवा बाजार में पिकअप से पुलिसकर्मी को टक्कर मारी थी।

**गोलियों की आवाज से दहला इलाका:** मुठभेड़ में ताबड़तोड़ कई राउंड गोली चलने की आवाज सुनकर पूरा इलाका दहल गया। मामले की जानकारी के लिए जब लोग नहर की पटरी पर पहुंचे तो पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सभी रास्ते सील कर किसी तरह के प्रवेश पर रोक लगा दी। मौके पर लगभग दो घंटे तक अफ़रातफरी मची रही।

## आरोपी का आपराधिक इतिहास

• मु.अ.सं. 50/20 धारा 3/5 अ/8 गोवध अधि. व धारा 11 पशु क्रूरता अधि. थाना कसया जनपद कुशीनगर • मु.अ.सं. 81/15 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर • मु.अ.सं. 328/21 धारा 147, 148, 307, 352, 353, 427 भादवि थाना कैंट जनपद गोरखपुर • मु.अ.सं. 677/21 धारा 147, 352, 353, 427 भादवि थाना कैंट जनपद गोरखपुर • मु.अ.सं. 1/22 धारा 3/5 अ/8 गोवध अधि व147, 307, 323, 427, 504, 506 भादवि थाना शाहपुर गोरखपुर • मु.अ.सं. 4/22 धारा 307, 353, 392, 427, 504, 506 भादवि थाना गुलहरिया जनपद गोरखपुर में मुकदमा दर्ज है। आरोपी का गोरखपुर व कुशीनगर में लंबा आपराधिक इतिहास है।

## तमकुहीराज में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में किया प्रदर्शन, नारेबाजी

# अग्निपथ के विरोध में प्रदर्शन, लल्लू गिरफ्तार

**विरोध**

- पुलिस ने पहले दी चेतावनी तो गिरफ्तारी की जिद करने लगे
- पूर्व विधायक समेत करीब 50 कार्यकर्ताओं को चौकी पर बैठाया



शनिवार को आंदोलन की जिद पर अड़े कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस चौकी पर पहुंचाया। • हिन्दुस्तान

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। अग्निपथ के विरोध में यूपी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व तमकुहीराज के पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने तमकुहीराज कस्बे में प्रदर्शन किया। एसडीएम व सीओ की अगुवाई में पहुंची तरया सुजान पुलिस व एक प्लाटून पीएसी ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को रोककर उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन पूर्व विधायक के साथ प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने लगे। पुलिस ने पूर्व विधायक समेत सभी कार्यकर्ताओं व युवाओं की सांकेतिक गिरफ्तारी कर तमकुहीराज पुलिस चौकी पहुंचा दिया। जहां से लगभग दो घण्टे बाद आंदोलन नहीं करने का हिदायत देते हुए सभी को रिहा कर दिया गया।

शनिवार को यूपी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के अगुवाई में दर्जनों युवा व कांग्रेसी कार्यकर्ता केंद्र की अग्निपथ योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए तमकुहीराज कस्बे के पुराने शिव मंदिर परिसर में एकत्र हुए। वहां से सभी लोग योजना का वापस करने की मांग से सम्बंधित स्लोगन लिखे तख्तियों को लेकर केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए मुख्य कस्बा से होकर तरया मोड़ की तरफ जुलूस की शक्ल में जाने लगे। तमकुहीराज पुलिस चौकी के समीप एसडीएम व्यास नारायण उमराव व सीओ जितेन्द्र सिंह कालरा की अगुवाई में पुलिस टीम ने जुलूस को रोका और पूर्व विधायक अजय लल्लू व विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा बुझाकर प्रदर्शन समाप्त करने को कहा। लेकिन पूर्व विधायक के साथ प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने लगे। जिसके बाद पुलिस ने पूर्व विधायक समेत सभी कार्यकर्ताओं व युवाओं की सांकेतिक गिरफ्तारी कर तमकुहीराज पुलिस चौकी पहुंचा दिया। जहां पहुंचने के बाद भी पूर्व विधायक अजय लल्लू ने सरकार की नीतियों को जमकर कोसा। लगभग दो घण्टे बाद एसडीएम ने विरोध प्रदर्शन व आंदोलन नहीं करने का हिदायत देते हुए सभी को रिहा कर दिया।

## पुलिस फोर्स ने किया पैदल मार्च

हाटा। नगर में शांतिपूर्ण सौहार्द कायम रखने के दृष्टिगत शनिवार को दोपहर में अपर जिलाधिकारी देवीदयाल वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, कार्यवाहक उपजिलाधिकारी हाटा रत्निका श्रीवास्तव ने मय पुलिस टीम, राजस्व तथा नपा कर्मियों के साथ नगर में पैदल मार्च किया। इस दौरान आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया एवं सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने का संदेश दिया गया।

शनिवार को दोपहर में लगभग सौ की संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों तथा पुलिस के जवानों ने नगर में पैदल मार्च निकल कर लोगों को सुरक्षा और शांतिपूर्ण ढंग से रहने का संदेश देते हुए किसी असमाजिक तत्वों के बहकावे में नहीं आने की अपील की। इस दौरान कोतवाल आरके सिंह, अधिशाषी अधिकारी अजय कुमार सिंह, नगर चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुमार यादव, प्रदीप गुप्त, रामेंद्र तिवारी, हरिशंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुशीनगर में सिपाही को कुचलने वाला पशु तस्कर मुठभेड़ में घायल

- तरयासुजान के मठिया खुर्द के पास हुई मुठभेड़
- फरार होने में सफल रहा तस्कर का बाइक सवार साथी

जासं, (तरयासुजान), कुशीनगर : हाईवे पर वाहनों की जांच के दौरान तरयासुजान थाने के सिपाही धर्मवीर यादव की बुधवार को वाहन से कुचलकर की गई हत्या में शामिल पशु तस्कर को पुलिस व स्वाट टीम ने शनिवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। भोर में लगभग 5.30 बजे हुई मुठभेड़ में तस्कर असलम शाह के दोनों पैर में गोली लगी है। वह पटहेरवा थाना के काजीपुर गांव का रहने वाला है। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वाहन से कुचलकर सिपाही की हत्या में वह शामिल था। इसी के साथ शुरू में अज्ञात वाहन से कुचलने की बात करने वाली पुलिस ने भी माना है कि हत्या पशु तस्करों ने ही की है। पुलिस उसके साथी की तलाश कर रही है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि शनिवार को पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम पशु तस्करों की तलाश में हाईवे पर झरही पुल (तरयासुजान) के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान सलेमगढ़ की तरफ से आए बाइक सवार दो युवकों को टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख दोनों बिहार की तरफ भागने लगे। टीम ने पीछा किया तो रास्ता बदलकर लतवा चट्टी बाजार होते हुए बड़ी गंडक की तरफ भागे। पीछा करते हुए पुलिस उनके नजदीक पहुंची तो मठिया खुर्द के समीप खुद को घिरा देख उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक युवक के दोनों पैर में गोली लगी और वह गिर गया। उसकी पहचान असलम शाह निवासी काजीपुर के रूप में हुई। पूछताछ में उसने सिपाही धर्मवीर यादव की वाहन से कुचलकर हत्या की घटना में शामिल होने की बात बताई।

# शांति व्यवस्था के लिए छात्रों को समझाएंगे पूर्व सैनिक

**जासं, पडरौना :** सेनी में भर्ती की नई योजना अग्निपथ को लेकर चल रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर शनिवार को डीएम व एसपी ने सैनिक कल्याण व पुनर्वास बोर्ड, सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारियों के साथ संयुक्त बैठक की। शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्य योजना बनाकर समन्वय स्थापित करने एवं छात्रों को वस्तुस्थिति से अवगत कराने की बात तय हुई। सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारियों ने भी कहा कि छात्रों को इसको लेकर समझाया जाएगा।

बैठक में डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल संयुक्त रूप से कहा कि छात्रों को समझा-बुझाकर सावधानी व सूझबूझ के साथ समाधान कराने को लेकर जागरूक करें। सड़कों पर एकत्रित न होने दें, अफवाहों पर ध्यान न देने को लेकर उनको बताने का कार्य करें। इससे अराजकता की स्थिति खड़ी हो रही है, जो ठीक नहीं है। बैठक के बाद दोनों अधिकारी एक साथ पनियहवां रेलेवे स्टेशन पहुंचे और वहां सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली, आवश्यक निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने कहा कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। शांति व्यवस्था बनाए रखना शासन की प्राथमिकता हैं, इसका ध्यान हर हाल में रखें। रेलवे की संपत्ति को किसी दशा में नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा। अधिकारियों ने इसके बाद रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

# तमकुहीराज में थाना की स्थापना से अपराध पर लगेगा अंकुश

**जागरण संवाददाता, सेवरही :** तमकुहीराज तहसील है बिहार सीमा से सटी हुई है। पूर्व में यह क्षेत्र जंगल दस्यु से प्रभावित रहा है। अपराध एवं अपराधियों के हिसाब से यह संवेदनशील माना जाता है। यहां के लोग लंबे समय से थाने की मांग कर रहे थे जो अब प्रदेश सरकार पूरा की है। इससे लोगों में खासा उत्साह है। थाना की स्थापना से अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण करने में जहां पुलिस को सहूलियत मिलेगी वहीं जनसामान्य को भी अतिरिक्त सुरक्षा मिल सकेगी। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने तमकुहीराज में नवीन थाना की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की है। अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने गत 14 जून को संबंधित अधिकारियों को पत्र भेज कार्रवाई का निर्देश दिया है।

कस्बा निवासी त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह क्षेत्र जंगल दस्युओं का क्षेत्र रहा है। यहां के लोग सुरक्षा को लेकर हमेशा सशंकित रहते थे। थाना खुल जाने से अपराध में कमी आएगा।

व्यवसायी दिनेश पटेल ने कहा कि यहां के व्यापारी व आमलोग लंबे समय से थाना स्थापना की मांग कर रहे थे जो आज पूरी हो गई है। मन में बहुत प्रसन्नता है। अब अपराधियों का भय नहीं रहेगा।



डा. विजय कुमार श्रीवास्तव।



त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता।



हरकेश यादव।



दिनेश पटेल।

व्यवसायी हरकेश यादव ने कहा कि यह कस्बा अपराध की दृष्टि से हमेशा संवेदनशील रहा है। इसलिए यहां थाना होना नितांत जरूरी है। अब व्यवसायी निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करेंगे।

चिकित्सक डा. विजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यहां थाना खुल जाने से अब कोई डर भय नहीं रहेगा। पहले हर कोई अपने को असुरक्षित महसूस करते थे। अब कम से कम निडर होकर तो रहेंगे। सरकार की यह पहल सराहनीय है।

# अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन के मद्देनजर सतर्क रहा जिला प्रशासन

## रेलवे और बस स्टेशनों पर बढ़ाई गई सुरक्षा, डीएम और एसपी ने किया संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना( कुशीनगर)।** जिले में अग्निपथ योजना के विरोध में हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए दिन भर पुलिस ने मुस्तैदी बरती। शनिवार की सुबह से ही रेलवे और बस स्टेशनों के अलावा हाईवे पर पुलिस की पेट्रोलिंग बनी रही। डीएम एस राजलिंग और एसपी धवल कुमार ने संवेदनशील जगहों का निरीक्षण करके जानकारी ली।

जिले में स्थित रेलवे स्टेशनों की निगहबानी करते हुए सभी जगहों का पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने भ्रमण किया। इस दौरान किसी भी तरह की सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आती रही। एसपी ने सभी थानेदारों को हर गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए। डीएम और एसपी ने रेलवे राजकीय पुलिस और आरपीएफ से तालमेल बैठाकर काम करने के लिए कहा। डीएम ने साफ तौर पर कहा कि यदि कोई उपद्रव मचाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। छात्रों की समस्या सामने आने उनसे बातचीत करके प्रदर्शन करने से रोका जाए।

कप्तानगंज प्रतिनिधि के अनुसार, सेना भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन को देखते हुए शनिवार को एसडीएम गोपाल शर्मा और एसओ अनिल कुमार उपाध्याय ने कप्तानगंज रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। आरपीएफ के साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए गहन मंत्रणा की। इस स्टेशन से बिहार के लिए ट्रेनें जाती हैं। उसे देखते हुए प्रशासन ने कप्तानगंज स्टेशन की चौकसी बढ़ा दी है। **तमकुहीराज प्रतिनिधि** के अनुसार, कस्बे में पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू की अगुवाई में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को हिरासत में लेकर पुलिस ने उन्हें चौकी पर पहुंचा दिया। वहां पूर्व विधायक ने सभा शुरू कर दी। पुलिस व प्रशासन ने सभा करने से रोक दिया। फिर उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

**तमकुहीरोड प्रतिनिधि** के अनुसार, अग्निपथ योजना के विरोध में छात्रों के उग्र प्रदर्शन और बिहार बंद को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से शनिवार को तमकुहीरोड के रास्ते कोई ट्रेन नहीं चलाई गई। इससे तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन पर पूरे दिन सन्नाटा रहा।

लोगों का कहना था कि छात्रों के आंदोलन के चलते जहां रेल यातायात पूरी तरह प्रभावित हुआ है, वहीं यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं। यदि शीघ्र स्थिति सामान्य नहीं हुई तो यात्रियों की दिक्कतें और बढ़ सकती हैं। कप्तानगंज-थावे रेलमार्ग पर नियमित गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस, गोरखपुर-पाटलीपुत्र मेल पैसेंजर ट्रेन, सीवान-गोरखपुर डेमू ट्रेन और छपरा कचहरी-कप्तानगंज पैसेंजर ट्रेनों का संचालन होता रहा है। अग्निपथ योजना के विरोध के चलते इस रूट की ट्रेनें भी काफी प्रभावित हुई हैं। इस आंदोलन के चलते गोरखपुर से पाटलीपुत्र जा रही ट्रेन की एक बोगी को सिधवलिया में जला दिया गया था तो सीवान से गोरखपुर जा रही डेमू ट्रेन को तरयासुजान स्टेशन पर लगभग 45 मीनट तक रोक कर छात्रों ने हंगामा किया था। उसके चलते शुक्रवार को पाटलीपुत्र-गोरखपुर और छपरा कचहरी-कप्तानगंज ट्रेन को निरस्त कर दिया गया था। बिहार बंद और छात्रों के उग्र हो चुके आंदोलन को देखते हुए शनिवार को दूसरे दिन भी इन सभी ट्रेनों को नहीं चलाया गया।

उसके चलते तमकुहीरोड सहित अन्य स्टेशनों पर पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा।





गश्त करते डीएम एस.राजलिंगम और एसपी धवल जायसवाल। कप्तानगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचे एसडीएम गोपाल शर्मा व एसओ अनिल कुमार। संवाद



जनसभा करने पहुंचे पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को वापस जाने के लिए कहते उपजिलाधिकारी। संवाद

# तरयासुजान क्षेत्र में पुलिस से मुठभेड़ में पशु तस्करी के आरोपी को लगी गोली

## दोनों पैरों में गोलियां लगने के बाद घायल आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, बाइक व तमंचा-कारतूस बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**डिबनी बंजरवा/पडरौना।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के लतवा बाजार में शनिवार की सुबह पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के रोकने पर बदमाश ने गोली चलाकर भागने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके दोनों पैरों में गोली लगी। घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया।

पूछताछ में बदमाश की पहचान जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के काजीपुर, टोला सुकरौली निवासी असलम के रूप में हुई। छानबीन में पता लगा कि वह पशु तस्करों का साथी है। उसके पास से एक बाइक, तमंचा, कारतूस और 43 सौ रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस का कहना है कि उससे पूछताछ में जो जानकारी मिली है, उसके आधार पर आगे की जांच की जा रही है।



मुठभेड़ में घायल बदमाश को पकड़कर ले जाती पुलिस टीम। संवाद

जिले की सर्विलांस सेल, पशु तस्करों के बारे में जानकारी जुटा रही थी। शनिवार की सुबह सर्विलांस सेल प्रभारी राज प्रकाश सिंह को जानकारी मिली कि पशु तस्करों के गिरोह का बदमाश फोरलेन के लतवा बाजार मुख्य पश्चिमी गंडक नहर पांडेय मुन्नीपट्टी के समीप सक्रिय है। तरयासुजान पुलिस और स्वॉट टीम ने बदमाश की जानकारी लेकर घेराबंदी की।

पुलिस के अनुसार, बाइक सवार युवक को रोकने का प्रयास किया गया। वह पुलिस पर गोली चलाकर मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी से भागने लगा। अपना बचाव करते हुए पुलिस टीम ने भी गोलियां चलाईं। बदमाश के दोनों पैरों में गोलियां लगीं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी असलम ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गोरखपुर सहित अन्य जगहों से पशु तस्करी करता है। 14 जून को तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के जोकवा बाजार फ्लाईओवर पर तरयासुजान थाने के हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव को वाहन से कुचले जाने की घटना में वह भी शामिल था। पकड़े गए असलम पर गोरखपुर के शाहपुर, कैंट, गुलरिहा, कुशीनगर के पटहेरवा सहित अन्य थानों में जानलेवा हमला करने, पशु क्रूरता करने, जानमाल की धमकी देने सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज है।

इस बारे में तरया सुजान के प्रभारी निरीक्षण कपिल देव चौधरी ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश शातिर किस्म का है। गोरखपुर जनपद सहित कई जगहों पर उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उपचार के बाद पकड़े गए बदमाश को जेल भेजने की प्रक्रिया होगी।

# नोडल अफसर ने सड़क सुरक्षा की हकीकत जानी

**कसया।** मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल सड़क सुरक्षा व स्वच्छता संबंधी कार्यों का नोडल अफसर ने दौरा कर निरीक्षण किया।

नगर पालिका परिषद कुशीनगर की तरफ से पूरी हुई विभिन्न परियोजनाओं का उन्होंने भौतिक सत्यापन किया। विकास कार्यों से वह संतुष्ट दिखे।

सहायक निदेशक (स्थानीय निकाय) व नोडल अफसर उपेंद्र तिवारी शनिवार को कुशीनगर पहुंचे। उन्होंने पालिका की तरफ से बौद्ध कालीन नदी हिरण्यवती के बुद्धा घाट पर स्पेशल प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। घाट के सुंदरीकरण व पार्क निर्माण के कार्यों को गुणवत्ता व मानक के अनुसार करने के लिए निर्देशित किया। उसके बाद नवनिर्मित बस स्टेशन कसया परिसर में सफाई की व्यवस्था देखी।

**पौधरोपण अभियान की जानकारी ली**

**कसया बस स्टेशन की सफाई का जायजा लिया**

यहां शिफ्ट किए गए पटरी व्यवसायियों के लिए क्या प्रबंध है, उससे वाकिफ होने के लिए पडरौना मार्ग स्थल पर पहुंचे। इस मार्ग पर ही नालों की चल रही सफाई का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अकिधारियों और कर्मचारियों को कई जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद उन्होंने होटल पथिक निवास में जिले भर के नगर निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर ईओ प्रेमशंकर गुप्ता, श्रवण तिवारी, परवेज आलम समेत अन्य लोग मौजूद थे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-06-2022

# जिलास्तरीय समाधान दिवस

# 452 मामले में 44 निस्तारित

**निचलौल (एसएनबी)।** स्थानीय तहसील सभागार में आज जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ की मौजूदगी में किया गया। समाधान दिवस में कुल 103 मामले आये। इनमें 12 को मौके पर निस्तारण किया जा सका।

जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र निस्तारित करें। कुछ फरियादियों के कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की शिकायत पर उन्होंने मातहतों को चेताया कि हर हाल में यह सुनिश्चित किया जाये कि समाधान दिवस में आने वाले लोगों को भटकना न पड़े। मामलों के निस्तारण की निगरानी वरिष्ठ अधिकारी स्वयं करें। ग्राम खेसरारी के राजेन्द्र ने शिकायत

## अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी

किया कि उसके भाई ने पिता को बहला फुसला कर खेत का कुछ हिस्सा अपने औरत के नाम बैनामा करवा लिया है। फरियादी गणेश निवासी ग्रामसभा बरवा कृपाल ने खलिहान की भूमि पर कुछ लोग के अतिक्रमण की शिकायत दर्ज करायी। इसी क्रम में रामप्रसाद, मंजू, बिंदा, सोनिया, संजू, पूर्वशी, नरेन्द्र, सुरेंद्र, अंगद व बाढू निवासी ग्रामसभा जगरनाथपुर की शिकायत रही कि उनके पट्टे की भूमि पर कब्जा नहीं दिया जा रहा है। जगदौर निवासिनी दुर्गावती पत्नी स्व. दुर्विजय ने अपने पट्टीदार पर भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अशोक कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्रा, सीओ सुनील दत्त दुबे, एसओ रामाज्ञा सिंह व रजिस्ट्रार राकेश कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहे जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विकलांग कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**आनन्दनगर कार्यालय** के अनुसार सरकार के मंशा के अनुरुप महीने के प्रथम व तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले तहसील स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन आज तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी फरेन्दा रामसजीवन मौर्य के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 235 मामले फरियादियों द्वारा लाये गये जिसमें 22 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष मामलों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु सौंप दिया गया। तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील के सभगार में उपजिलाधिकारी फरेन्दा रामसजीवन मौर्य के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, भूमि सम्बन्धित कुल 235 मामले निस्तारण हेतु पेश किये गये। मौके पर 22 मामलों का निस्तारण कर शेष 213 मामलों को तहसील स्तरीय अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी फरेन्दा रामसजीवन मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतकर्ता के शिकायत को सप्ताह भर के अन्दर निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान तहसीलदार मजिस्ट्रेट फरेन्दा, खण्ड विकास अधिकारी फरेन्दा, पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेन्दा कोमल प्रसाद मिश्रा,एडीओ पंचायत फरेन्दा व बृजमनगंज, जेएमआई शिवकुमार सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**नौतनवा कार्यालय** के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में नवागत उपजिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मिश्र की अगुआई में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 114 मामले दर्ज किये गये। इस दौरान 10 मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिये गये। बाकी बचे मामलों को सम्बंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश के बाद वापस भेज दिया गया। गौरतलब है कि अभी हाल ही में उपजिलाधिकारी नौतनवा का कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहला मौका था जब एसडीएम श्री मिश्र ने सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इसकी वजह से फरियादियों की संख्या अन्य दिवसों के मुकाबले कहीं अधिक रही। एसडीएम श्री मिश्र ने एक एक कर शिकायतों को ध्यान से सुना और मौके पर ही समाधान किये जाने का प्रयास किया। इसी क्रम में दस मामले मौके पर ही निस्तारित हो गये। बाकी बचे सभी मामलों को समाधान के निर्देश के साथ सम्बंधित विभागों को भेज दिया गया। इस दौरान पुलिसक्षेत्राधिकारी देवेन्द्र कुमार उपाध्याय, तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी राजनाथ यादव,आपूर्ति निरीक्षक राघवेन्द्र शाही सहित पुलिस सर्किल के सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे।



निचलौल में फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

# 193 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध  व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर  193 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 8 वाहनों से 9500 ₹ शमन शुल्क वसूल किया गया।

# समाधान दिवस में आए 103 मामले, 12 निस्तारित

**महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम।** निचलौल तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में 103 लोगों ने अपनी शिकायत की। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ की मौजूदगी में महज 12 मामले ही निस्तारण हो सके। इस दौरान डीएम ने गैर हाजिर तीन अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित तीन लोगों के न रहने पर डीएम ने स्पष्टीकरण मांगा। मदनपुरा निवासी कौशल कुमार ने शिकायत दर्ज कराई कि इनके खेत में बिजली विभाग की ओर से टावर लगाने के लिए पांच महीने पहले फाउंडेशन तैयार किया गया था और यह आश्वासन दिया था कि 15 दिन के अन्दर जमीन का मुआवजा दिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस दौरान सीएमओ डॉ. एके श्रीवास्तव, एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र, तहसीलदार वाचस्पति सिंह आदि मौजूद रहे।

**सदर तहसील में भी 12 मामले निस्तारण:** सदर तहसील में एसडीएम मो. जसीम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 94 लोगों ने अपनी शिकायत रखी। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार की मौजूदगी में इनमें से 12 लोगों के ही मामले मौके पर निपटाए जा सके।

## नौतनवा में 114 में से 10 मामले निपटे

नौतनवा तहसील सभागार में एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 114 मामले आए। इनमें राजस्व के 10 मामलों का ही निस्तारण किया जा सका। एसडीएम ने समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों के मामलों की गंभीरता से जांच कर समय सीमा के भीतर निस्तारण के आदेश दिए।

## 235 में से 22 निस्तारित

फरेंदा में एसडीएम रामसजीवन मौर्य की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सीओ कोमल प्रसाद मिश्र की मौजूदगी में 235 मामले आए। इनमें से अधिकारियों ने 22 मामलों का मौके पर हल कर दिया। शेष मामलों के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

# महिला ने एसपी से लगाई गुहार

**सिंदुरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहनापुर की एक महिला अपने ही गांव के कुछ लोगों द्वारा घर में घुस गाली-गुप्ता देने व मारने-पीटने की धमकी देने का आरोप लगाई है। एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। महिला का कहना है कि वह सिन्दुरिया थाना में तहरीर दी है लेकिन कार्रवाई कार्रवाई पुलिस नहीं कर रही है।

# तीन पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**निचलौल।** क्षेत्र के ग्राम कलनही खुर्द निवासिनी विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के आरोप में केस दर्ज किया है।

विवाहिता के पिता नरेन्द्र यादव निवासी कस्बा निचलौल की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि उनकी बेटी की शादी ग्राम कलनही खुर्द में हुई थी।

# प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**महराजगंज।** ऑल इंडिया मजजिल-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को प्रदेश में हिंसक गतिविधियों को लेकर राज्यपाल से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस मामले में कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष सरवन खान ने बताया कि  पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए हथकंडे अपनाए जा रहे। कानपुर में तीन मई को हुई हिंसा में पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई की जा रही।

# लापरवाही से बाइक चलाने वाले पर केस

**निचलौल।** कस्बे के घोड़हवां मोहल्ले में लापरवाही से बाइक चलाते हुए एक लड़के को बीते तीन जून को घायल कर दिए जाने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज किया है। हादसे में घायल सोनू की माँ आयशा बेगम निवासिनी घोड़हवां वार्ड नगर पंचायत निचलौल द्वारा पुलिस को इस घटना को लेकर तहरीर दी।

# गैंगस्टर एक्ट का वांटेड हुआ गिरफ्तार

**पनियरा।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित व लूटपाट में आरोपित को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत औरहिया निवासी साहेब उर्फ अभिषेक को गिरफ्तार किया गया है।

# सीओ ने दहेज हत्या केस की विवेचना की

महराजगंज। सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने दहेज हत्या के मामले में एक केस की विवेचना आठ दिन में पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। जबकि इस तरह के मामले की विवेचना के लिए तीन माह का समय मुकर्रर है।

मामला पनियरा क्षेत्र का है। कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पनियरा थाने में 10 जून को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी की शादी पनियरा क्षेत्र निवासी महाराणा प्रताप सिंह के साथ हुई है। पांच लाख रुपया की डिमांड कर रहे थे। आरोप लगाया कि मांग पूरी नहीं होने पर नौ जून की रात नौ बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी बेटी को फांसी का फंदा लगाकर मार दिया। प्रकरण में पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज किया।

# जिलेभर में अलर्ट रही पुलिस, विरोध पर नजर

## अग्निपथ पर आक्रोश

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** अग्निपथ योजना को लेकर चल रहे विरोध के मद्देनजर पुलिस शनिवार को चौकन्नी रही। धनेवा-धनेई स्थित स्टेडियम के सामने सुबह छह बजे ही कोतवाल रवि राय की अगुवाई में पुलिस फोर्स पहुंच गई, ताकि स्टेडियम आने वाले युवाओं की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

यहां पुलिस फोर्स नौ बजे के करीब तक तैनात रही। वहीं हर उन जगहों पर पुलिस का पहरा था, जहां विरोध प्रदर्शन की आशंका थी। एक दिन पहले शुक्रवार को अग्निपथ योजना के विरोध में महराजगंज में भी गरमाहट रही। कलक्ट्रेट पर युवाओं के पहुंचने के साथ परतावल से युवाओं का जत्था मुख्यालय के लिए निकला था। भिटौली में पुलिस लगाकर साइकिल रैली लेकर आ रहे युवाओं को रोकना पड़ा। इस विरोध के मद्देनजर एहतियातन शनिवार को पुलिस फोर्स चौकस रही। स्टेडियम के सामने पुलिस की सक्रियता रही। वहीं, शहर के हर जगह पुलिस कर्मी लगे थे, जहां विरोध की आशंका थी।



धनेवा-धनेई स्थित स्टेडियम के सामने सुबह से ही कोतवाली पुलिस मुस्तैद रही।

### अग्निपथ योजना युवाओं के साथ धोखा : महेश

**निचलौल।** इंकलाबी नौजवान सभा जिलाध्यक्ष महेश गुप्ता ने बताया कि अग्निपथ भर्ती योजना नौजवानों के साथ छल है। नौजवानों के जीवन पर कुठाराघात है। इस योजना को तत्काल प्रभाव से केन्द्र सरकार को वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार पहले से ही सरकारी विभागों का निजीकरण करना शुरू कर दिया है। संविदा पर नौजवानों को रोजगार दिया जा रहा है।



शनिवार को डीएम सत्येन्द्र कुमार ने नारायणी नदी के बांधों का किया निरीक्षण।

# डीएम व एसपी ने नारायणी नदी के बांधों का किया निरीक्षण

**निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद।** डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शनिवार को नेपाल स्थित नारायणी ( गंडक ) नदी के बांधों पर हो रहे बाढ़ बचाव के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नेपाल लिंक बांध व बी गैप बांध के ठोकरों पर सिंचाई खंड द्वितीय द्वारा कराये जा रहे सीसी ब्लॉक ढलाई व परक्युपाइन डालने के कार्यों को मौके पर देखा और जल्द कार्यों को पूरा कराने का निर्देश एक्सइएन राजीव कपिल को दिया। एक्सइएन ने बताया कि जिन बांधों पर सी सी ब्लॉक ढलाई का कार्य होना था वह पूरा हो चुका है। डीएम ने सभी बांधों पर पहुँचकर मौके पर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद बाल्मीकिनगर बैराज का भी डीएम ने जायजा लिया। इस दौरान सहायक अभियंता अनिल कुमार सिंह, संजय कुमार मल्ल, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, जेई मोहम्मद शरीफ आदि मौजूद रहे।

# 24 तक पुलिसकर्मियों के अवकाश पर रोक

**जासं , महराजगंज:** अग्निपथ योजना को लेकर देश के कई राज्यों व प्रदेश के कई जिलों में हुए बवाल को लेकर जिला पुलिस अलर्ट है। सार्वजनिक स्थलों पर जुटी भीड़ से लेकर पुलिस इंटरनेट मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि बनाए हुए है। संभावित बवाल और शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिसकर्मियों के अवकाश पर 24 जून तक के लिए रोक लगा दी गई है। साथ ही थानों पर पूरी सतर्कता के साथ पुलिस द्वारा कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

अग्निपथ योजना को लेकर जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण स्तर तक पुलिस सक्रियता बनाए हुए हैं। थाना स्तर पर सेना की तैयारी करने वाले युवाओं से संपर्क स्थापित कर उनसे शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने के लिए जागरूक करने के साथ ही पुलिस शांति कायम रखने की सलाह दी है। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस लोगों से संपर्क स्थापित किए हुए हैं। साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है, कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग करें।

# समस्याओं के निस्तारण में नहीं आ रही तेजी

## संपूर्ण समाधान दिवस में आए 545 मामले, मात्र 56 का समाधान

**जागरण टीम, महराजगंज:** जिले की चारों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 545 मामले आए, जिसमें 56 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष संबंधित विभागों को निस्तारित करने के लिए भेजा गया। वहीं निचलौल में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



निचलौल में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा.कौस्तुभ • जागरण

सदर तहसील में एसडीएम सदर मो. जसीम की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इसमें 94 मामले में से 12 का निस्तारण किया गया। निचलौल संवाददाता के अनुसार जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के समक्ष कुल 102 मामले आए, जिसमें 12 का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें। लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सीएमओ डा. अशोक कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र, सीओ सुनील दत्त दुबे, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, नायब तहसीलदार नवीन निश्चल त्रिपाठी, सीएचसी अधीक्षक डा. अंग्रेश सिंह, अधिशासी अधिकारी देवेंद्र मणि त्रिपाठी, थाना प्रभारी निचलौल रमाज्ञा सिंह, कोठीभार रमाशीष यादव, ठूठीबारी संजय दुबे उपस्थित रहे। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार फरेंदा तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य की अध्यक्षता में 235 मामले आए, जिसमें 22 का निस्तारण किया गया। नौतनवा संवाददाता के अनुसार एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आए 114 मामले में 10 का निस्तारण किया गया।

इस दौरान सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय, तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, सोनौली कोतवाल मनोज कुमार राय समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### वसीयत को लेकर तहसील में भाइयों ने मचाया हंगामा

**जासं, नौतनवा:** तहसील परिसर मे शनिवार को वसीयत कराने को लेकर तीन सगे भाइयों ने जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। मामले की जानकारी होने पर सभागार मे आयोजित संपूर्ण समाधान में शिकायत सुन रहे सीओ मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। काफी सूझबूझ से बढ़ते विवाद को शांत कराया। नगर पालिका मधुबन नगर वार्ड निवासी इंदर कौर की चार संतान गुरुदीप सिंह, रजीत सिंह,हरिजीत सिंह व हरविंदर सिंह है। जुड़वा भाई हरिजीत सिंह व हरविंदर सिंह ने अफसरों को बताया कि उनके बड़े भाई रजीत सिंह बग्गा उनकी कैंसर से पीड़ित मां को घर से उठा ले गए और उसको बहलाफुसला पैतृक संपत्ति को अपने नाम करवाने के प्रयास में है। शनिवार को रोगी मां को बड़े भाई की पत्नी व उसके लड़के तहसील मे वरासत कराने ले गए। सूचना मिलने पर वह भी पहुंचे और अपने हिस्से की भूमि की मांग करते हुए विरोध करने लगे। जबकि सबसे बड़े भाई गुरुदीप सिंह लोधियाना में है, उनसे इस विवाद से कोई लेना देना नहीं है। सूचना पर मौके पर बयान दर्ज करने पहुंचे रजिस्ट्रार राम इकबाल यादव ने बताया कि बुजुर्ग महिला कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है। इसलिए कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं की गई है। सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि वरासत के दौरान हुए हंगामे को समझाकर दोनों पक्षों को शांत करा दिया गया है।

# कोटेदार के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, चौक बाजार:** नक्शा बक्शा गांव के 28 नर्सरी निवासी कोटेदार पर चौक पुलिस ने धोखाधड़ी सहित आइटी एक्ट एवं मारने के लिए दौड़ाने का मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी श्यामसुन्दर तिवारी ने बताया कि वनग्राम 28 निवासी पूर्णमासी ने पत्रक देकर गांव के कोटेदार पर फर्जी तरीके से राशन वितरण के दौरान अंगुली लगाकर कार्डधारकों के खाते से रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदा कोयला बरामद

**ठूठीबारी।** भारतीय क्षेत्र से कोयला लेकर नेपाल में प्रवेश करते समय वहां के पुलिसकर्मियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर महेशपुर भंसार कार्यालय के सुपुर्द कर दिया। जिला प्रहरी कार्यालय सूचना अधिकारी डीएसपी राजू लामा ने बताया कि भारतीय क्षेत्र से एक ट्रैक्टर ट्राली पर कोयला लाद कर बुदंतवापुर के रास्ते नेपाल लाने का प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने ट्रॉली कब्जे में ले ली। संवाद

## वांछित गिरफ्तार

**पनियरा।** पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर लूट व अन्य मामलों में वांछित को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि  वांछित साहेब उर्फ अभिषेक निवासी औरहिया के खिलाफ गैंगस्टर सहित लूट, धमकी व जालसाजी सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। उसे मुजुरी चौराहा से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# तीन अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया

## जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में 103 मामलों में 12 निस्तारित

संवाद न्यूज एजेंसी



निचलौल तहसील सभागार में समस्या सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी डॉ.कौस्तुभ। संवाद

**महराजगंज।** निचलौल तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में तीन अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही डीएम ने जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के भी निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने लोगों की शिकायतें सुनीं। कुल 103 मामले आए, जिसमें 12 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

निचलौल प्रतिनिधि के अनुसार जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिला पिछड़ा कल्याण, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी व जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान सीएमओ एके श्रीवास्तव, पीडी रामकरन पाल, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी एपी सिंह, डीआईओएस अशोक कुमार सिंह, एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे आदि मौजूद रहे।

सदर तहसील सभागार में एसडीएम मोहम्मद जसीम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुई। कुल 94 मामले आए, जिसमें 12 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इस दौरान एएसपी निवेश कटियार व सीओ अजय चौहान मौजूद रहे।

फरेंदा प्रतिनिधि के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस, एसडीएम रामसजीवन मौर्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें कुल 235 मामले आए। 22 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व के सबसे अधिक मामले आए। **नौतनवां में** आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जहां, कुल 114 मामले आए, जिसमें राजस्व के 10 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय, तहसीलदार मुकेश सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, बीडीओ लक्ष्मीपुर अमरनाथ पांडेय आदि मौजूद रहे।

# छापे में 26 लीटर कच्ची शराब बरामद

**फरेंदा।** आबकारी फरेंदा व नौतनवां की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में कच्ची शराब के अड्डे पर छापा डाला। जहां से अधिक मात्रा में लहन बरामद करते हुए शराब की कच्ची भठ्ठियां तोड़ दीं। मौके पर पकड़े गए दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

आबकारी निरीक्षक रवि विद्यार्थी ने बताया कि क्षेत्र के गुदरीपुर, परगापुर, बनकटी सहित आसपास के क्षेत्र में कच्ची शराब बनने की सूचना पर छापा डाला गया।

जहां से 26 लीटर कच्ची शराब व पांच क्विंटल लहन नष्ट करते हुए शराब की तीन भठ्ठियां तोड़ी गई। इस दौरान आबकारी निरीक्षक नौतनवां संदीप नाथ त्रिपाठी, शिवेंद्र तिवारी, सुरेश कुमार सोनकर, सुरेंद्र गौड़ आदि मौजूद रहे। संवाद

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-06-2022

# कोर्ट के आदेश पर रेप का मुकदमा दर्ज

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रेप का मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी कक्षा 10 की छात्रा है। आरोप है कि 9 मई 2022 को दिन में करीब 9 बजे गन्ने का खेत देखने गई थी, तभी अचानक गांव का ही एक युवक ने मेरी बेटी को पकड़ लिया और गमछे से मुंह बांधकर खेत में ले गया। दुष्कर्म कर धमकी दी। एसओ शशांक शेखर राय ने बताया कि प्आरोपी विजय, शिवकेश पर केस दर्ज किया है।

# अर्थविक्षिप्त का मिला शव पोस्टमार्टम को भेजा

रुधौली। थाना क्षेत्र के छपिया मे गांव के उत्तर मिले अज्ञात शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शनिवार की सुबह छपिया के पास एक अज्ञात शव मिला। मौके पर पहुंचे एसआई मो. मुस्तफा तथा एसआई श्याम सुन्दर ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। शव की पहचान नहीं हो पा रही थी। शव को थाने लाया गया। दोपहर के समय जनपद के बेलहर थाना क्षेत्र स्थित पिपरा प्रथम निवासी कईम के परिजन आए और बताया कि यह शव कई के अर्धविक्षिप्त पुत्र शहीद (22) का है। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है।

# मारपीटा का केस

बस्ती। लालगंज थाने की तिघरा निवासी सोनू ने आरोप लगाया है कि रामकुमार, गिरगेश, लुटावन, माया ने मारापीटा। मां के पैर की हड्डी टूट गई। केस दर्ज किया।

# अश्लील टिप्पणी

बस्ती। रुधौली थाना क्षेत्र के रहने वाले एक महिला ने आरोप लगाया है कि बेटी शुक्रवार को जब घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी तो गांव के चंद्रकेशव ने उस पर अश्लील टिप्पणी की। मना करने पर उसे वह जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# पैसा चोरी कर भागने वालों पर केस

बस्ती। हरैंया पुलिस ने नरायनपुर तिवारी निवासी चंद्रभान त्रिपाठी की तहरीर पर मुकदमा कायम किया है। उनका आरोप है कि शुक्रवार को दिन में उनकी नरायनपुर स्थित दुकान के गल्ले से दो अज्ञात व्यक्ति पैसा चुराकर भाग गए।

पुलिस ने आईपीसी 380 के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं गौर पुलिस ने डिगर भरिया निवासी शेर बहादुर सिंह उर्फ सम्मी की तहरीर पर पानी चलाने वाला मोटर खेत से चोरी होने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# मारपीट का केस

बस्ती। कलवारी थानांतर्गत रजपुरवा निवासी बाबूराम का आरोप है कि उन्हें व चचेरी बहन को अमरजीत, इन्द्रजीत, बुधिराम व बलिराम ने अपशब्द कहा। मारपीट कर धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने पर मुकदमा

बस्ती। पैकोलिया थाने में आरक्षी शक्ति कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अनीस अंसारी नाम के व्यक्ति ने फेसबुक पर नुपुर शर्मा के बयान पर आपत्तिजनक पोस्ट किया। उस पर केस दर्ज किया गया है। इसी थाने के हेड कांस्टेबल राजीव गौड़ ने महिलाओं पर फब्तियां कसने व गंदे इशारे करने के आरोप में रवि प्रताप सिंह उर्फ बब्लू सिंह पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## चोरी का मुकदमा दर्ज किया

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने नरायनपुर तिवारी निवासी चंद्रभान त्रिपाठी की तहरीर पर मुकदमा कायम किया है। उनका आरोप है कि शुक्रवार को दिन में उनकी नरायनपुर स्थित दुकान के गल्ले से दो अज्ञात व्यक्ति पैसा चुरा भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# जिले में 31 जुलाई तक धारा 144 लागू

**सख्ती**

बस्ती, निज संवाददाता। डीएम प्रियंका निरंजन ने पूरे जनपद में जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से 31 जुलाई 2022 तक धारा 144 का प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है।

उन्होंने बताया कि कानपुर में जुमा की नमाज के दौरान घटित हिंसात्मक घटना एवं छह जुलाई 2022 को प्रस्तावित बीएड की प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद में शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य यह प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया गया है। डीएम ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पांच या इससे अधिक व्यक्तियों का समूह एकत्रित नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा। कोई भी सभा करने से पूर्व संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट अथवा जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेनी होगी। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिबन्धित, अवैध अस्त्र-शस्त्र जैसे आग्नेयास्त्र, बन्दूक, पिस्टल, राइफल, रिवाल्वर, तलवार, कटार, गुप्ती, चाकू, लाठी, स्टिक, भाला, बरछा, फरसा, गड़ासा एवं किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ जैसे हथगोला, बारूद, तेजाब आदि लेकर नहीं चलेगा। सार्वजनिक स्थलों अपने भवनों अथवा छतों पर कंकड़, पत्थर, खाली बोतल का संग्रह नही करेंगा। उन्होने बताया कि परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों एवं परीक्षको तथा परीक्षा संचालन से संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति प्रवेश नही करेगा।

# राजस्व की शिकायतों की भरमार, डीएम हुई नाराज

## समाधान दिवस

बस्ती, निज संवाददाता। सम्पूर्ण समाधान दिवस रूधौली में सर्वाधिक शिकायते राजस्व विभाग की प्राप्त होने पर डीएम प्रियंका निरंजन ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया है कि कानूनगों एवं लेखपाल के हल्कावार शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाय। सर्वाधिक शिकायत जिस हल्के से आएगी, वहां के कानूनगो एवं लेखपाल की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

डीएम ने कहा कि आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र काफी संख्या में डिफाल्टर है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 155 शिकायते प्राप्त हुयी, जिसमें से 28 का मौके पर निस्तारण किया गया। अवशेष 127 शिकायतों को विभागीय अधिकारियों को 10 दिन के भीतर निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। तहसील समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, सीएमओ डा. चन्द्रशेखर तथा उप जिलाधिकारी गुलाब चन्द्र ने लोगों की समस्याओं को सुना। पीडी कमलेश सोनी, तहसीलदार प्रमोद कुमार, डीआईओएस डीएस यादव, बीएसए, अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-चार, सत्यवीर सिंह, एसएस सिंह आदि उपस्थित रहे।

**भानपुर संवाद के अनुसार** एसडीएम गिरीश झा ने फरियादियों के मामलों की सुनवाईकी। कुल 70 मामले पंजीकृत किए गए जिसमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। **हर्रैया संवाद के अनुसार** एडीएम अभय कुमार मिश्र ने शिकायतों की सुनवाई किया। कुल 119 मामले में आठ का निस्तारण कर दिया गया।

# पंजीयन का दुरुपयोग, केस

बस्ती। परसरामपुर थाने पर राज्य कर अधिकारी खंड दो अरूण कुमार मिश्रा ने तहरीर देकर बताया है कि पिन्टू गारमेंट व जयप्रकाश निवासी हैदराबाद थाना परसरामपुर ने विभाग से प्राप्त पंजीयन का दुरुपयोग करते हुए कुल 12 लाख 54 हजार 400 रुपया की सीजीएसटी व एसजीएसटी जो राजकीय राजस्व है, उनकी क्षति पहुंचाई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इसी थाने की पुलिस ने बडौरा तालाब के पास लगे शिलापट को तोड़ने के आरोप में अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

# मारपीट कर घर से निकाला, केस

बस्ती। महिला थाने में तहरीर देकर दुबौलिया थाना क्षेत्र की मधू ने बताया है कि उनकी शादी छावनी थाना क्षेत्र के देवखर मिश्र निवासी जसवन्त कन्नौजिया के साथ हुई है। उनका आरोप है कि ससुराल में कम दहेज लाने के कारण उन्हें मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने पति, ससुर गया समेत छह पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अग्निपथ योजना के लाभ युवाओं को बताने पर फोकस



कलक्ट्रेट सभागार में विभिन्न शिक्षण व कोचिंग संस्थान के संचालकों संग शनिवार को बैठक करते अपर जिलाधिकारी व एएसपी। • हिन्दुस्तान

## पहल

**बस्ती, निज संवाददाता।** अग्निपथ योजना को लेकर विभिन्न राज्यों में हुए बवाल व विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्कता बरत रहा है। शनिवार को एडीएम अभय कुमार मिश्रा व एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने कलक्ट्रेट सभागार में जनपद बस्ती के विभिन्न कोचिंग संस्थानों व शिक्षण संस्थानों के संचालकों व प्रधानाचार्यो के साथ बैठक की। इस दौरान उनसे छात्रों को अग्निपथ योजना के लाभ के सम्बन्ध में बताने का आग्रह किया गया।

अफसरों ने सभी से अपील करते हुए कहा कि युवाओं को समझाने का प्रयास करें कि कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखें। प्रशासन का सहयोग करें और अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए अशांति न फैलाएं।

जिले में रेलवे स्टेशन से लेकर अन्य स्थानों पर प्रशासन पूरी तरह सतर्कता बरत रहा है। शुक्रवार को डीएम व एसपी ने रेलवे स्टेशन समेत विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण कर लोगों से संवाद कर उन्हें शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि भारत सरकार स्तर से घोषित सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के लिए युवाओं ने यूपी समेत अन्य राज्यों में प्रदर्शन किया था, इसके मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोडपर है। रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी कैमरे से भी लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही खुफिया तंत्र भी पूरी सक्रिय है।

# राजस्व की मिली अधिक शिकायतें

## कानूनगो व लेखपाल को हल्कावार शिकायतें सूचीबद्ध करने का निर्देश

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** शनिवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 548 शिकायतें आईं जिनमें से मौके पर 62 का ही निस्तारण हो सका। रुधौली में सुनवाई कर रहीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की मिलीं। इस पर उन्होंने असंतोष जताते हुए निर्देश दिया कि कानूनगो एवं लेखपाल हल्कावार शिकायतों को सूचीबद्ध करें। कहा कि सर्वाधिक शिकायत जिस हल्के से आएगी, वहां के कानूनगो एवं लेखपाल की जवाबदेही तय की जाएगी। आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र के मामलों को प्राथमिकता के तौर पर निस्तारित किया जाए।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का सही समाधान करें। गलत शिकायतों की तदनुसार रिपोर्ट लगाएं। उन्होंने समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। संपूर्ण समाधान दिवस रुधौली में कुल 155 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 28 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, सीएमओ डा. चंद्रशेखर, उप जिलाधिकारी गुलाब चंद्र ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। वहीं बस्ती सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सदर सूरज यादव ने शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान कुल 204 शिकायतें आयीं, जिनमें से 16 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।



रुधौली तहसील मे आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मे फरियाद सुनती डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा .राजेश कुमार प्रजापति व अन्य ● जागरण



हरैया मे फरियाद सुनते एडीएम अभय कुमार मिश्र व एएसपी दीपेंद्रनाथ ● जागरण

**हरैया में महज आठ शिकायतें निस्तारित:** शनिवार को हरैया तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर एडीएम अभय कुमार मिश्र, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर व एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस पर कुल 119 शिकायतें आयीं जिनमें महज आठ का ही मौके पर निस्तारण हो सका। यहां भी सर्वाधिक 56 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अजय वर्मा, बीईओ बड़कऊ वर्मा, बीडीओ सुरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**औपचारिकता में निपटा संपूर्ण समाधान दिवस, बस्ती :** जन शिकायतों के निस्तारण के लिए आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस औपचारिकता में बीत गया। मुख्य विकास अधिकारी की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार झा ने शिकायतें सुनीं। कुल 70 शिकायतों का पंजीकरण किया गया जिसमें 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सबसे अधिक 46 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। सकतपुर की करिश्मा गौतम ने चकनाली को अतिक्रमणमुक्त कराए जाने की मांग की। अमरौली शुमाली के नारंग प्रसाद ने शिकायत किया कि गाटा संख्या 1539 रकबा 0.036 हे. बंजर भूमि है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण हुआ है। उसके बगल पूर्व प्रधान व एक अन्य व्यक्ति द्वारा जबरन मकान निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया है। भानपुर की बीबी हाजरा व पूनम ने आवासीय पट्टा व प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने की मांग की। तहसीलदार केशरी नंदन तिवारी, खंड विकास अधिकारी सल्टौवा राजेंद्र यादव, रामनगर के सईद अहमद, सीडीपीओ दिलीप कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सलाहकार समिति सदस्य ने देखी स्टेशन की व्यवस्था

**जासं, बस्ती :** पूर्वोत्तर रेलवे सलाहकार समिति लखनऊ के सदस्य मनमोहन श्रीवास्तव काजू शनिवार को बस्ती स्टेशन पहुंचे और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों से स्टेशन की कार्य योजना और सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। अग्निपथ योजना को लेकर विभिन्न स्टेशनों पर हो रहे विरोध प्रदर्शन से संबंधित तैयारियों को देखा। कहा कि बस्ती स्टेशन पर सुरक्षा की सख्त व्यवस्था है, स्टेशन परिसर में पुलिस के जवानों द्वारा परेड भी किया गया है और अधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने समूह के उत्पादों की प्रदर्शनी देख महिलाओं को सराहा



रुधौली ब्लाक मुख्यालय पर लगे स्वयं सहायता समूह के स्टालों का अवलोकन करतीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ● जागरण

- **ब्लाक मुख्यालय पर क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में उत्पादों की लगी थी प्रदर्शनी**
- **सीडीपीओ की अध्यक्षता में आहार, दवा और डलिया देकर किया गया गोद भराई**

**जासं, रुधौली, बस्ती :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में समूह के उत्पादों की प्रदर्शनी का डीएम और एसपी ने अवलोकन किया। उत्पादों की क्वालिटी और महिलाओं के प्रयासों को अधिकारियों ने सराहा।

रुधौली ब्लाक मुख्यालय परिसर में आयोजित सम्मेलन में डीएम, एसपी और सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति का समूह की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। डीएम ने फीता काटकर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

विभिन्न समूह की महिलाओं द्वारा साबुन, धूपबत्ती, सत्तू, बेसन, दोना-पत्तल, पापड़, चिप्स, सिरका, आम, आंवला, लहसुन, चना सहित अन्य का अचार, टायलेट क्लीनर आदि के स्टाल लगाए गए थे। समूह की महिलाओं गाय के गोबर से तैयार की गई अगरबत्ती, टायलेट क्लीनर को लेकर डीएम ने कहा कि आयुष व देसी नुस्खे से बनाए गए उपयोगी और महत्वपूर्ण सामान का स्टाल विकास भवन व एसपी आफिस पर अवश्य लगवाया जाए। इससे स्वदेशी सामान को बढ़ावा मिल सकेगा।

**डीएम ने कराई गोद भराई व अन्नप्राशन की रस्म :** बाल विकास परियोजना के तहत ब्लाक मुख्यालय पर सीडीपीओ साधना गुप्ता की अध्यक्षता में रुद्रनगर की रेखा को डीएम द्वारा फल, पौस्टिक आहार व स्वास्थ्य संबंधित दवा समेत की डलिया देकर गोद भराई किया गया। वहीं छह माह के सुमित को खीर खिलाकर अन्नप्राशन करवाया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, पीडी कमलेश कुमार सोनी, डीसीएन आरएलएम रामदुलार, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल आदि मौजूद रहे।



# कोचिंग व शिक्षण संस्थानों के संचालकों की बैठक

**बसती :** अपर जिलाधिकारी अभय कुमार मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार–कक्ष में कोचिंग व शिक्षण संस्थानों के संचालाकों के साथ बैठक की गई। अग्निपथ योजना का युवाओं द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई। संचालकों से कहा गया कि वे छात्रों को अग्निपथ योजना के लाभ के संबंध में बताएं। उन्हें योजना के बारे में समझाएं।

# राजकीय राजस्व की क्षति के मामले में मुकदमा

**बस्ती:** परशुरामपुर पुलिस ने राजकीय राजस्व की क्षति के मामले में दो लोगों पर धोखाधड़ी, कूटरचना, अभिलेखों में हेरफेर की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में राज्य कर अधिकारी खंड-2 अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि पिन्टू गारमेंट हैदराबाद सिकन्दरपुर बस्ती द्वारा प्राप्त पंजीयन का दुरुपयोग करते हुए कुल 12,54,400 की सी.जी.एस.टी.व एस.जी.एस.टी जो राजकीय राजस्व है की क्षति पहुंचाई गई। पुलिस ने पिन्टू गारमेंट व जयप्रकाश निवासी हैदराबाद थाना परशुरामपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। (जासं)

# अग्निपथ योजना युवाओं के बेहतर भविष्य निर्माण में सहायक

**जासं बस्ती:** अपर जिलाधिकारी अभय कुमार मिश्र तथा अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के कोचिंग संचालकों के साथ बैठक कर उनको सहेजा। कहा अग्निपथ योजना युवाओं के बेहतर भविष्य निर्माण में सहायक है। अपने संस्थानों में युवाओं को इस बारे में जागरूक करते हुए उनको प्रेरित करें, जिससे जिले में अमन-चैन व शान्ति का माहौल बना रहे। कोई भी युवा आक्रोश में आकर कानून/प्रशासन के विरुद्ध अवैध गतिविधियों में न संलिप्त हों, इससे उनका कैरियर चौपट हो जाएगा। अराजकतत्वों द्वारा युवाओं को भ्रमित कर समाजविरोधी गतिविधियों में शामिल करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाते समय कानून और संवैधानिक अधिकारों/कर्तव्यों के प्रति भी उन्हें प्रेरित करते रहे, जिससे सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द बनी रहे। बस्ती जनपद शान्तिप्रिय है, शिक्षक बुद्धजीवी वर्ग है, आप सभी के प्रयास से कानून के अनुपालन में प्रशासन को काफी सफलता मिलेगी। यदि अराजकतत्वों के विषय में कोई सूचना मिलती है, तो सीधे इसकी जानकारी उनको दें। जिला विद्यालय निरीक्षक डी.एस. यादव, कोतवाल संजय कुमार, बृजेन्द्रनाथ मिश्र, कोचिंग संचालक अरविन्द दूबे, जी रहमान, रवि गुप्ता, राजेश वर्मा, शिव श्रीवास्तव, एम.सी. चौधरी, आशीष श्रीवास्तव आदि थे।

# जिला कारागार में बंदियों के लिए खुलेगा पुस्तकालय

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : जेल में निरुद्ध बंदियों को अपराध से दूर रखने व उनके जीवन में सुधार लाने के लिए जिला कारागार में पुस्तकालय स्थापित करने की पहल की गई है। बंदियों के ज्ञान और आचरण में सुधार संभव हो इसके लिए पुस्तकालय बनाने की कवायद शुरू हो गई। पुस्तकालय के लिए पुस्तकों का संकलन भी शुरू हो गया है।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि जिला कारागार में निरुद्ध निरक्षर व साक्षर बंदियों और महिला बंदी के साथ रह रहे बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक तो पहले से नियुक्त हैं। इसके लिए बाकायदा बंदियों की पाठशाला आयोजित की जा रही है। लेकिन अब उन्हें ज्ञानवर्धक किताबों के साथ धार्मिक किताबें भी पढ़ने के लिए उपलब्ध करवाई जाएंगी। जेल में पुस्तकालय बनने से महिला-पुरुष बंदी एवं उनके बच्चे ज्ञानार्जन कर सकेंगे।

वरिष्ठ अधीक्षक ने बताया कि जिला कारागार में पुस्तकालय जन सहयोग से संचालित होगा। इसमें धार्मिक पुस्तकें, मासिक पत्र-पत्रिकाएं, महापुरुषों की जीवनी, समाज सुधारक, दार्शनिक विचारकों से संबंधित उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। इनके पठन-पाठन से जेल में बंदियों के आचरण में सुधार हो सकेगा। कहाकि जनपद के जो भी व्यक्ति निश्शुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराना चाहें उनका स्वागत है।

# मारपीट व जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती:** नगर पुलिस ने शनिवार को मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में वांछित हैदर अली निवासी फुलवरिया पांडेय थाना नगर को राजकोट तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# महरीखांवा में बिजली चोरी करते पांच लोग पकड़े गए



मार्निंग रेड के तहत कनेक्शन जांच करते विद्युत विभाग के अभियंता ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : बिजली चोरी की रोकथाम के लिए शनिवार को शहर के महरीखांवा में मार्निंग रेड किया गया। विद्युत विभाग और विद्युत प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम ने छापेमारी की जिसमें पांच लोग बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए।

मुख्य अभियंता विद्युत वितरण मंडल बस्ती एके अग्रवाल एवं अधीक्षण अभियंता बस्ती आरबी कटियार के निर्देश पर बिजली चोरी की रोकथाम एवं लाइनलास फीडर एसबीआई महरीखांवा में जांच की गई। अधिशासी अभियंता प्रथम घनेंद्र यादव, एसडीओ प्रथम राम इकबाल प्रसाद, एसडीओ अमहट बगीश गुप्ता, जेई पुरानी बस्ती विजय सिंह कुशवाहा, अवर अभियंता अमहट आशुतोष लाहिड़ी, जेई मालवीय रोड जितेंद्र मौर्य, जेई पालीटेक्निक फूलचंद्र के साथ संयुक्त रूप से मार्निंग रेड किया गया। 12 परिसरों की जांच हुई, जिसमें पांच लोग मीटर से केबल बाइपास करके और कटिया के जरिये बिजली चोरी करते मिले। इन सभी पर केस दर्ज कराया गया है। दो उपभोक्ता गलत तरीके से बिजली का प्रयोग करते मिले। विद्युत प्रवर्तन दल में जेई अरविंद मौर्य, प्रभारी निरीक्षक महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।



# खुलेआम शस्त्र लेकर चलने पर रोक

- सार्वजनिक स्थलों पर पांच या उससे अधिक लोग नहीं जुटेंगे
- ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग के लिए पूर्व अनुमति लेना आवश्यक

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जनपद में तत्काल प्रभाव से 31 जुलाई तक निषेधाज्ञा लगाते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है। बताया कि कानपुर में जुमा की नमाज के दौरान घटित हिंसात्मक घटना एवं छह जुलाई 2022 को प्रस्तावित बीएड की प्रवेश परीक्षा को देखते हुए जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह आदेश लागू किया गया जिलाधिकारी ने बताया कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह एकत्रित नहीं होगा।

कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा, जिसका उद्देश्य किसी विधि विरुद्ध गतिविधि में भाग लेना हो। कोई भी सभा करने से पूर्व संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट अथवा जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेनी होगी। कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिबंधित, अवैध अस्त्र-शस्त्र जैसे आग्नेयास्त्र, बंदूक, पिस्टल, राइफल, रिवाल्वर, तलवार, कटार, गुप्ती, चाकू, लाठी, स्टिक, भाला, बरछा, फरसा, गड़ासा एवं किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ जैसे हथगोला, बारूद, तेजाब आदि लेकर नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि लाइसेंसी शस्त्र धारकों को खुलेआम शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति किसी भी माध्यम से अफवाह नहीं फैलाएगा। कोई भी व्यक्ति अपने भवन अथवा छतों पर कंकड़, पत्थर, खाली बोतल का संग्रह नहीं करेगा। बताया कि परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों एवं परीक्षकों तथा परीक्षा संचालन से संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति अनुचित मुद्रण अथवा प्रकाशन द्वारा परीक्षार्थियों को गुमराह नहीं करेगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारण यंत्रों का प्रयोग तथा परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित है।

डीएम ने कहा कि राजनीतिक दलों, धार्मिक संगठनों तथा समस्त विभागों के समस्त सरकारी सेवकों तथा मान्यता प्राप्त संघ, महासंघ, परिसंघ को धरना, सांकेतिक प्रदर्शन अथवा हड़ताल का आयोजन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। निषेधाज्ञा का आदेश ड्यूटी पर तैनात सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, सिख समुदाय के धार्मिक हथियार के रूप में कृपाण धारण करने, बूढ़े, दिव्यांग के छड़ी, लाठी का प्रयोग करने, शव यात्रा, वैवाहिक कार्यक्रम करने वाले लोगो पर लागू नहीं होगा, किन्तु ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग के लिए पूर्व अनुमति लेनी होगी।

# एसीजेएम ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण



बाल समप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर निकलतीं मजिस्ट्रेट अर्पिता यादव व विवेक चौधरी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्पिता यादव ने बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक को साफ सफाई और बेहतर करने का निर्देश दिया।

शनिवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक कुमार चौधरी के साथ बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण में 102 बाल अपचारी मौजूद पाए गए, जिन्हें तीन कमरों में रखा गया था। प्रत्येक कमरे में क्षमता से अधिक बच्चों को रखा गया है। सीमित संसाधनों में भी अधीक्षक ने बच्चों को पर्याप्त सुविधा दे रखा था, जिस पर मजिस्ट्रेट ने संतोष जताया। संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक को मजिस्ट्रेट ने सफाई का स्तर और बेहतर करने को कहा। बाल अपचारियों के लिए तैयार किए गए भोजन की गुणवत्ता से मजिस्ट्रेट संतुष्ट दिखे। मजिस्ट्रेट ने बाल अपचारिकाओं से मिलकर उनका हालचाल पूछा। किसी ने कोई शिकायत नहीं की।

# जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री का किया गया वितरण

**जासं., विक्रमजोत, बस्ती** : विक्रमजोत कस्बा स्थित विद्या रिसोर्स सेंटर के माध्यम से शनिवार को जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। हिंदू युवा वाहिनी तहसील अध्यक्ष माता प्रसाद कसौधन व चौकी प्रभारी विक्रमजोत योगेंद्र कुमार ने कहा कि गरीब व असहाय परिवारों के बच्चों में शिक्षा का अलख जगाना एक पुनीत कार्य है। निश्शुल्क शिक्षण सामग्री उनके भविष्य को संवारने में मददगार बनेगी। क्षेत्र पंचायत सदस्य जनार्दन यादव, अवधेश कुमार मौर्य, श्रीराम मौर्य, महेश शर्मा, हरीराम यादव आदि मौजूद रहे।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने पर मुकदमा

**बस्ती:** पैकोलिया पुलिस ने ऐनपुर गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर नुपुर शर्मा के बयान पर आपत्ति जनक पोस्ट करने पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाने के आरक्षी शक्ति कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अनीस अंसारी ने आपत्तिजनक पोस्ट किया है। आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। (जासं)

# घायल दर्जी की मौत के मामले में मुकदमा

**वाल्टरगंज।** थाना क्षेत्र के मानिकचंद चौराहे पर 14 जून को कार की चपेट से घायल दर्जी की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर के मुताबिक दुकान से सिलाई करके लौट रहे दर्जी रंपत निवासी मझोवा खजुरी, थाना वाल्टरगंज कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया था, जहां 15 जून को रंपत की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि मामले में मृतका की पत्नी आशा देवी की तहरीर के आधार पर कार संख्या व अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

# गल्ले से रकम चोरी मुकदमा दर्ज

बस्ती। हर्रैया थाना क्षेत्र के नरायनपुर निवासी चंद्रभान तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को उनके गांव स्थित दुकान के गल्ले से दो अज्ञात लोग रकम चोरी कर लिए। बाद में जब पता चला कि गल्ले से रकम गायब है। तब बहुत खोजा गया लेकिन पता नहीं चला। हर्रैया पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है और छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत हुआ क्रेता-विक्रेता सम्मेलन

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम, एसपी व सीडीओ का समूह की महिलाओं ने स्वागत किया

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रुधौली।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय रुधौली में पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष कुमार श्रीवास्तव व सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति का समूह की महिलाओं स्वागत किया। डीएम ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सम्मेलन में विभिन्न समूह की महिलाओं ने साबुन, धूपबत्ती, सत्तू, बेसन, दोना-पत्तल, पापड़, चिप्स, सिरका, आम, आंवला, लहसुन, चना सहित अन्य का अचार, टॉयलेट क्लीनर आदि के स्टालों का मुख्य अतिथियों ने निरीक्षण किया।

समूह की महिलाओं के बनाए गए गाय के गोबर की अगरबत्ती, टॉयलेट क्लीनर आदि की जानकारी के बाद डीएम ने कहा कि आयुष व देशी नुस्खे से बनाए गए उपयोगी और महत्वपूर्ण सामान का स्टाल विकास भवन व एसपी ऑफिस पर अवश्य लगवाया जाएगा, जिससे स्वदेशी सामानों को बढ़ावा मिल सके और इन समूह की महिलाओं को रोजगार का अवसर मिले।



रुधौली ब्लॉक पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन मेले को निरीक्षण करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। संवाद

# डीएम ने कराई गोद भराई व अन्नप्राशन की रस्म

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रुधौली।** रुधौली बाल विकास परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय पर सीडीपीओ साधना गुप्ता की अध्यक्षता में रुद्रनगर की की रेखा को डीएम ने फल, पौष्टिक आहार वस्वास्थ्य संबंधित दवा की डलिया देकर गोद भराई किया।

वही छह माह के सुमित को खीर खिलाकर अन्नप्राशन करवाया। इस अवसर पर डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, पीडी कमलेश कुमार सोनी, बीडीओ सुनील कुमार कौशल, बीएमएम राम शंकर यादव, जेई देवनाथ शुक्ला, हर्षिता चौधरी, अजीत, बिंदुमती, शोभा, शारदा, धर्मा देवी, सुमित्रा, रेखा आदि मौजूद रहीं।

# मड़वानगर टोल प्लाजा पर गंदगी देख भड़के डीएम और एसपी

## अग्निवीर योजना के खिलाफ प्रदर्शन रोकने के लिए बढ़ाई चौकसी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अग्निवीर योजना के खिलाफ जारी प्रदर्शन को देखते हुए शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार सुबह शहर के मड़वानगर टोल प्लाजा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टोल प्लाजा के आसपास गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने यहां की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने जहां पेट्रोलिंग टीम का जायजा लिया, वहीं आवश्यक संसाधन जुटाने के निर्देश टोल प्लाजा के अधिकारियों को दिए।

टोल प्लाजा पर पहुंचे अधिकारियों ने सीसी टीवी फुटेज देखे और लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क के किनारे खड़े ट्रकों को तत्काल हटाने का निर्देश दिया।

मौके पर गोरखपुर-अयोध्या फोरलेन के सेफ्टी मैनेजर श्याम अवतार शर्मा मौजूद मिले जिन्हें पेट्रोलिंग प्रबंधक के जरिए कम से कम दस और अग्निशमन यंत्र का इंतजाम करने का निर्देश एसपी आशीष श्रीवास्तव ने दिया।



डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने टोल प्लाया का किया निरीक्षण। संवाद

जिलाधिकारी निरंजन ने कहा कि किसी भी दशा में सड़क के किनारे ट्रक खड़े नहीं रहना चाहिए, इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। दोनों अधिकारियों ने पेट्रोलिंग टीम के साथ गैस कटर रखने का निर्देश दिया ताकि हादसों के समय तत्काल घायलों को वाहनों से बाहर निकाला जा सके और समुचित उपचार करवाया जा सके। एसपी श्रीवास्तव ने बताया कि अग्नि वीर योजना के खिलाफ प्रदर्शन को देखते हुए टोल प्लाजा के आसपास कई किमी दूर तक लगातार पेट्रोलिंग करवाई जा रही है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा।

# धोखाधड़ी का केस

**बस्ती।** राज्य कर अधिकारी खंड दो अरुण कुमार मिश्रा की तहरीर के आधार पर परशुरामपुर पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के हैदराबाद निवासी पिंटू व जयप्रकाश के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर के मुताबिक जयप्रकाश ने संबंधित विभाग से प्राप्त पंजीयन का दुरुपयोग करते हुए कुल 12 लाख 54 हजार 400 रुपये की सीजीएसटी व एसजीएसटी के राजकीय राजस्व का नुकसान पहुंचाया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल कर रही है। संवाद

# पैमाइश के विवाद में मारपीट, क्रॉस केस

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के खुशहाल गंज (कोटवा) में जमीन की पैमाइश को लेकर मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस केस दर्ज किया है।

एक पक्ष के मोतीराम ने आरोप लगाया है कि खेत की पैमाइश के दौरान गांव के मस्तराम, मुन्नाराम व रामरतन ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया। वहीं, दूसरे पक्ष के रामरतन का आरोप है कि मोती व शिवनाथ ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें मारपीट कर जानमाल की धमकी दिया। संवाद

# आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर केस दर्ज

**बस्ती।** पैकोलिया थाने पर तैनात आरक्षी शक्ति कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अनीस अंसारी के खिलाफ फेसबुक पर नूपुर शर्मा के बयान पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। इसी थाना पर तैनात हेड कांस्टेबल राजीव गौड़ ने महिलाओं पर फब्तियां कसने व गंदे इशारे करने के आरोप में रवि प्रताप सिंह उर्फ बब्लू सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार किया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-06-2022

# 78 मामलों में से चार का ही निस्तारण

**समाधान दिवस**

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। शनिवार को इटवा में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम संजीव रंजन व एसपी डॉ.यशवीर सिंह ने फरियादियों की फरियाद सुनीं। दोनों अधिकारियों के सामने 78 मामले आए इसमें से मात्र चार का ही निस्तारण हो सका। बाकी मामलों को संबंधितों को सौंप कर समय सीमा के अंदर निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। यदि किसी भी भी विभाग का प्रकरण लंबित पाया जाएगा तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान 78 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व के 40, पुलिस विभाग से संबंधित 20, विकास सात, विद्युत व पूर्ति दो-दो, अन्य सात मामले पेश हुए। राजस्व के चार प्रार्थनापत्रों को डीएम ने मौके पर ही निस्तारित करा दिया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थनापत्रों को तीन दिवस के अंदर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नौगढ़ तहसील में 138 में एक मामले का निस्तारण हो सका। 137 के प्रार्थनापत्र संबंधित विभागों को सौंप कर निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।

## एक्सईएन व एएमए को कारण बताओ नोटिस

इटवा। समाधान दिवस से गायब रहे एक्सईएन सिंचाई व एएमए जिला पंचायत को डीएम नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचे डीएम ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। एक्सईएन सिंचाई व एएमए जिला पंचायत के अनुपस्थित मिलने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

# बांसी में 80 में से 10 मामले निपटाए

बांसी। बांसी तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 80 मामले प्रस्तुत किए गए। समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम बांसी प्रमोद कुमार ने की। इस दौरान कुल 80 मामले पेश हुए जिसमें राजस्व 53, पुलिस 9, विकास 6, आपूर्ति 2, विद्युत 3, चकबंदी 3, नगर पालिका एक और सिंचाई विभाग से संबंधित दो मामलों प्रस्तुत किए गए। 10 मामलों की ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष 70 मामलों को विभिन्न विभागों को अग्रसारित कर दिया गया।

# शोहरतगढ़ में पांच मामलों का निस्तारण

शोहरतगढ़ तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ जयेंद्र कुमार ने की। इस दौरान 71 फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। आलाधिकारी की मौजूदगी के बाद भी मात्र पांच मामले ही निस्तारित हो सके। सीडीओ ने कहा कि समाधान दिवस को सभी अधिकारी गंभीरता से लें। इस दौरान एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव, तहसीलदार धर्मवीर भारती, बीडीओ सतीश कुमार सिंह, खंड शिक्षाधिकारी महेंद्र नाथ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# शोहरतगढ़ में मारपीट, 13 लोग गिरफ्तार

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ थाना के महमुदवा ग्रांट में पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार देर शाम गए दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। दोनों पक्ष की ओर से लाठी-डंडे चले थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष जयप्रकाश दुबे के अनुसार महमुदवा ग्रांट में हुई मारपीट के मामले में दो पक्ष के 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

**छह बोरी खाद को किया बरामद :** खुनुवा। चौकी प्रभारी खुनुवा ने खुनुवा गांव के पश्चिम हड़िहवा बाग के पास से साइकिल से छह बोरी यूरिया के साथ दो युवकों को पकड़ लिया।

# पांच वर्ष की बच्ची के साथ हैवानियत, मुकदमा

## घर के बाहर सोते समय मासूम को उठा ले गया अज्ञात, घटना को दिया अंजाम

**जागरण संवाददाता, इटवा, शोहरतगढ़ :** एक गांव में हैवानियत की एक ऐसी घटना प्रकाश में आई है, जिसको सुनकर हर किसी के रोंगटे खड़े हो जाएं। एक साढ़े पांच वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म किया गया। घटना उस वक्त हुई जब बच्ची घर के बाहर स्वजन के साथ सो रही थी। अज्ञात ने सोते समय बच्ची को उठाया और करीब 500 मीटर दूर जाकर घटना को अंजाम दिया। फिर बच्ची को छोड़ दिया।

बच्ची की मां अपने तीन बच्चों के साथ सो रही थी। देर रात अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचा और सोते हुई बच्ची को उठा कर गांव से कुछ दूर ले गया और फिर दुष्कर्म किया। बच्ची को घर के निकट बाग में छोड़ कर फरार हो गया।

रोते-बिलखते बच्ची घर पहुंची और मां को जगाते हुए पूरी घटना बताई। बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसको मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पीड़िता दूसरे नंबर की बेटी बताई जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र पांडेय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी सर्विलांस व फोरेंसिक की पूरी टीम घटना स्थल पर पहुंची आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।



घटना की जानकारी लेते एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी साथ में पुलिसकर्मी ● जागरण

**दुष्कर्म की एक घटना हुई है। अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है, जल्द ही इसका पर्दाफाश कर लिया जाएगा।**

**बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी**, प्रभारी निरीक्षक इटवा

### पुलिस अधीक्षक ने ली जानकारी

दोपहर में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह गांव में पहुंचे और घटना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। पुलिस व एसओजी टीम के प्रभारी से बातचीत की और शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश करने के निर्देश दिए।

### छह लोगों से हुई पूछताछ

दुष्कर्म की घटना की तह तक जाने के लिए पुलिस व एसओजी टीम छह लोगों को बुलाकर पूछताछ की। पुलिस उस सुराग तक पहुंचने के प्रयास में है, जिसके माध्यम से वह आरोपित तक पहुंच सके।

# छात्र देश के भविष्य किसी के बहकावे में न आएं

**जागरण संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर** : सेना में भर्ती होने के नये नियम अग्निपथ को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन को देखते हुए गुरुवार को खेसरहा के कसीरन कालेज आफ कामर्स के छात्रों संग प्रशासन ने वार्ता किया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने किसी भी प्रकार के बहकावे में न आने की अपील करते हुए युवाओं को अग्निपथ योजना के लाभ के बारे में समझाया। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा की अफवाहों पर ध्यान न देते हुए युवा आपसी सौहार्द बनाए रखें । ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे भविष्य में परेशानी का सामना करना पड़े। केंद्र सरकार की योजना से युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे जिससे अधिक से अधिक युवाओं को देश



कसीरन कालेज आफ कामर्स के छात्रों को संबोधित करते एसडीएम प्रमोद कुमार • जागरण

कि सेवा करने का अवसर मिलेगा।

सेना में चार वर्ष की सेवा देने के बाद युवाओं को अनेक विभागों में सेवा देने के लिए वरियता दी जायेगी। इसलिए सभी लोग मन लगाकर पढ़ाई में लगे रहे। किसी भी प्रकार के बहकावे में न आए। थानाध्यक्ष खेसरहा अशोक कुमार वर्मा, सकारपार चौकी प्रभारी रामकुमार यादव, उपनिरीक्षक संजीत कुमार सिंह, जयसिंह चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस : मामले आए 78, मौके पर चार का निस्तारण



इटवा में समस्या सुनते डीएम संजीव रंजन व एसपी डा. यशवीर सिंह ● जागरण

जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। तेज धूप व उमस भरी गर्मी के बाद भी फरियादियों का तांता लगा दिखाई दिया। कुल 78 मामले प्रस्तुत हुए। मौके पर चार का निस्तारण हुआ। दो शिकायती पत्रों में टीम को मौके पर भेजा गया। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता व जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित को नोटिस जारी करने के संबंध में निर्देश दिए। डीएम के कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही व्यवस्था अपडेट रही। जिले स्तर के अधिकारियों का आने का सिलसिला 10 बजे से ही शुरू हो गया। करीब 11.15 बजे जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह कार्यक्रम में पहुंचे। पहले रजिस्टर में उपस्थिति देखी और फिर लंबित मामलों की जानकारी ली। कहा कि जो भी शिकायतें लंबित हैं, उसे शीघ्र निस्तारित करें। इसके बाद फरियादी आना शुरू हुए। मझौवा निवासी चिन्नू ने रास्ते की समस्या, कठेला गर्वी केलालमन ने चक मार्ग, रमवापुर कली निवासी गोपाल ने पत्थर नसब, मोहम्मदपुर निवासी बब्लू खां ने आने-जाने के रास्ते से संबंधित शिकायती पत्र दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बुलाकर जांच उपरांत निर्धारित समय अंदर समाधान करने संबंधित निर्देश दिए। कुल 78 मामलों में राजस्व 40, पुलिस 20, विकास सात, विद्युत दो, पूर्ति निरीक्षक दो व अन्य विभाग से संबंधित सात मामले शामिल रहे। राजस्व संबंधित चार शिकायतें निस्तारित हुईं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एके चौधरी, डीडीओ शेषमणि सिंह, पीडी सुरेंद्र, जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा, डीपीआरओ आदर्श, एसडीएम अभिषेक पाठक, तहसीलदार डा. संजीव दीक्षित, सीओ रमेश चंद्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# बलवा व मारपीट में प्रधान व पूर्व प्रधान भेजे गए जेल

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : शुक्रवार शाम पांच बजे शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के महमुदवा ग्रांट में पुरानी रंजिश व वर्चस्व को लेकर प्रधान व पूर्व प्रधान के समर्थकों में जम कर लाठियां चली थीं। इंटरनेट पर इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। मामले में पुलिस ने प्रधान सेराज व पूर्व प्रधान अबू शहमा नसीर अहमद, नजीर अहमद, अनिल कुमार, अबरार अहमद, अब्दुल हई, अतहर अली, खुर्शीद आलम, पूर्व प्रधान अबू शहमा, मोतीन हुसैन, शादाब, इबरार हुसैन व तहसीन समेत दोनों तरफ से 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रधान सेराज के पक्ष का आरोप था कि उस्मानी गनी ग्राहक सेवा केंद्र पर रुपया निकालने गए थे। वापस आते समय पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान उनके भाई, व पुत्रों उसे घसीटते हुए दुकान के अंदर ले गए। दुकान बंद कर लाठी डंडे से मारने लगे।

पूर्व प्रधान अबू शाहमा का आरोप है कि प्रधान के पक्ष से कई लोग गोलबंद हो कर आए और हम लोगों को लाठी डंडे से पीटने लगे। एसओ जय प्रकाश दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

# बाल श्रम उन्मूलन पर संगोष्ठी के माध्यम से दी जानकारी



कार्यक्रम में शामिल वीएचटीयू के प्रभारी ब्रजेश सिंह ● जागरण

- भारत नेपाल सीमा पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन
- पुलिस अधिकारियों ने बालश्रम पर दंड के प्रविधान बताएं

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस सप्ताह के मौके पर प्लान इंडिया व एएचटीयू (एंटी ह्यूमन टेफिकिंग यूनिट) के सहयोग से बाल श्रम से बचाव को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत नेपाल सीमा के बढ़नी स्थित गांधी आदर्श इंटर कालेज में एनसीसी कैडर, भारत, नेपाल की संस्थाओं, शिक्षक व पुलिस के साथ बाल श्रम उन्मूलन के उपायों पर चर्चा की गई है। इसे पूरी तरह से रोक लगाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। प्लान इंडिया के जिला समन्वयक प्रसून शुक्ल ने बताया कि प्लान इंडिया प्रोटेक्ट के तहत भारत नेपाल बार्डर पर मानव तस्करी व बाल संरक्षण पर काम करती है। जिसके तहत कोई भी बच्चा जिसकी उम्र 14 वर्ष से कम है। वह कोई भी कार्य नहीं कर सकता है, लेकिन 14 से ऊपर के बच्चों को कुछ शर्तों के साथ चिह्नित कार्य ही कराया जा सकता है। इसके बारे में सभी को बताने की जरूरत है। एएचटीयू प्रभारी ब्रजेश सिंह ने सभी को बालश्रम की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि बाल श्रम उन्मूलन में एएचटीयू व पुलिस की क्या जिम्मेदारी है। इसके बाद उन्होंने युवाओं को नशे की आदतों से भी दूर रहने की सलाह दी। क्योंकि इससे भी बाल श्रम की समस्या बढ़ रही है। गांधी आदर्श इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार वर्मा, थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा, एनसीसी इंचार्ज शम्भूनाथ गुप्ता, नेपाल की संस्थाओं से चंदा कु, माधुरी, विजयशंकर यादव, शत्रुविजय सिंह, रूपा उमर, काजल श्रीवास्तव, हरिकेश दुबे व एनसीसी कैडर से दयाशंकर, अजय, अमन उमेश, सौरभ आदि मौजूद रहे।

# 71 मामले में पांच मामले का हुआ निस्तारण

शोहरतगढ : सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ जयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 71 मामले आए। जिसमें पांच मामले का निस्तारण हुआ। सीडीओ ने कहा कि आने वाले फरियादी की समस्यायों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, तहसीलदार धर्मवीर भारती,खण्ड विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह,सीओ हरिश्चंद्र, थानाध्यक्ष जयप्रकाश दूबे,ईओ नवीन कुमार सिंह रहे। इसके बाद सीडीओ धनगडिया स्थित गोआश्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कोई भी बेसहारा पशु सड़क पर न दिखाई दें। ग्राम प्रधान सड़कों व खेतों के आस-पास घूम रहे बेसहारा पशुओं को गौशाला तक पहुंचाने का कार्य करें।



शोहरतगढ़ तहसील में समस्याएं सुनते सीडीओ और एसडीएम। संवाद

# निर्धारित समय में करें समस्याओं का निस्तारण : डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

## इटवा में डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की सुनीं समस्याएं

**सिद्धार्थनगर।** शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। ये बातें डीएम संजीव रंजन ने इटवा में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में सुनवाई के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लंबित पाया जायेगा तो संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। 78 मामलों में राजस्व के चार प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिन के अंदर निस्तारण का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसपी डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार चौधरी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मेघवरण, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे। नौगढ़ तहसील में एडीएम उमाशंकर ने मामलों की सुनवाई की। इस दौरान एएसपी सुरेश चंद रावत, एसडीएम प्रदीप यादव, सीओ प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे। शोहरतगढ़ में सीडीओ जयेंद्र कुमार एवं एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई की।



सदर तहसील लोगों की समस्याओं को सुनते एसडीएम और सीओ। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-06-2022

सम्पूर्ण समाधान दिवस

# 232 मामलों में माहज 29 निस्तारित

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जनपद के तीनों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 232 मामले प्रस्तुत हुए। इनमें से 29 मामलों का मौके पर निस्तारण कराया गया। शेष मामलों में राजस्व एवं

## जनसामान्य के शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता : डीएम

पुलिस विभाग द्वारा आपसी सामंजस्य से मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 122 शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने प्रत्येक शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर ही 12 शिकायतों का समाधान कराया गया। वहीं मेंहदावल तहसील में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 मामले आये जिनमें से सात मामलों का निस्तारण कराया गया।

धनघटा तहसील में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में अयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 28 मामले प्रस्तुत हुए। इनमें से 10 मामले मौके पर निस्तारित किए गए। शेष मामलों में मौके पर पहुंचकर



तहसील खलीलाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनती जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार व अन्य।

अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है। तहसील खलीलाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें जैसे प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, भूमि एवं अन्य मामलों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जनसामान्य के शिकायतों के गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर बार-बार निर्देश दिये जा रहे हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन में अतिक्रमण की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे गांवों को चिह्नित किया जाय जहां सार्वजनिक भूसंपत्तियों तथा चकमार्गों पर अवैध अतिक्रमण की अधिक शिकायतें मिल रही हैं। ऐसे मामलों में राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सार्वजनिक भू-संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के मामलों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ ही अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाय। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाय। साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाय। जब भी अधिकारीगण गांवों के भ्रमण पर जायं अपने विभाग से संबंधित कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन करें। योजनाओं का स्थलीय सत्यापन कर ही रिपोर्ट दी जाय। कानून-व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारी प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने अवशेष प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त कार्रवाई का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने इस आयोजन में पिछले संपूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में निस्तारण में विलंब के कारण का भी उल्लेख किया जाय। साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाय। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर अजय कुमार त्रिपाठी सहित तहसील क्षेत्र से संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बहू की हत्यारोपी सास को 10 वर्ष का कठोर कारावास

■ संतकबीरनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

दहेज के लिए बहू की हत्यारी सास को दस वर्ष एवं ननद को 14 वर्ष के कठोर कारावास एवं दस हजार ₹ अर्थदंड से अपर सत्र न्यायाधीश काशिफ शेख ने दण्डित करने का आदेश दिया है। साथ ही अर्थदंड न अदा करने पर एक एक माह के अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि थाना मुंडेरवा जिला बस्ती निवासी तजम्मुल हुसैन ने थाना दुधारा में 28.06.17 को प्रार्थना पत्र दिया कि उन्होंने अपनी लड़की आसमा की शादी उसरा शहीद निवासी हाशिमा से की थी किंतु जब उनकी लड़की ससुराल गई तो उसके पति व सास अजमेरुन्निशा, ननद अमीना व देवर तथा ससुर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और दहेज में ₹ दो लाख की मांग करने लगे।

## मृतका की ननद को भी 14 वर्ष की कठोर सजा

कई बार वह अपने लड़की के ससुराल जाकर आरजू मिन्नत किया तथा दहेज की रकम देने में असमर्थता व्यक्त की लेकिन वह लोग नहीं माने और दिनांक 27.06.17 की रात 10.00 बजे उसकी लड़की को कमरे में बंद कर मारपीट कर मिट्टी का तेल छिड़ककर जला दिए और जले हालत में जिला चिकित्सालय बस्ती में भर्ती कराकर लावारिस हालत में छोड़कर भाग गए। घटना के बारे में एक रिश्तेदार द्वारा फोन से सूचना मिलने पर जब वह अपने लड़की के ससुराल गए तो पता चला कि जली हालत में उसकी बेटी को लोग दफनाने जा रहे थे लेकिन घटना की जानकारी होने पर आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कर भाग गए। दिनांक 04.07.2017 को उनकी लड़की की मृत्यु हो गई जिस पर थाना दुधारा में प्रार्थना पत्र देने पर मुकदमा पंजीकृत हुआ। मामले मे अजमेरुन्निशा, साबिया खातून उर्फ अमीना तथा दो अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध साक्ष्य पाए जाने पर आरोप पत्र विवेचक द्वारा न्यायालय में प्रेषित किया गया जिसमें दो अभियुक्तों के किशोर घोषित होने पर उनकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में प्रेषित कर दी गई।

अभियोजन की तरफ से कुल नौ साक्षियों का साक्ष्य अंकित कराया गया तथा 14 कागजात प्रमाणित कराए गए। अपर सत्र न्यायाधीश काशिफ शेख ने मृतका द्वारा मृत्यु पूर्व दिए जाने वाले बयान को मुख्य आधार मानकर तथा मृत्यु पूर्व बयान की वीडियोग्राफी से संबंधित साक्ष्य को आधार मानकर अपने आदेश में अभियुक्तगण अजमेरुन्निशा व सबिया खातून उर्फ अमीना द्वारा मृतका से दहेज की मांग करते हुए उसको प्रताड़ित किए जाने पर उसकी मृत्यु से शीघ्र पूर्व उसके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने व उसके साथ मारपीट कर उसकी दहेज हत्या किए जाने से संबंधित साक्ष्य पाए जाने पर दंडित किया है।

# शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर करें निस्तारण:डीएम

## समाधान दिवस

- डीएम दिव्या मितल ने खलीलाबाद तहसील में की सुनवाई
- कुल 232 मामलों में सिर्फ 29 का हुआ निस्तारण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया है।

डीएम ने शिकायतों को टेबल पर बैठ कर निस्तारण करने के बजाए मौके पर जाकर दोनों पक्षों की बातों को सुने उसके बाद ही शिकायतों का निस्तारण करें। इस दौरान तीनों तहसीलों में 232 मामले आए। इनमें से सिर्फ 29 का निस्तारण हो सका। शेष मामले सम्बंधित विभागों को सौंप दिए गए। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि समाधान दिवस में प्रधानमंत्री आंवास,



शनिवार को खलीलाबाद तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनती डीएम दिव्या मितल व एसपी सोनम कुमार।

राशन कार्ड, भूमि एवं अन्य मामलों आदि से सम्बंधित शिकातयों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है कि जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निस्तारण किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन में अतिक्रमण की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे गांवों को चिन्हित किया जाए, जहां सार्वजनिक भूसंम्पत्तियों तथा चकमार्गों पर अवैध अतिक्रमण की अधिक शिकायतें मिल रही हैं। उसमें राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सार्वजनिक भू-सम्पत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के मामलों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के साथ ही अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाए। साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारी गावों के भ्रमण पर जायं, अपने विभाग से संबंधित कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन जरूर करें।

### शिकायतों पर मौके पर पहुंचें पुलिस कर्मी

कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई एसपी सोनम कुमार ने किया। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई की जाए। उन्होंने पीड़ित को न्याय दिलाएं। खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 122 शिकायतें प्राप्त हुयी। डीएम ने प्रत्येक शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस आयोजन में मौके पर ही 12 शिकायतों का समाधान कराया गया।

# एंटी रोमियो टीम ने चलाया अभियान

संतकबीरनगर। जनपद की एंटी रोमियो टीम ने विभिन्न स्थानों पर शोहदों व मनचलों की धर पकड़ के लिए चेकिंग अभियान चलाया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए थानों पर गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने थाना क्षेत्र के स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल आदि के आस-पास गश्त की। चेकिंग करते हुए बालिकाओं, छात्राओं, महिलाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा के बारे में विस्तार से जांनकारी दी।

# फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा

संतकबीरनगर। जनपद गौतम बुद्ध नगर के सेक्टर 58 नोएडा पुलिस ने जालसाजी के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पर शनिवार को सीआरपीसी की धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा की। मुनादी कर बताया कि एक माह में न्यायालय में हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा के उपनिरीक्षक बलवीर सिंह ने बताया जालसाजी के पुराने मामले में कोतवाली खलीलाबाद के पटखौली निवासी अभियुक्त पंकज उपाध्याय पुत्र स्व. जनार्दन उपाध्याय के खिलाफ कोर्ट के निर्देश पर 82 की कार्रवाई की गई। उसके खिलाफ सेक्टर 58 नोयडा के थाने में वर्ष 2019 में धोखाधड़ी, अभिलेखों में हेरफेर समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ था। इसके बाद आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। न्यायालय एसीजेएम द्वितीय ज़िला गौतमबुद्धनगर के आदेश पर शनिवार को उपनिरीक्षक महेश दत्त शर्मा व स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर डुग्गी-मुनादी कराई। आरोपी के घर धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की गई। यदि आरोपित पेश नहीं होता है तो कोर्ट के आदेश के बाद आरोपित की सम्पत्ति कुर्क की जाएगी।

# शांतिभंग की आशंका में तीन का चालान

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने शांति भंग की आशंका में तीन आरोपितों को पकड़कर चालान किया। जानकारी के अनुसार खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने दो और धनघटा पुलिस ने एक आरोपितों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की। पुलिस ने सभी आरोपितों को संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर दिया।

अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे थे युवक, पुलिस ने कुछ युवकों को हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा

# प्रदर्शनकारी युवाओं को पुलिस ने रोका

**अग्निपथ पर आक्रोश**

- प्रदर्शनकारियों ने रक्षा मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा
- प्रदर्शन की भनक लगते ही प्रशासन ने मुस्तैदी बढ़ा दी

मेंहदावल/बखिरा, हिन्दुस्तान टीम। अग्निपथ वीरों की भर्ती के विरोध में शनिवार को मेंहदावल तहसील पर प्रदर्शन करने आ रहे युवाओं को पुलिस ने पहले ही रोक दिया। प्रदर्शन की सूचना पाकर तीन थानों की पुलिस लगा दी गई। मौके पर पहुंच कर एसडीएम योगेश्वर सिंह ने प्रदर्शनकारियों से रक्षा मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन लेकर उन्हें समझा बुझाकर हटाया। इस दौरान कुछ युवकों द्वारा बातें न मानने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए खदेड़ दिया।

अग्निपथ वीरों की भर्ती का विरोध करने वाले युवक शनिवार की सुबह से ही मेंहदावल थाना क्षेत्र के नौदरी गांव के पास एक बागीचे में इकट्ठा होने लगे। इस बात की भनक पुलिस व प्रशासन को भी हो गई। प्रशासन ने अपनी सक्रियता शुरू कर दी। लगभग एक सौ पचास की संख्या में युवक जैसे ही झुंड बनाकर प्रदर्शन के लिए शहर की तरफ बढ़ते कि पुलिस व प्रशासन के लोग मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मेंहदावल, बखिरा व बेलहर की पुलिस फोर्स भी पहुंच गई। मौके पर पहुंचे एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल जयवर्धन सिंह लोगों को समझाने लगे। जिसके बाद एसडीएम को युवकों ने ज्ञापन देकर प्रदर्शन समाप्त किया। कुछ अड़े रहे। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।



शनिवार को मेंहदावल में प्रदर्शन करने आ रहे युवकों को रोककर वार्ता करते एसडीएम मेंहदावल योगेश्वर सिंह। • हिन्दुस्तान

# विरोधी पार्टियों के नेताओं ने अग्निपथ का किया विरोध

- रालोद व आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- अग्निपथ योजना को लागू न करने व पुनर्विचार करने की मांग की

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। अग्निपथ के विरोध में शनिवार को राष्ट्रीय लोक दल और आम आदमी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर दोनों दलों के नेताओं ने प्रदर्शन करते हुए अपर एसडीएम को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष विपिन प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 11:40 बजे 20 से 25 की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचा। ज्ञापन सौंपते हुए अग्निपथ योजना को लागू न करने और उस पर पुनर्विचार करने की मांग की। दूसरी ओर अग्निवीर योजना के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र यादव ने कहा कि देश को आग में झोंकने वाली सरकार को युवाओं के भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। सरकार को युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का कोई अधिकार नहीं है। पूर्व जिला महासचिव आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार को सेना में भर्ती करने के लिए पूर्णकालिक अग्निवीर योजना को लागू करना चाहिए। 4 साल की नौकरी से युवाओं का भविष्य गर्त में चला जाएगा। इस योजना को सरकार को तुरंत वापस लेना चाहिए। पूर्व प्रदेश सचिव सौम्येन्द्र प्रताप श्रीवास्तव ने कहा कि सिर्फ जुमलेबाजी से काम नहीं चलेगा। केंद्र सरकार को सेना में भर्ती होने वाले युवाओं से संवाद करने की जरूरत है। ग्राम प्रधान सुधीर सिंह ने कहा कि इस देश के भविष्य युवाओं के साथ खिलवाड़ करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। प्रदर्शन में अवधेश सिंह, राम गोपाल तिवारी, सुधीर सिंह, विजय मौर्य, राम निवास, नूर मोहम्मद, शाहिद, जनार्दन, राम नारायण सिंह, अखिलेश आदि रहे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए पहुंचाया

संतकबीरनगर। पीआरवी 1493 को थाना बखिरा क्षेत्र के हरदी गांव से कालर ने मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल विनोद मिश्रा पुत्र पुरुषोत्तम मिश्रा निवासी पिपरा चन्द्रपति जनपद बस्ती को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाकर घायल के परिजनों को सूचित किया।

# नियम तोड़ने पर 42 वाहनों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वाले 42 वाहन के चालकों पर कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 42 वाहनों के चालकों से 35 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# चोरी की मोबाइल के साथ दबोचा

संतकबीरनगर। चोरी की मोबाइल के एक शातिर चोर को दबोचने में कामयाबी हासिल हुई। जानकारी के अनुसार दिनांक 18 जून को वादी घरभरन पुत्र निवासी कलेन्द हरदौ थाना महुली ने बताया कि दिनांक 17 जून की रात्रि करीब 11.30 बजे घर के अन्दर से आवाज सुनाई दी। शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए। उसके पास से दो एण्ड्रायड फोन व एक मोटर साइकिल मिला।

# हत्यारोपी सास व ननद को कारावास की सजा

## फैसला

- सास को दस वर्ष एवं ननद को 14 वर्ष का कारावास
- कोर्ट ने दोनों पर दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश काशिफ़ शेख की अदालत ने दहेज के लिए बहू की हत्यारी सास को दस वर्ष एवं ननद को 14 वर्ष के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर एक एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतने का आदेश दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि थाना मुंडेरवा जिला बस्ती निवासी तजम्मुल हुसैन ने थाना दुधारा में 28 जून 2017 को प्रार्थना पत्र दिया। कहा कि उन्होंने अपनी लड़की आसमा की शादी उसरा शहीद निवासी हाशिमा से की थी। किंतु जब उनकी लड़की ससुराल गई तो उसके पति व सास अजमेरुन्निशा, ननद अमीना व देवर तथा ससुर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और दहेज में 2 लाख रूपए की मांग करने लगे। कई बार उन्होंने अपनी लड़की के ससुराल जाकर आरजू मिन्नत किया तथा दहेज की रकम देने में असमर्थता व्यक्त की परंतु वह लोग नहीं माने। दिनांक 27 जून 2017 की रात 10 बजे उसकी लड़की को कमरे में बंद कर मारपीट कर मिट्टी का तेल छिड़ककर जला दिया। जले हालत में जिला चिकित्सालय बस्ती में भर्ती कराकर भाग गए। घटना के बारे में एक रिश्तेदार द्वारा फोन से सूचना मिलने पर जब वह अपने लड़की की ससुराल गए तो पता चला कि जली हालत में उसकी बेटी को लोग दफनाने जा रहे थे लेकिन जानकारी होने पर आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कर भाग गए। दिनांक 04 जुलाई 2017 को उनकी लड़की की मृत्यु हो गई। थाना दुधारा में मुकदमा पंजीकृत हुआ। मामले मे अजमेरुन्निशा, साबिया खातून उर्फ अमीना तथा दो अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध साक्ष्य पाए जाने पर विवेचक द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।



रिजर्व पुलिस लाइन में शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाते पुलिसकर्मी।

# पुलिसकर्मियों ने किया श्रमदान

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर रिजर्व पुलिस लाइन में चले स्वच्छता अभियान में पुलिस कर्मियों ने श्रमदान किया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिसके अवसर पर रिज़र्व पुलिस लाइन्स में पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# स्वच्छता के लिए पुलिस कर्मियों ने किया श्रमदान

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के क्रम में शनिवार को पुलिस लाइन में पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान दिया गया।

पुलिस लाइन के कार्यालय, बैरक, परिसर, खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास, पेड़ों के सूखे पत्ते को काटा गया। आसपास की गंदगी की साफ सफाई की गई। एसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को नियमित तौर पर श्रमदान कर साफ सफाई करने का निर्देश दिया।एसपी ने कहा कि अभियान के तहत सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी सहित अन्य स्टाफ सभी थानों, चौकी व पुलिस लाइन परिसर में पेड़ों के सूखे पत्ते, झाड़ियां, घास और कचरा को हटाकर साफ-सफाई करते रहेंगे। यह काम अब हर दिन होगा। वातावरण को स्वच्छ एवं अनुकूल बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का भी आह्वान किया गया।



पुलिस लाइन में श्रमदान करते पुलिसकर्मी • जागरण

# चोर की निशानदेही पर बाइक व मोबाइल बरामद

**जागरण संवाददाता, धनघटा**: एक व्यक्ति के घर में घुसे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर एक बाइक व दो मोबाइल फोन बरामद कर उसे जेल भेज दिया। महुली क्षेत्र के कलेन हरदो निवासी घरभरन परिवार के साथ रात में बाहर गर्मी होने के कारण सोए थे।

शुक्रवार की देर रात घर में खटपट की आवाज हुई तो वह अंदर गए और देखा कि एक व्यक्ति घर में चोरी की नियत से घुसा है। उन्होंने शोर मचाया और चोर को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस उसे पकड़ कर थाने ले गई। थानाध्यक्ष आरके सिंह ने बताया कि चोर को की निशानदेही पर एक बाइक व दो माबाइल फोन बरामद किया है।

**मेंहदावल पुलिस ने कस्बे में किया पैदल गश्त:** मेंहदावल : पुलिस ने पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त किया। लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों से तय गाइडलाइन के अनुसार आवागमन करने का निर्देश दिया गया। मंदिरों व मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

## डीएम ने लंबित मामलों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिया निर्देश



संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जन समस्या सुनतीं डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार व अन्य अधिकारी ● जागरण

- 122 मामले पेश हुए जिसमे मौके पर महज 12 का ही हुआ निस्तारण
- एक व्यक्ति पर रास्ता रोकने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर**: जनपद के तीनों तहसील मुख्यालय पर शनिवार को संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। खलीलाबाद में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने फरियादी सुनी। डीएम ने लंबित मामलों की समीक्षा करके विभागीय अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया। यहां कुल 122 मामले पेश हुए जिसमे मौके पर महज 12 का ही निस्तारण किया जा सका।

धनघटा में एडीएम मनोज कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने फरियाद सुनी। फरियादियों द्वारा कुल 28 मामले प्रस्तुत हुए। राजस्व विभाग के 15 ,विकास विभाग के चार, पुलिस के दो व अन्य सात मामले में मौके पर 10 का ही निस्तारण हो सका। भेड़ापाकड निवासी श्याम नारायण ने हल्का लेखपाल पर एक दलाल की मिलीभगत से उनके बैनामा शुदा भूमि को दूसरे के नाम से वरासत करने का आरोप लगाया। सीयर कला निवासी किशनलाल ने गुहार लगाते कहा कि उनकी भूमि पर गांव के ही कुछ लोग जबरन कब्जा कर रहे हैं। नाथनगर ब्लाक के कठैचा के बाबूलाल ने गांव के एक व्यक्ति पर रास्ता रोकने का आरोप लगाया कर कार्रवाई की मांग की।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट

**जांस, संतकबीर नगर :** खलीलाबाद के ग्राम पड़रिया में शनिवार को दोपहर भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष को चोटें आई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली खलीलाबाद के ग्राम पड़रिया निवासी ओम प्रकाश मिश्र ने बताया कि गांव में कुछ लोगों से उकना भूमि संबंधित विवाद चल रहा है। इसमें मुकदमा विचाराधीन है। शनिवार को गांव पर पैमाइश के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की टीम पहुंची और पैमाइश के बाद वापस चली गई। इस दौरान आरोपित उन्हें गाली गलौज देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उक्त लोग लाठी डंडे से पीटकर मुझे व पत्नी चंद्रशेवरी देवी को घायल कर दिए। उक्त लोगों ने घर में घुसकर बाइक, इमरजेंसी लाइट समेत अनेक समान तोड़ दिये। पुलिस न इस मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मॉनीटरिंग सेल के प्रयास से पांच माह में 25 केस में 43 को सजा

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। अपराधों पर अंकुश लगाने और कोर्ट में पैरवी कराकर अपराधियों को सजा दिलाने की दिशा में पुलिस बेहद संजीदा है। पांच माह के भीतर कोर्ट से 25 मुकदमों में 43 दोषियों को सजा हुई है। मॉनीटरिंग सेल कोर्ट में पैरवी करके अपराधियों को सजा दिलाने में जुटा हुआ है।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि अपराधों को रोकने के लिए पुलिस सतर्क दृष्टि रख रही है।

**महिला संबंधी अपराधों में अपराधी दंडित हों, इसके लिए सतर्कता बरती जा रही है : एसपी**

इसके साथ जो मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसमें मॉनीटरिंग सेल के जरिए ठीक ढंग से कोर्ट में पैरवी करा कर दोषियों को सजा दिलाए जाने की दिशा में पहल की जा रही है। मॉनीटरिंग सेल के आंकड़ों के मुताबिक भारतीय दंड विधान के 1650 और अन्य अधिनियम के 1132 मामले लंबित हैं। मई में भारतीय दंड विधान के मामले में पांच मुकदमों में और अन्य अधिनियम के तीन मुकदमों में दोषियों को सजा हुई है। वर्ष 2022 में अब तक 25 मुकदमों में 43 दोषियों को सजा हो चुकी है। इसमें दहेज हत्या के चार मुकदमे शामिल हैं। जबकि गैंगस्टर एक्ट के चार मुकदमों में दोषियों को सजा हुई है। दुष्कर्म के पांच मामलों में सजा हुई है। हत्या के दो मामले और हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषियों को सजा हुई है।

शेष मामले एनपीएस एक्ट, एएसी/एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम के मामले में दोषियों को सजा हुई है। एसपी ने बताया कि मॉनीटरिंग सेल की नियमित बैठकें करके मुकदमों की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई जाती है। गंभीर प्रकृति के अपराध और खास कर महिला संबंधी अपराधों में अपराधी दंडित हों, इसको लेकर सतर्कता बरती जा रही है। कोर्ट में प्रभावी ढंग से पैरवी हो और अपराधियों को सजा मिले। ऐसा करके अपराधियों का मनोबल तोड़ने और अपराधों पर लगाम लगाए जाने की दिशा में प्रयास जारी है।

# चोरी के मोबाइल फोन व बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने शनिवार को चोरी के दो मोबाइल फोन और बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की।

चौकी इंचार्ज कालीजगदीशपुर रमजान अली ने बताया कि कलेन हरदों गांव निवासी घरभरन पुत्र स्वर्गीय पूर्णमासी ने थाने पर सूचना दी कि शुक्रवार की रात उसके घर के अंदर खटपट की आवाज सुनाई दी। उसने देखा कि एक युवक उसके घर के अंदर चोरी करने के नीयत से घुसा है। जबकि कुछ लोग बाहर खड़े हैं। उसे देखते ही सभी भागने लगे। ग्रामीणों ने भाग रहे एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम अजय कुमार निवासी मौहरैया काली जगदीशपुर थाना महुली बताया। पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन और बाइक बरामद हुई। ब्यूरो

# दहेज हत्या की दोषी सास, ननद को कारावास

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश काशिफ शेख ने बहू की दहेज के लिए हत्या करने की दोषी सास को दस वर्ष एवं ननद को 14 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न अदा करने पर एक-एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**दोषी सास को दस वर्ष और ननद को 14 वर्ष की हुई सजा**

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि बस्ती जिले के थाना मुंडेरवा निवासी तजम्मुल हुसैन ने थाना दुधारा में 28 जन 2017 को प्रार्थनापत्र दिया। इसमें कहा कि उन्होंने अपनी बेटी आसमा की शादी उसरा शहीद निवासी हाशिमा से की थी। बेटी जब ससुराल गई तो उसके पति व सास अजमेरुन्निशा, ननद अमीना व देवर तथा ससुर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में 2,00,000 रुपये की मांग करने लगे। कई बार उन्होंने अपनी बेटी की ससुराल जाकर मिन्नत की तथा दहेज की रकम देने में असमर्थता व्यक्त की लेकिन वे लोग नहीं माने। आरोप है कि 27 जून 2017 की रात दस बजे उसकी बेटी को कमरे में बंद कर मारपीट कर मिट्टी का तेल छिड़ककर जला दिए। जले हालत में जिला चिकित्सालय बस्ती में भर्ती कराकर लावारिस हालत में छोड़कर भाग गए । घटना के बारे में एक रिश्तेदार ने उन्हें फोन पर सूचना दी। उसके बाद जब वह अपनी बेटी की ससुराल गए तो पता चला कि जली हालत में उसकी बेटी को लोग दफनाने जा रहे थे लेकिन घटना की जानकारी होने पर आनन-फानन अस्पताल में भर्ती कर भाग गए। चार जुलाई 2017 को उनकी बेटी की मृत्यु हो गई। उनके प्रार्थनापत्र पर दुधारा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। मामले में अजमेरुन्निशा, साबिया खातून उर्फ अमीना तथा दो अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध साक्ष्य पाए जाने पर आरोप पत्र विवेचक द्वारा न्यायालय में प्रेषित किया गया। ब्यूरो

# संपूर्ण समाधान दिवस : 132 मामलों में केवल 27 निस्तारित

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिले के तीनों तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। खलीलाबाद में डीएम-एसपी ने जहां फरियादियों की फरियाद सुनी, वहीं, धनघटा में एडीएम, एएसपी और मेंहदावल में सीडीओ व एसडीएम ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 132 मामले आए और सिर्फ 27 मामलों का मौके पर निस्तारण हो पाया।

डीएम दिव्या मित्तल और एसपी सोनम कुमार ने खलीलाबाद तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व से संबंधित 89 मामले आए। जबकि पुलिस के 12, विकास के 12, शिक्षा विभाग के दो और अन्य विभागों के सात मामले आए। कुल 122 मामलों में से सिर्फ 12 का मौके पर निस्तारण हो पाया। डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि खलीलाबाद में पूर्व के संपूर्ण समाधान दिवसों के 110 मामले लंबित हैं। लंबित मामलों का निर्धारित समय के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना जरूरी है। शासन की मंशा है कि फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं जाएं और उसका समय से निस्तारण हो। जिसके स्तर से शिकायतों के निस्तारण में कोताही बरती जाएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। एसपी सोनम कुमार ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों में राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराएं।

## निस्तारण में कोताही बरतने वाले अफसरों को डीएम ने चेताया

इसमें राजस्व और पुलिस कर्मी आपसी समन्वय स्थापित कर के फरियादियों की समस्या का निस्तारण कराएं। इस दौरान एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीएमओ डॉ. इंद्रविजय विश्वकर्मा, डीडीओ सुदामा प्रसाद, डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी आदि उपस्थित रहे। धनघटा तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल 28 मामले में दस का मौके पर निस्तारण करा दिया गया।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-06-2022

# सुलह समझौता के बाद भी नहीं हटाया कब्जा

गोण्डा। थाना परसपुर क्षेत्र के नौशहरा निवासी रेखा शुक्ला ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके देवर से भूमि विवाद था। जिसका थाने पर सुलह समझौता भी कराया गया। सुलह समझौता के दौरान कब्जे की भूमि से भूसा, आंगन का दरवाजा बंद करने और खेत से खोदी गई मिट्टी को पाटने के लिए कहा गया था लेकिन उसके देवर ने अभी तक समझौते के मुताबिक नही हटाया है।

# मादक पदार्थ के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। थाना खोड़ारे पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को प्रतिबंधित नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 930 नशीली गोलियां बरामद की हैं। उपनिरीक्षक अरुण कुमार राय ने बताया कि आरोपी युवको की पहचान मुश्ताक अहमद शाह उर्फ गब्बर निवासी मोहम्मद और इद्रीश शाह निवासी जोकहा अहिरौली थाना खोड़ारे के रूप में हुई है।

# शांति भंग में हुई कार्रवाई

**वजीरगंज, संवाददाता।** एसपी के निर्देश पर एसओ चंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम निरोधात्मक कार्यवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसओ ने बताया कि आरोपी राजेश, राममिलन, रामभवन पुत्र जगनारायण, मिठाई लाल पुत्र शिवनारायण निवासी ग्राम रुपीपुर, विकास गोस्वामी पुत्र कमलेश निवासी ग्राम ढोढिया पारा को निरीक्षक आशीष वर्मा, कांस्टेबल सचिन यादव व आशीष यादव ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर किया है। इसके साथ ही विभिन्न थानों में वारंटियों की धरपकड़ जारी है।

# जांच के लिए बाहर भेजा जाएगा महिला का भ्रूण

**फॉलोअप**

**नवाबगंज, संवाददाता।** सिरसा गांव के महिला का भ्रूण अब जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। शुक्रवार को महिला गर्भपात के बाद चार महीने के भ्रुण को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया था। पीएम हाऊस पर मौजूद चिकित्सकों ने भ्रूण का अन्त्य परीक्षण विधि विज्ञान प्रयोगशाला से कराए जाने की एडवाइज दी है। एसओ टीपी सिंह ने बताया कि पुलिस भ्रूण को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजने की तैयारी कर रही है।

सिरसा गांव की रहने वाली महिला हेमा ने बीते दस जून को उसके दरवाजे पर हुई मारपीट में विपक्षी द्वारा उसके पेट पर लात से प्रहार किए जाने और इस चोट के चलते गुरुवार रात गर्भपात हो जाने का आरोप लगाया था। पीड़िता के पति ने चार लोगों के विरूद्ध तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया था।

**पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार :** पुलिस ने मामले में आरोपी चार लोगों में से एक चांदबाबू पुत्र सेवाराम को शनिवार को गिरफ्तार करते हुए मजिस्ट्रेट के समक्ष रिमांड के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की भी शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

गोण्डा। कोतवाली देहात की पुलिस ने शनिवार को जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से पुलिस को ताश के पत्ते एवं हजारों रुपये नकदी बरामद की है। पुलिस ने जुआ खेल रहे अमजद खां, मासूम अली, मोहम्मद खान, रुखसार अली, आवेश को पकड़कर कोतवाली देहात ले गई। उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह ने बताया सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने की सूचना मिलने पर दबिश दी गई और आरोपी पकड़े गए।

# कतार में इंतजार, फरियादी हैं लाचार





कर्नलगंज के तहसील सभागार में जन समस्याएं सुनते एसपी संतोष कुमार मिश्र बाएं से पहले व दूसरे डीएम डा.उज्ज्वल कुमार तथा लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते फरियादी ● जागरण

**जागरण टीम, गोंडा :** दोपहर के करीब 12.30 बज रहे थे। तरबगंज तहसील सभागार में एसडीएम शत्रुघ्न पाठक जनशिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। चिलचिलाती धूप में नवाबगंज के बहादुरा से आवास योजना का लाभ दिलाने की फरियाद लेकर आईं शोभा देवी फरियादियों की कतार देखकर निराश हो गईं। कुछ देर बाद पैरों ने जवाब दिया तो वह फर्श पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करने लगीं। थोड़ी दूर पर ही उनके बुजुर्ग पति भी बैठे हुए थे। करीब एक घंटे बाद उनका नंबर आया तो आवास दिलाने के नाम पर उन्हें आश्वासन लेकर वापस लौटना पड़ा। वहीं, कर्नलगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग को लेकर दिव्यांग सर्वेशा सिंह हाथ के सहारे चलकर पहुंची।

शनिवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर्नलगंज तहसील सभागार में हुआ। डीएम डा. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्र ने जनशिकायतों की सुनवाई करके संबंधित अफसरों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। यहां आईं 151 शिकायतों में से सिर्फ एक का मौके पर निस्तारण हो सका।



परसपुर के डेहरास में दबंगों के कब्जे से जमीन छुड़वाने की गोहार लगाने सीतापुर से आई दिव्यांग सर्वेसा सिंह व उनकी मां सावित्री ● जागरण

डीएम ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत आठ लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपा। इसके बाद बसेहिया में वन विभाग की पौधशाला का निरीक्षण किया। सदर तहसील में एसडीएम वीके सिंह व मनकापुर में कीर्तिप्रकाश भारती ने जनशिकायतों की सुनवाई की।

# अग्निपथ को लेकर प्रशासन सतर्क, स्टेशन की बढ़ाई सुरक्षा




गोंडा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा प्रबंधों के बारे में जानकारी लेते सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता दाएं से दूसरे ● जागरण

**संसू, गोंडा:** अग्निपथ योजना को लेकर हो रहे आंदोलन को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। रेलवे के साथ ही स्थानीय पुलिस को लगाया गया है। डीएम व एसपी ने पूर्व सैनिकों के साथ बैठक करके लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डा. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें पूर्व सैनिकों को अग्निपथ के बारे में बताया गया। डीएम ने पूर्व सैनिकों को सेना में तैयारी करने वाले युवाओं को स्थानीय स्तर पर गहन संपर्क कर इस योजना के दूरगामी परिणामों से उन्हें एवं अभिभावकों को जागरूक करने को कहा है। प्रभारी अधिकारी सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार ने अग्निपथ योजना के बारे में जानकारी दी। कहा कि भारत को आर्थिक, सामाजिक एवं वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ किए जाने के लिए एक दूरगामी योजना है। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, एएसपी शिवराज मौजूद थे।

इधर, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों के साथ गोंडा रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीसी कैमरे से होने वाली निगरानी के बारे में जानकारी ली। राजकीय रेलवे पुलिस के प्रभारी निरीक्षक एमपी चतुर्वेदी, रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक एनपी सिंह, नगर कोतवाल पंकज सिंह के साथ यात्रियों से संवाद किया।

**अग्निपथ को वापस लें सरकार:** राष्ट्रीय लोकदल के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सिद्धदेव सिंह, पूर्व प्रवक्ता सूर्य नरायन सिंह, दिनेश कुमार, शिव शंकर दीक्षित, राम बुझारथ,वाजिद अली ने राष्ट्रपति को मांगपत्र भेजा है। इसके माध्यम से अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के जिला प्रभारी जयराम सुमन, दिग्गज पांडेय, कृष्णा सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, वकील अहमद, मनीष सिंह ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा है। इसमें अग्निपथ योजना को निरस्त करने की मांग की गई। मसकनवा: योजना को चार वर्ष से बढ़ा कर दस वर्ष करने, आयु सीमा 17 से 30 वर्ष करने, सिंचाई व कृषि कार्य हेतु किसानों को मुफ्त बिजली देने सहित अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा ने एसडीएम कीर्ति प्रकाश भारती को मांगपत्र सौंपा है।

# समाधान दिवस पर आए 151 फरियादी

**गोंडा।** करनैलगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुन निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने करनैलगंज तहसील मे आए फरियादियों की समस्याएं सुनकर उसे निस्तारित करने के लिए आदेशित किया।

समाधान शिविर में कुल 151 प्रार्थनापत्र आए जिसमें से एक का तुरंत निस्तारण कर दिया गया। बाकी प्रार्थनापत्रों के आधार पर जांच कर आवाश्यक कार्रवाई करने के लिए संबधित विभाग के अधिकारियों को भेज दिया गया। शिविर में जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्वकर्मी अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली के अतिक्रमण को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं, उनके सामने ही संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी कर मामले को निस्तारित करें। समाधान शिविर में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत आठ लाभार्थियों को योजना का प्रमाण पत्र देकर योजना से लाभान्वित भी किया गया। जिलाधिकारी ने बसेहिया करनैलगंज पौधशाला का निरीक्षण किया गया।



फरियादियों की समस्या सुनते डीएम-एसपी। -संवाद

समाधान शिविर में इस मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस केसरी, डीसी. एनआरएलएम, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# पीड़ित मजदूर परिवार की पुलिस ने की मदद

**धानेपुर (गोंडा)।** शुक्रवार को लखीमपुर खीरी के एक गरीब मजदूर परिवार की पुलिस ने मदद की। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि सात सदस्यों का एक परिवार देवरिया अलावल भटकते हुए पहुंचा। इसकी सूचना पुलिस को मिली। हेड कांस्टेबल विपिन सिंह, महिला कांस्टेबल सपना सिंह व प्रीति कौशल को मौके पर जाकर आर्थिक रूप से मदद कर गंतव्य स्थान पर रवाना करने का निर्देश दिया। पुलिसकर्मियों ने सोनू लोध, उनकी पत्नी किरण, बच्चे रोशनी, पिंकी, आरती, कोमल, प्रिया को जलपान कराया। ये लोग सिसैया थाना धौरहरा जिला लखीमपुर के निवासी हैं। रोजगार की तलाश में थाना मोतीगंज के करौंदा गांव में आए थे। मजदूरी करके जो पैसा मिला था वह इलाज में खर्च हो गया। अब घर जाने का किराया नहीं है। पुलिस ने आर्थिक मदद की। कस्बावासी भी मदद के लिए आगे आए। (संवाद)

# मारपीट में पांच आरोपी गिरफ्तार

**दुबहा बाजार (गोंडा)।** मारपीट के आरोप में कौड़िया पुलिस ने विभिन्न गांवों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने बताया कि छिरास गांव निवासी अमित, बौनापुर निवासी शेषराम व माधव राज, उमरिया गांव निवासी कालू शुक्ल तथा पूरे पाठक गांव निवासी विनोद को मारपीट के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया कि गिरफ्तार किए सभी आरोपों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-06-2022

# हाईस्कूल परीक्षा में देवीपाटन मंडल में जिले ने किया टाप

**संसू, बलरामपुर:** यूपी बोर्ड परीक्षा 2022 के परिणाम में बलरामपुर ने प्रदेश में 13वां स्थान प्राप्त कर देवीपाटन मंडल में टाप किया है। जबकि इंटरमीडिएट परिणाम में मंडल में दूसरा स्थान है।

12वीं के परीक्षा परिणाम में बलरामपुर को 18वां स्थान मिला है, जबकि 16वें नंबर पर रहकर गोंडा ने मंडल में टाप किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने बताया कि जिले के 153 माध्यमिक विद्यालयों के 26,336 छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल व 12वीं की परीक्षा दी थी। इनमें से 23754 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल में जनपद ने मंडल में बाजी मारी है। दूसरे स्थान पर रहे गोंडा को प्रदेश में 48वां, बहराइच को 53वां व श्रावस्ती को 74वां स्थान हासिल हुआ है। इसी तरह इंटरमीडिएट की परीक्षा में बहराइच जनपद प्रदेश की सूची में 52वें स्थान पर है। डीआइओएस ने सभी छात्र-छात्राओं, प्रधानाचार्यों व विद्यालय प्रबंधकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# दो और मिले पाजिटिव कोरोना मरीजों के उपचार का पूर्वाभ्यास

**संसू, गोंडा:** कोरोना का संक्रमण एक बार फिर बढ़ रहा है। शनिवार को जिला अस्पताल में हुई जांच में दो और पाजिटिव मिले हैं। इसके साथ ही सक्रिय मरीजों की संख्या सात हो गई है। इनकी निगरानी के लिए रैपिड रिस्पांस टीम को लगाया गया है। कोविड से बचाव व उपचार के प्रबंध को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया।

जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर 150 मरीजों की जांच की गई। इसमें दो की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आई है। संबंधित को होम आइसोलेशन में रहने को कहा गया है। इसकी जानकारी सीएचसी अधीक्षकों को दी गई है। रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। टीमों को मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी करने को कहा गया है। संक्रामक रोग नियंत्रण प्रभारी वीके गुप्त का कहना है कि वर्तमान में कोरोना के सात मरीज सक्रिय है। इन मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है।

कोविड मरीजों के उपचार की व्यवस्था का पूर्वाभ्यास शनिवार को हुआ। कोविड हास्पिटल में प्रमुख अधीक्षक डा. इंदूबाला ने कोविड हास्पिटल के अधीक्षक डा. दीपक कुमार के नेतृत्व में इलाज की व्यवस्था का जायजा लिया। इसमें डा. अमित कुमार, डा. अनिल वर्मा, डा. आकांक्षा, मंदाकिनी जायसवाल, लक्ष्मी मौजूद थे।

# संपूर्ण समाधान दिवस से गायब पांच अधिकारियों से किया जवाब तलब



# 212 में सिर्फ 26 शिकायतों का मौके पर निपटारा

## उतरौला में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़े फरियादी, सदर व तुलसीपुर तहसीलों में भी अधिकारियों ने की जन सुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। जिले की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान 212 फरियादियों ने न्याय की गुहार लगाई, जिसमें सिर्फ 26 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया जा सका। उतरौला में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों का हुजूम उमड़ा। सदर व तुलसीपुर तहसीलों में भी शिकायतों की सुनवाई हुई। वहीं, समय से मामलों का निस्तारण न होने के चलते फरियादियों को अफसरों की चौखट के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

उतरौला तहसील सभागार में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम श्रुति ने अफसरों को निर्देश दिया कि जमीन विवाद, अतिक्रमण, नाली व चकरोड आदि मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। सभी को समय पर न्याय मिलना चाहिए। इस दौरान कुल 114 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिसमें 11 का निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर एसडीएम संतोष कुमार ओझा, तहसीलदार रामाश्रय, सीएमओ डॉ. सुशील कुमार, डीडीओ गिरीश कुमार पाठक, एक्सईएन जल निगम मनोज कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी राना, डीपीआरओ नीलेश प्रताप सिंह, समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, डीआईओएस गोविंद राम, बीएसए डॉ. रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

तुलसीपुर तहसील सभागार में एडीएम राम अभिलाष ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस दौरान 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें छह का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, एसडीएम मंगलेश दूबे, तहसीलदार प्रवेश कुमार व सीओ कुंवर प्रभात सिंह आदि मौजूद रहे। सदर तहसील सभागार में एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। यहां 51 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें नौ का निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर सीओ सिटी वरुण मिश्र, सीओ राधारमण सिंह व तहसीलदार अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।



उतरौला तहसील में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनती डीएम व एसपी। -संवाद

# बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गये दो बच्चे

बलरामपुर। बाल भिक्षावृत्ति में संलिप्त दो बच्चों को रेस्क्यू करके मुक्त कराया गया है। थाना एएचटीयू में पूछताछ के बाद दोनों बच्चों को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया है। शनिवार को थाना एएचटीयू प्रभारी ममता सिंह यादव ने बताया कि तुलसीपुर क्षेत्र में बाल भिक्षावृत्ति करने वाले दो बच्चों को रेस्क्यू करके मुक्त कराया गया है। एक बच्चे की उम्र पांच व दूसरे की सात वर्ष है। अग्रिम कार्रवाई के लिए दोनों बच्चों को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया है। संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-06-2022

बहराइच में अग्निपथ के विरोध में आप ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा, प्रशासन सतर्क, पुलिस महकमे की कड़ी सुरक्षा

# अग्निवीरों की भर्ती के विरोध में सरगर्मी तेज

**प्रदर्शन**

बहराइच, संवाददाता। अग्निवीरों की भर्ती के विरोध में बहराइच में भी सियासी सरगर्मी तेज होती जा रही है। आम आदमी पार्टी जिला सह प्रभारी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार दोपहर में कार्यकर्ताओं ने नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से लाए गए अग्निपथ योजना के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिसके मद्देनजर पुलिस महकमे की कड़ी सुरक्षा रही।

आप कार्यकर्ताओं ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर मोदी सरकार के विरोध में नारेबाजी की। सह प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने कहा भारतीय सेना में चार साल के लिए सैनिकों की भर्ती के लिए लायी गयी अग्निपथ योजना से देश की जनता आक्रोश में हैं। मात्र चार वर्षों के लिए सैनिकों की भर्ती वास्तव में सैन्य भर्ती न होकर एक सिक्योरिटी गार्ड ट्रेनिंग सेंटर होकर रह जायेगी। क्योंकि चार साल तक सेना में रहने के बाद युवा या तो किसी प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करेगा। या फिर बेरोजगारी की मार से आत्महत्या करने को मजबूर होगा। सेना भर्ती की तैयारी के लिए बहुत से सैनिक चार साल तैयारी करने में लगा देते हैं। ऐसा लगता है, जैसे सरकार ने यह कदम जानबूझकर देश के युवाओं के भविष्य को प्राइवेट कम्पनियों के हाथों में देने के लिए उठाया है। सरकार जानबूझकर इन निजी कंपनियों को फायदा पहुंचा रही है। इस वजह से सभी देशभक्तों की भावनाओं को चोट पंहुची है। हमारी सेना भारत की शान है जो भारत के हर व्यक्ति के लिए गर्व है। चार वर्षों के बाद सैनिकों को सेवानिवृत्त करने से पेंशन पे आउट कम देना पड़ेगा। इस दौरान दीपक श्रीवास्तव, मोहम्मद सईद खान, इरफान अहमद, ओसामा खान, इस्लामुलहक, रिया लोचवानी, भोला सोनी, दानिश, आमिर सर, जकीउल्लाह खां, अल्ताफ आदि मौजूद रहे।



शहर के कलेक्ट्रेट पर शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते आप पदाधिकारी।

## अग्निपथ के विरोध की गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर

बहराइच, संवाददाता। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अग्नि पथ को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर प्रशासनिक अफसर गंभीर है। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बैठक के दौरान जरूरी रणनीति बनाई। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि छात्रों को समझा बुझाकर ही सावधानी व सूझ-बूझ के साथ समाधान करायें। छात्रों को सड़क पर एकत्रित न होने दें।

डीएम ने हिदायत दी है कि सोशल मीडिया पर गहराई से निगरानी रखी जाय। छात्रों के रूप में छिपे अराजक तत्वों को भी चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कि निर्देश दिए। डीएम व एसएसपी ने निर्देश दिए हैं कि भर्ती के लिये तैयारी कर रहे युवक जहां ट्रेनिंग के लिये एकत्रित होते हैं। वहां पर एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्ष और सम्बन्धित अधिकारी उनसे संवाद बनाकर प्रत्येक ग्राम पंचायत व नगर निकाय में समुचित प्रबन्ध करें।

**डीएम व एसएसपी सेना की तैयारी कर रहे छात्रों से मिले**

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे छात्रों के साथ भेंट कर अग्नि-पथ योजना के बारे में चर्चा कर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इससे तैयारी कर रहे युवक संतुष्ट हुए। डीएम व एसएसपी ने जिले के सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र भी मौजूद रहे।

# 40 लाख की ब्राउन शुगर बरामद

- मोतीपुर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त मुहिम में तीन गिरफ्तार
- नेपाल ले जा रहे थे ब्राउन शुगर, भेजे गए जेल

बहराइच, संवाददाता। मोतीपुर थाने की पुलिस व एसएसबी ने भारत-नेपाल सरहद पर तीन मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार किए हैं। उनके पास से ब्राउन शुगर बरामद की गई है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 40 लाख रुपये आंकी गई है।

मोतीपुर एसएचओ मुकेश कुमार सिंह को भनक लगी कि कुछ तस्कर सरहद पार मादक पदार्थ ले जाने की फिराक में हैं। उन्होंने तत्काल अफसरों को इसकी जानकारी दी। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ नानपारा डा.जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में एसएचओ ने उपनिरीक्षक विपिन कुमार सिंह, मुख्य सिपाही जान मोहम्मद सिपाही मुकेश कुमार मौर्य व सशस्त्र सीमा बल 59 वीं बटालियन के सहायक सेनानायक अशोक कुमार कुन्दू व उनकी टीम ने सरहद पर तलाशी शुरू की। सरहद स्थित बस्थनवा के पास तीन संदिग्ध लोगों को पकड़ा और तलाशी ली।


मोतीपुर थाने में ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार तस्कर।

तीनो तस्करों के पास 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। गिरफ्तार तस्करों की पहचान मोतीपुर थाने के बलई सोहनी अचकचा गांव निवासी चांद बाबू, राज बाबू, बस्थनवा निवासी इमरान के रूप में हुई। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि गहन पूछताछ के बाद आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# यातायात पुलिस ने सीज किए चार डग्गामार वाहन

**बहराइच।** संवाददाता जिले में डग्गामार वाहनों के विरुद्ध सख्ती से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यातायात पुलिस ने चार डग्गामार वाहनों को सीज कर दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर शनिवार सुबह से यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के मार्गदर्शन व सीओ यातायात विनय कुमार द्विवेदी के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आनेंद्र यादव, व उनकी टीम की ओर से शहर के विभिन्न चौराहों-तिराहों पर वाहन चेकिंग की गई। जिसमें तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट व वाहन का संचालन करते समय मोबाइल फोन या हेडफोन का इस्तेमाल करने वाले वाहनों का चालान किया गया। इस चेकिंग अभियान में शुक्रवार को चलाए गए अभियान में 38 वाहनों से 95 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान किया गया। चार अवैध डग्गामार बस, मैक्स, फोर्स क्रूजर को सीज किया गया।

# घर जलाने के दोषी को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई

- पीड़ित को जुर्माने की रकम से चार हजार रुपये देने का आदेश
- अपर सत्र न्यायाधीश विशेष ईसी एक्ट मनोज कुमार मिश्र की कार्रवाई

**जासं, बहराइच :** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विशेष ईसी एक्ट मनोज कुमार मिश्र द्वितीय ने घर जलाने के मामले में पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अपर शासकीय अधिवक्ता अपराध सुनील कुमार जायसवाल ने मामले की पैरवी की।

उन्होंने बताया नानपारा कोतवाली के चंदनपुर बढ़ैय्या निवासी वारिस अली ने बुलाकी व शकील के खिलाफ मुकदमा लिखाया था कि जमीनी विवाद को लेकर घर जला दिया गया है। घटना 30 अप्रैल 1996 की है। रात 11 बजे आरोपितों ने घर में आग लगा दी। शोर पर गांव के लोग आ गए, जिन्होंने आग बुझाई। तब तक पूरा मकान व सामान जल कर खाक हो गया।

पुलिस ने आरोपितों को पकड़ जेल भेज दिया और चार्जशीट अदालत में दाखिल की। शनिवार को सुनवाई के दौरान केवल अभियुक्त बुलाकी ही हाजिर हुआ। अदालत ने उसे दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

अभियुक्त शकील हाजिर नहीं था। इसलिए उसके दंड पर सुनवाई के लिए 22 जून 2022 की तारीख निर्धारित की है। वादी मुकदमा को जुर्माना की रकम से 4000 हजार रुपये देने के आदेश दिए है। अभियुक्त बुलाकी का सजायाबी वारंट तैयार कर जेल भेज दिया गया।

# चार लोगों पर हमले का मुकदमा दर्ज

- मामा को बचाने के दौरान भांजे पर हुआ था हमला
- हमलावरों ने सिर पर फावड़े व पैरों पर लोहे की राड से किया हमला

**जासं, बहराइच :** दरगाह इलाके में युवक पर हमला करने वाले चार लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हमलावरों ने युवक के सिर पर फावड़े से हमला कर दिया था। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ प्राणघातक हमला करने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

दरगाह निवासी 30 वर्षीय पेंटर के पड़ोस में उसके मामा रहते हैं। सात जून को दिन में 11 बजे कुछ दबंग मामा के घर पहुंचे और उनकी लात-घूसों से पिटाई करने लगे। चीख सुनकर मौके पर पहुंचकर मामा को बचाने लगा। इससे नाराज हमलावरों ने उसके सिर पर फावड़े व पैरों पर लोहे की राड से हमला कर लहूलुहान कर दिया।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामले में मामा अनिल की तहरीर पर राजन, छोटू, सुमित व प्रदीप कुमार निवासी निवासी दरगाह शरीफ के खिलाफ प्राणघातक हमला करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# समाधान दिवस में मौके पर ही कई समस्याओं का निष्तारण

## 659 लोग समस्या लेकर पहुंचे डीएम व एसपी ने चार गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और तीन बच्चों का अन्नप्रासन्न किया

**जासं, बहराइच :** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सदर में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, एसडीएम सुभाष सिंह धामी के साथ समस्याओं की सुनवाई की। 76 प्रार्थनापत्रों में छह का मौके पर निस्तारण किया।

यहां विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाए। आईसीडीएस के स्टाल के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने चार गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा तीन बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया। सीएमओ डा. एसके सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मौर्य, तहसीलदार राजकुमार बैठा, डीडीओ राजेश कुमार मिश्र, पीडीडीआरडीए पीएन यादव, अधीक्षण अभियंता मुकेश बाबू, एके वर्मा, सौरभ सुमन, ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी, शैलेंद्र मिश्र, पीओ डूडा संजय सिंह, डीएसओ अनंत प्रताप सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एके गौतम, प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, डीपीओ जीडी यादव आदि मौजूद रहे।



सदर में जनसमस्या सुनते डीएम डा. दिनेश चंद्र व एसपी केशव कुमार चौधरी • जागरण

**76** प्रार्थना पत्रों में छह का मौके पर किया निस्तारण
फरियादियों की हुई सुनवाई

**नाबालिग आया फरियादी, बालिग बन गया वापस : बहराइच :** तहसील सदर में ग्राम जानीजोत से आए तीरथराम ने बताया कि गांव के खाता संख्या 146 व 147 तथा बल्दीपुरवा के खाता संख्या 864 की खतौनी में उसे नाबालिग व माता संरक्षक दर्ज है, जबकि आधार कार्ड व मार्कशीट के अनुसार उसकी आयु लगभग 26 वर्ष है। डीएम ने फरियादी की शिकायत का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रकरण का निस्तारण कराया तथा फरियादी को खतौनी की नकल भी सौंप दी।

### तहसील वार आईं शिकायतों का निस्तारण

| तहसील | शिकायत | निस्तारित |
|---|---|---|
| सदर | 76 | 06 |
| कैसरगंज | 131 | 07 |
| महसी | 69 | 08 |
| नानपारा | 139 | 10 |
| मिहींपुरवा | 57 | 04 |
| पयागपुर | 187 | 07 |

# 310 शिकायतों में सिर्फ 19 का निस्तारण

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** शनिवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 310 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर सिर्फ 19 का निस्तारण किया जा सका। एडीएम कमलेश चंद्र ने भिनगा तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालय में समय से बैठें। जन समस्याओं को सुनें। फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिकायतों का निस्तारण धरातल पर दिखना चाहिए।

एडीएम ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारित कराएं। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से मामले को निस्तारित कराएं। इसमें लापरवाही न बरती जाएं। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न होने दें। किसी भी क्षेत्र में अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनें व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। इकौना में एसडीएम आरपी चौधरी व जमुनहा में एसडीएम सौरभ शुक्ल ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।



भिनगा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते एडीएम कमलेश चंद्र (दाएं से दूसरे) • जागरण

- जिले के तीनों तहसीलों मे आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस
- एडीएम बोले- धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारण

### प्राप्त शिकायत व निस्तारण का विवरण

| तहसील | प्राप्त शिकायत | निस्तारित |
|---|---|---|
| भिनगा | 62 | 04 |
| जमुनहा | 72 | 06 |
| इकौना | 176 | 09 |
| कुल | 310 | 19 |

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-06-2022

# 310 शिकायतें मिलीं, 19 निस्तारित

## समाधान दिवस



भिनगा में तहसील दिवस में शिकायत सुनते अधिकारी

**श्रावस्ती, संवाददाता।** शनिवार को सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में 310 शिकायतें आयी। जिनमें 19 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य आयोजन इकौना में उपजिलाधिकारी आरपी चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कुल 176 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से नौ शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समय सीमा के तहत निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया। इसी तरह से तहसील भिनगा में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने की। उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। जिसमें कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुई और चार शिकायतों का निस्तारण किया गया।

# कई समस्याओं का निष्तारण

## महिलाओं की गोदभराई और तीन बच्चों का अन्नप्रासन्न किया

# 310 शिकायतों में सिर्फ 19 का निस्तारण

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** शनिवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 310 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर सिर्फ 19 का निस्तारण किया जा सका। एडीएम कमलेश चंद्र ने भिनगा तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालय में समय से बैठें। जन समस्याओं को सुनें। फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिकायतों का निस्तारण धरातल पर दिखना चाहिए।

एडीएम ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारित कराएं। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से मामले को निस्तारित कराएं। इसमें लापरवाही न बरती जाएं। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न होने दें। किसी भी क्षेत्र में अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनें व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। इकौना में एसडीएम आरपी चौधरी व जमुनहा में एसडीएम सौरभ शुक्ल ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।



भिनगा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते एडीएम कमलेश चंद्र ( दाएं से दूसरे ) ● जागरण

- **जिले के तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**
- **एडीएम बोले- धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारण**

### प्राप्त शिकायत व निस्तारण का विवरण

| तहसील | प्राप्त शिकायत | निस्तारित |
|---|---|---|
| भिनगा | 62 | 04 |
| जमुनहा | 72 | 06 |
| इकौना | 176 | 09 |
| कुल | 310 | 19 |

# हंसी-खुशी साथ रहने को राजी हुए दंपति

**संवादसूत्र, श्रावस्ती :** पुलिस लाइन स्थित कार्यालय सभागार में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। अध्यक्षता एएसपी केसी गोस्वामी ने की। इस दौरान पारिवारिक विवाद से संबंधित चार मामलों की सुनवाई हुई। समझाने-बुझाने के बाद एक दंपति हंसी-खुशी से साथ रहने को राजी हुए।

विभिन्न थानों में सप्ताह भर आने वाली शिकायतों में से पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों को चिह्नित कर निस्तारण के लिए परिवार परामर्श केंद्र को भेजा जाता है। एएसपी ने बताया कि बैठक में मामूली विवाद के चलते परिवार में मनमुटाव होने से संबंधित मामले पाए गए। समिति के सदस्यों ने दोनों पक्षों से बातचीत कर समस्या को समझा। पीड़ित पक्ष को न्याय का भरोसा दिलाते हुए दूसरे पक्ष को मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद सजा के प्राविधान के बारे में जानकारी दी गई। समझाने-बुझाने के बाद भिनगा कोतवाली क्षेत्र के जानकीनगर निवासी सालमा पति मुहम्मद कलीम के साथ रहने को राजी हुईं। महिला थाना प्रभारी मंजू पांडेय, उपनिरीक्षक अर्चना सिंह, आरक्षी नीलू, रिचा शुक्ला मौजूद रहीं।



पुलिस लाइन स्थित कार्यालय में मौजूद हंसी-खुशी साथ रहने को राजी हुए दंपति ● जागरण

# शांतिभंग के आरोप में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# 77 वाहनों का हुआ ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शनिवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 77 वाहनों की जांच कर पांच वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 1,06,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूला। (संवाद)

# महिलाओं व युवतियों को किया जागरूक

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा दल द्वारा सोनवा थाना क्षेत्र के गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला आरक्षी अर्जिता यादव ने महिलाओं व युवतियों को विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी। वहीं महिला आरक्षी सोनी देवी ने महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नारी सुरक्षा दल में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं व महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान व सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दिया। (संवाद)

# संपूर्ण समाधान दिवस में निपटे 19 मामले



**श्रावस्ती।** जिले की तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां कुल 19 मामले निस्तारित किए गये। इस दौरान तीनों तहसीलों में कुल 309 मामले आए।

इकौना तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी आरपी चौधरी ने की। इस दौरान यहां 176 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर नौ शिकायतों को निस्तारित किया गया। वहीं भिनगा तहसील में अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र व उपजिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुईं। मौके पर ही चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं जमुनहा तहसील में उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान यहां कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से मौके पर छह शिकायतों का निस्तारण किया गया। (संवाद)